वर्ष : 16 अंक : 280 लखनऊ बुधवार, 16 अक्टूबर 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

www.vishwavarta.com

# विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम
सूर्योदय : 6:06
सूर्यास्त : 5:37
अधिकतम : 33:00°
न्यूनतम : 22:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **



परमसुंदरी में नजर आएगी सिद्धार्थ मल्होत्रा-जान्हवी कपूर की जोड़ी ! 10

मिशन शक्ति का असर, बेटिंया बनी एक दिन डीएम.. 2 | करोड़ों टन खाने की बर्बादी बनाम... 6 | भारत-कनाडा के बीच राजनयिक... 12

## एक नजर

### फ्रीबीज पर नोटिस

**नयी दिल्ली।** राजनीतिक दलों के द्वारा चुनाव से पहले मुफ्त की योजनाओं के वादों पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। CJI डीवाई चंद्रचुड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। कर्नाटक के शशांक जे श्रीधर ने याचिका में चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा किए गए मुफ्त योजनाओं के वादे को रिश्वत घोषित करने की मांग की है।

### नागरिकों की सुरक्षा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने युवा पुलिस अधिकारियों से नागरिकों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा है कि नागरिकों की सुरक्षा ही राष्ट्र की सुरक्षा का मूल बिंदु है।

### सीतारमण की यात्रा

**नयी दिल्ली।** वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 16 अक्टूबर से मैक्सिको और अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। श्रीमती सीतारमण 17 से 20 अक्टूबर 2024 तक मैक्सिको की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान अधिकारियों के एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी जो दोनों देशों के बीच बढ़ते द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों पर चर्चा करेगी।

### फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में कथित रूप से शामिल दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

### थाने में छापेमारी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के एक थाने में उस वक्त हड़कंप मच गया जब केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने छापा मारा। सीबीआई ने दो पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया है। 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में यहां के बुराड़ी पुलिस थाना में तैनात निरीक्षक और उपनिरीक्षक को गिरफ्तार किया।



मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद एयर इंडिया का विमान की जांच करते अधिकारी।

# सात विमानों में बम की खबर से मचा हड़कंप

## सभी धमकियां एक ही शख्स ने एक्स पर भेजीं, एयर इंडिया विमान की कनाडा में आपात लैंडिंग

» स्पाइसजेट, इंडिगो और अकासा के विमानों को भी मिली धमकी

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली से शिकागो जा रहे एयर इंडिया के एक विमान को मंगलवार को बम की धमकी के बाद कनाडा के एक हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग कराई गई। इसके साथ ही घंटे भर के अंदर देश के कुल सात विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिससे हड़कंप मच गया है। बम की धमकी मिलने के बाद विमानों को नजदीकी एयरपोर्ट पर उतारा गया और उसकी गहन जांच की गई। एयर इंडिया के अलावा स्पाइसजेट, इंडिगो, अलायंस एयर और अकासा के विमानों को भी ऐसी ही धमकी मिली हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने विमानों की धमकी देने वालों का पता लगाने के लिए कोशिशें तेज कर दी हैं।

### जिन विमानों को मिली धमकी

जयपुर से अयोध्या होते हुए बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट आईएक्स 765, दरभंगा से मुंबई जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट एसजी 116, सिलीगुड़ी से बेंगलुरु जा रही आकासा की फ्लाइट ओपी 1373, नई दिल्ली से शिकागो जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 127 और दम्मम (सऊदी अरब) से लखनऊ आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6इ 98, मदुरई से सिंगापुर जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट आईएक्स 684 और अमृतसर से नई दिल्ली जाने वाली अलायंस एयर की फ्लाइट 9आई 650।

दिनभर में पांच विमानों को धमकी मिलने की वजह से सिक्योरिटी एजेंसियों ने कई एयरपोर्ट्स पर काउंटर टेररिस्ट ड्रिल की। जांच में पता चला है कि सभी धमकियां एक ही शख्स की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भेजी गई थीं। जिससे कई सौ यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बाद में ये धमकियां झूठी निकलीं। एयरलाइन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को दिल्ली से शिकागो के लिए उड़ान संख्या एआई- 127 ऑनलाइन पोस्ट की गई सुरक्षा धमकी के बाद एहतियात के तौर पर कनाडा के इकालुइट हवाई अड्डे पर उतारी गई। निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान और यात्रियों की फिर से जांच की गई। एयर इंडिया ने यात्रियों की यात्रा फिर से शुरू होने तक उनकी सहायता के लिए हवाई अड्डे पर एजेंसियों को सक्रिय कर दिया गया था।

फ्लाइट रडार 24 के अनुसार, एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई-127 ने नई दिल्ली से शिकागो के लिए सुबह 3 बजे उड़ान भरी थी और इसे अमेरिकी समयानुसार सुबह 7 बजे शिकागो में उतरना था, लेकिन उससे पहले ही ईमेल के जरिए इस विमान में बम होने की सूना मिली, इसके बाद इसे कनाडा में लैंड कराया गया है। यह विमान बोइंग 777 है। इस बीच, एयर इंडिया ने कहा है कि एयरलाइंस के साथ-साथ अन्य स्थानीय एयरलाइंस को भी हाल के दिनों में कई धमकियों का सामना करना पड़ा है। एक दिन पहले सोमवार को मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट को बम की धमकी के बाद दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया था। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, विमान की गहन जांच की गई थी। विमान के अंदर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी।

# महाराष्ट्र व झारखंड में बजा विधानसभा चुनाव का बिगुल

## महाराष्ट्र 20, झारखंड में 13 और 20 नवंबर को पड़ेंगे वोट

» प्रदेश की 9 विस सीटों समेत अन्य 13 राज्यों की 48 विस और 2 लोस सीटों पर भी उपचुनाव की तारीखों का ऐलान

एजेंसी/विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। महाराष्ट्र में एक फेज में 20 नवंबर को मतदान होंगे जबकि झारखंड में दो फेज में 13 और 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। दोनों ही राज्यों के चुनाव नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को और झारखंड का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म हो रहा है।

चुनाव आयोग ने मंगलवार को एक पत्रकार वार्ता में 14 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर भी उपचुनाव की तारीखों का ऐलान किया। लोकसभा सीटों में केरल की वायनाड में 13 नवंबर और महाराष्ट्र के नांदेड़ में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। वहीं 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा। सभी के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

### ईवीएम पर फैक्ट के साथ दिया जवाब



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि लोग पूछते हैं कि किसी देश में पेजर से ब्लॉस्ट कर देते हैं, तो ईवीएम क्यों नहीं हैक हो सकती। उन्होंने कहा, पेजर कनेक्टेड होता है भाई, ईवीएम नहीं। छह महीने पहले ईवीएम की चेकिंग शुरू होती है। पोलिंग पर ले जाना, वोटिंग के बाद वापस लाना। हर एक स्टेज पर पॉलिटिकल पार्टी के एजेंट या कैंडिडेट मौजूद होते हैं। जिस दिन कमीशनिंग होती है, उस दिन बैट्री डाली जाती है। मतदान से 5-6 दिन पहले कमिशनिंग होती है। इस दिन सिंबल डाले जाते हैं और बैट्री डाली जाती है। बैट्री पर भी एजेंट के दस्तखत डाले जाते हैं। ईवीएम स्ट्रॉग रूम में जाती हैं, यहां भी तीन स्टार की जांच होती है। जिस दिन पोलिंग के लिए निकलेंगी, तब भी यही प्रोसेस होगी। वीडियोग्राफी होगी। नंबर भी शेयर होंगे,तब ये मशीन यहां बूथ पर जाएगी। फिर चेकिंग होगी, वोट डालकर देखे जाएंगे। पूरे दिन वोटिंग हुई। फिर मशीन को लॉक किया जाता है। फिर दस्तखत और हिसाब-किताब होता है। 20 शिकायतें आई हैं। हम हर सवाल का फैक्चुअल जवाब देंगे। जल्दी देंगे। अगला भी कुछ आएगा, रुकेगा नहीं।

### राज्य की 9 विस सीटों पर उपचुनाव 13 को

राज्य में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल कहे जा रहे उपचुनावों का सेट तैयार हो गया है। अयोध्या के मिल्कीपुर को छोड़ अन्य 9 सीटों पर एक साथ 13 नवंबर को वोट पड़ेंगे और 23 नवंबर को नतीजे घोषित हो जाएंगे। जिन सीटों पर चुनाव होंगे, उनमें मैनपुरी की करहल, अलीगढ़ की खैर, बिजनौर की मीरापुर, प्रयागराज की फूलपुर, गाजियाबाद की गाजियाबाद, मिर्जापुर की मझवां, अम्बेडकरनगर की कटेहरी, संभल की कुंदरकी और कानपुर की सीसामऊ सीट हैं। कार्यक्रम के अनुसार 18 अक्टूबर को अधिसूचना के साथ ही नामांकन शुरू हो जाएंगे। 25 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

### कांग्रेस ने प्रियंका को वायनाड से उतारा



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए मैदान में उतारा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने श्रीमती वाड्रा को वायनाड सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने को मंजूरी दी है।

गौरतलब है कि श्रीमती वाड्रा की वायनाड से चुनाव लड़ने की चर्चा लोकसभा में विपक्ष की नेता राहुल गांधी ने इस सीट से इस्तीफा देने के बाद से ही चल रही थी। श्री गांधी रायबरेली और वायनाड से चुनाव लड़े थे और दोनों जगह से चुनाव जीतने की बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश में अपने परिवार के परंपरागत लोकसभा क्षेत्र रायबरेली का प्रतिनिधित्व करने का निर्णय लिया। इस सीट से सोनिया गांधी चुनाव लड़ती रही हैं लेकिन 2024 के आम चुनाव में उन्होंने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया जिसके बाद श्री गांधी इस सीट से चुनाव लड़े और लोकसभा में पहुंचे।

# लखनऊ में दो हजार डॉक्टर फिर हड़ताल पर, स्वास्थ्य सेवा चरमराई

विश्ववार्ता ब्यूरो



» कोलकाता की घटना का कर रहे हैं विरोध

**लखनऊ।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप-हत्या मामले को लेकर रेजिडेंट डॉक्टर फिर हड़ताल पर चले गए हैं। मंगलवार को लखनऊ के एसजीपीजीआई में रेजिडेंट डॉक्टरों ने काम बंद कर धरना प्रदर्शन किया। इससे ओपीडी सुविधाएं पूरी तरह से ठप हो गईं। नए पर्चे तक नहीं बने। इलाज के लिए मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इसके अलावा कई और अस्पतालों में भी हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। एसजीपीजीआई के रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के प्रभारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि मंगलवार से सभी रेजिडेंट डॉक्टर इलेक्टिव सर्विस का बायकॉट कर रहे हैं। जो भी इमरजेंसी या एसेंशियल सर्विस होंगी, उनका काम जारी रहेगा। ओपीडी में रेजिडेंट डॉक्टर मरीज को नहीं देखेंगे।

भूख हड़ताल पर रहेंगे रेजिडेंट डॉक्टर

फेडरेशन ऑफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव और केजीएमयू के रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दिव्यांश सिंह ने कहा कि कोलकाता की घटना के बाद से 2 महीने से देशभर के डॉक्टर सहित हम लोग भी प्रोटेस्ट कर रहे थे।

इस बीच चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने जब काम पर लौटने को कहा, तो हम सभी ने हड़ताल खत्म कर दिया। पर हालात अब भी बदले नहीं हैं। यही कारण है कि हम भूख हड़ताल पर जा रहे हैं और ये तब तक जारी रहेगा जब तक हमें न्याय नहीं मिलता।

रेजिडेंट डॉक्टर के विरोध प्रदर्शन के बीच एसजीपीजीआई में दिखाने आए मरीजों के नए पर्चे नहीं बने। इससे मरीज व तीमारदारों को परेशानी उठानी पड़ी। लोग यहां से वहां भटकते नजर आए। अमूमन यही हाल शहर के दूसरे प्रमुख सरकारी अस्पतालों का भी रहा। करीब 2 हजार से ज्यादा रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर चले गए हैं।

### उमर अब्दुल्ला आज बनेंगे मुख्यमंत्री

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला 16 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे दूसरी बार जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। धारा-370 हटने और पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म होने के बाद वह जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के पहले सीएम होंगे। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को सरकार बनाने का दावा पेश किया था। फिर एलजी मनोज सिन्हा ने उन्हें सरकार बनाने का न्यौता दिया। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सीएम समेत 10 मंत्री बनाए जा सकते हैं। 6 विधानसभा सीट जीतने वाली कांग्रेस को अब्दुल्ला सरकार में मंत्री का एक पद मिल सकता है।

वर्ष 1998 में अपनी राजनीति शुरू करने वाले अब्दुल्ला को सीपीएम, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस के अलावा 5 निर्दलियों का समर्थन भी हासिल है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 46 है।

## मिल्कीपुर में क्यों नहीं हो रहा चुनाव !

आयोग ने अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर चुनाव का ऐलान नहीं किया है। चुनाव आयोग ने बताया कि मिल्कीपुर में भी चुनाव प्रस्तावित है, लेकिन तारीखों का ऐलान इलेक्शन पिटिशन के कारण नहीं हो रहा है। जिन सीटों पर उप चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है, उनको लेकर इलेक्शन पिटिशन यानी मामला कोर्ट में पहुंचा हुआ है। अयोध्या की मिल्कीपुर में भी इलेक्शन पेटिशन पेंडिंग है, इसलिए चुनाव वाली सीटों में उसका नाम नहीं है। भाजपा के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ने 2022 में चुनाव जीते सपा विधायक अवधेश प्रसाद के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दायर कर रखी है, जो अभी लंबित है। फॉर्म भरते वक्त शपथ से जुड़ा यह मामला है। कहा जा रहा है कि अवधेश प्रसाद ने नामांकन के समय जो हलफनामा दाखिल किया था, उसकी डेट एक्सपायर थी। नियम यह है, नोटरी की डेट एक्सपायर है, तो नामांकन कैंसिल कर दिया जाता है। कई प्रत्याशियों के पर्चे पहले भी रद्द हो चुके हैं। बाबा गोरखनाथ ने कहा कि एमएलसी अनूप गुप्ता केस का आधार बनाते हुए यह याचिका दाखिल की थी। पहले भी ऐसे गलत डॉक्यूमेंट दाखिल हुए और पर्चा रद्द हुआ। लखनऊ हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही है। अगर मिल्कीपुर के 2022 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को एक लाख तीन हजार वोट मिले थे। भाजपा के बाबा गोरखनाथ को 90 हजार 567 वोट मिले थे। इससे पहले 2017 के चुनाव में बाबा गोरखनाथ मिल्कीपुर से विधायक बने थे। इस बीच बाबा गोरखनाथ ने कहा है कि हम याचिका वापस ले रहे हैं। अयोध्या में लोकसभा चुनाव हारने के बाद से सभी की नजरें मिल्कीपुर सीट पर ही लगी थीं। राम मंदिर निर्माण के बाद हुए पहले ही चुनाव में भाजपा की यहां हार चर्चा का विषय बनी हुई है। सपा ने भी इसका भरपूर फायदा उठाया है। यहां से चुने गए सांसद अवधेश प्रसाद को लोकसभा में सबसे आगे की सीट पर जगह दी है। मिल्कीपुर में भी अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत को उतारकर अपने मंसूबे भी साफ कर दिए थे। वैसे मिल्कीपुर सीट समाजवादी पार्टी का गढ़ ही मानी जाती है। राम मंदिर आंदोलन के बाद से भाजपा यहां केवल दो बार ही जीत हासिल कर सकी है, जबकि छह बार सपा और दो बार बसपा से विधायक रहे हैं।

# विदेश मंत्री एस जयशंकर इस्लामाबाद पहुंचे नवाज बोले- मोदी आते तो अच्छा होता

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** विदेश मंत्री एस जयशंकर एससीओ की बैठक के लिए पाकिस्तान पहुंच गए हैं। यहां छोटी बच्चियों ने फूल देकर उनका स्वागत किया। वे 9 साल में पाकिस्तान जाने वाले पहले भारतीय नेता हैं। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक साक्षात्कार में कहा था कि बैठक में शामिल होने अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आते तो ज्यादा अच्छा होता, मुझे उम्मीद है कि मैं उनसे जल्द मुलाकात करूंगा।

दरअसल, पाकिस्तान ने अगस्त में प्रधानमंत्री मोदी को एससीओ का न्योता भेजा था, लेकिन दोनों देशों के बीच खराब रिश्तों के चलते विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस बैठक में शामिल हुए हैं। जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि पाकिस्तान जाने का इकलौता मकसद



एससीओ है, वे दोनों देशों के रिश्तों पर चर्चा नहीं करेंगे। भारत के अलावा रूस और चीन समेत 10 देशों के प्रतिनिधि भी एससीओ की बैठक में शामिल होंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए इस्लामाबाद में लॉकडाउन लगा दिया गया है। साथ ही पूरे शहर में तीन दिन के लिए छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। विदेश मंत्री जयशंकर 8 साल 10 महीने बाद पाकिस्तान जाने वाले भारत के पहले नेता हैं।इसलिए भी ये दौरा खास है। उनसे पहले 25 दिसंबर 2015 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान के दौरे पर गए थे। तब मोदी एक सरप्राइज विजिट पर लाहौर पहुंचे थे। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से मुलाकात की थी। उनके इस दौरे के बाद से भारत के किसी भी प्रधानमंत्री या मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा नहीं की है।

मोदी के दौरे के एक साल बाद ही 2016 में 4 आतंकी उरी में भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर में घुस गए थे। इस हमले में भारतीय सेना के 19 जवान शहीद हो गए थे। तब से दोनों देशों के रिश्तों में तनाव बढ़ गया था। 2019 में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद दोनों देशों के बीच रिश्ते और खराब हो गए।

# खुलासा : चांद पर अपना बेस बना रहा चीन

## चीन ने अंतरिक्ष मिशन को लेकर अपनी 2050 तक की पूरी योजना सामने रखी

एजेंसी

**बीजिंग।** भारत ने 2023 में चंद्रयान-3 को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतारकर इतिहास रचा था। चांद पर अपना यान लैंड कराकर भारत ने अमेरिका, चीन और रूस की बराबरी की। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो भविष्य में चांद समेत कई अंतरिक्ष मिशनों पर काम कर रहा है। इस बीच हमारे पड़ोसी राष्ट्र चीन ने मंगलवार को घोषणा की कि वह चांद पर अपना बेस बनाने जा रहा है। अगले कुछ दशकों में यह काम भी पूरा कर लिया जाएगा।

चीन ने अंतरिक्ष मिशन को लेकर अपनी 2050 तक की पूरी योजना सामने रखी है। चीन ने कहा कि वह अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए मानवयुक्त चंद्र मिशन शुरू करने, चंद्र अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करने



और रहने योग्य ग्रहों तथा पृथ्वी के अतिरिक्त अन्य जगहों पर जीवन का पता लगाएगा। अंतरिक्ष जगत में अमेरिका और चीन एक-दूसरे को हमेशा टक्कर देते रहे हैं। नासा और सीएनएसए के बीच अंतरिक्ष मिशनों में आगे रहने की होड़ बनी रहती है। नासा को टक्कर देने के लिए चीन की अंतरिक्ष एजेंसी सीएनएसए ने 2050 तक अंतरिक्ष में अपनी योजना तैयार कर ली है। साथ ही वह अगले कुछ सालों में चांद पर अपना बेस भी बना लेगा। चीन के शीर्ष अंतरिक्ष निकायों ने अंतरिक्ष विज्ञान के लिए दीर्घकालिक विकास कार्यक्रम का अनावरण किया, जो 2024 से 2050 तक देश के अंतरिक्ष विज्ञान मिशन और अंतरिक्ष अनुसंधान की योजना का मार्गदर्शन करेगा। चाइना एकेडमी ऑफ साइंसेज , चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन और चाइना मैंड स्पेस एजेंसी द्वारा यहां मीडिया को जारी कार्यक्रम में चीन के अंतरिक्ष विज्ञान लक्ष्यों को रेखांकित किया गया। इसमें पांच प्रमुख वैज्ञानिक विषयों के तहत 17 प्राथमिकता वाले क्षेत्र और तीन चरण वाला प्रारूप शामिल हैं।

सीएएस के उपाध्यक्ष डिंग चिबियाओ ने मीडिया को बताया कि चीन द्वारा शुरू किए गए अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन का निर्माण 2028 से 2035 तक दूसरे चरण के दौरान किया जाएगा।

### अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका और भारत के बीच मंगलवार को 32 हजार करोड़ की डिफेंस डील फाइनल हो गई है। इसके तहत भारत 31 प्रीडेटर ड्रोन अमेरिका से खरीदेगा। ये अमेरिकी एम क्यू -9 रीपर ड्रोन का ही एक वैरिएंट है।

ये ड्रोन तीनों सेनाओं को दिए जाएंगे। इसके मेंटेनेंस और रिपेयरिंग के लिए देश में ही फैसिलिटी बनाई जाएगी। डिफेंस अफसर ने न्यूज एजेंसी से कहा कि दोनों देशों के सीनियर अफसरों ने मंगलवार को डील पर दस्तखत किए गए। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में यह डील फाइनल हुई थी। भारत ने अमेरिका के साथ अमेरिकी चुनाव के एक हफ्ते पहले यह समझौता किया है। 15 ड्रोन नेवी और बाकी आर्मी-एयरफोर्स में बंटेंगे। अमेरिका की जनरल एटॉमिक्स भारत को ये ड्रोन देगी।

# बहराइच में पुलिस की सख्ती से बेदम हुए उपद्रवी

## सामान्य हो रहे हालात, 52 उपद्रवियों को भेजा गया जेल, हो रही छापेमारी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**बहराइच/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती और पल-पल की मॉनीटरिंग से कुछ ही घंटों में बहराइच की घटना को कंट्रोल कर लिया गया। मौके पर पहुंचकर आला अफसरों ने बहराइच में सुनियोजित तरीके से माहौल बिगाड़ने की साजिश को नाकाम कर दिया। पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा जिला प्रशासन के साथ उपद्रवियों की तलाश के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना से प्रभावित इलाकों को नौ जोन में बांटा गया और बैरियर लगाकर आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा यूपी पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। सख्ती का असर है कि उपद्रवी बेदम हो गए हैं।

### पीड़ित परिवार से मिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



मुख्यमंत्री योगी ने बहराइच उपद्रव में मारे गए रामगोपाल मिश्र के परिजनों से मंगलवार को लखनऊ में भेंट की। उन्होंने पीड़ितों को आश्वस्त किया कि दु:ख की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। सीएम ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने बहराइच में हत्या के बाद उपद्रव की जानकारी मिलते ही स्थिति को कंट्रोल करने के लिए उच्च अधिकारियों को ग्राउंड जीरो पर भेजा था। उसके बाद एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश, गृह सचिव संजीव गुप्ता, एडीजी जोन गोरखपुर, आईजी रेंज, डीआईजी, मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण सुशील ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को कंट्रोल किया।

एडीजी लॉ एंड आर्डर अभिताभ यश ने बताया कि घटना में लिप्त उपद्रवियों की धर पकड़ की जा रही है। उपद्रवियों की हिस्ट्री खंगालने के लिए एक्स्ट्रा इंटेलिजेंस टीम लगायी गयी है। वहीं उपद्रवियों के पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को खंगालने के साथ उनके मुकदमों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पूरे शहर के साथ प्रभावित इलाकों में लगातार फोर्स का मूमेंट हो रहा है। इसके अलावा कुछ संदिग्धों पर विशेष टीम द्वारा नजर रखी जा रही है। बहराइच एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि अब तक 52 उपद्रवियों को जेल भेजा जा चुका है। इसमें सोमवार और मंगलवार को 26-26 उपद्रवियों को जेल भेजा गया है।

# मिशन शक्ति का असर, बेटियां बनीं एक दिन की डीएम-एसपी

## मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उठाया गया कदम

» लखीमपुर खीरी, जौनपुर, सीतापुर, श्रावस्ती, ललितपुर, झांसी, मीरजापुर, कासगंज, गाजीपुर में कुर्सी संभालकर बेटियों ने निस्तारित की समस्याएं







**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेटियों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसी के तहत सीएम योगी के निर्देश पर शारदीय नवरात्र में मिशन शक्ति के तहत प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसी कड़ी में शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक दिन का डीएम, सीडीओ, एसडीएम और एसपी बनाया गया। इस दौरान बेटियों ने शिकायतों को सुन त्वरित निस्तारण भी किया। सीएम योगी का आभार जताते हुए बेटियों ने कहा कि इस पहल से आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कड़ी मेहनत कर भविष्य में प्रशासनिक सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात भी कही।

लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ओ के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार की आठवीं की छात्रा अग्रिमा धवन ने डीएम की कुर्सी संभाली। एक दिन की डीएम अग्रिमा ने जनसुनवाई के दौरान सब्जियों के दाम कंट्रोल करने के निर्देश दिये। इसके अलावा जिले की सभी सातों तहसील क्रमशः लखीमपुर में भाव्या सिंह, गोला में स्मृति सिंह, पलिया में निधि गुप्ता, धौरहरा में अनन्या रस्तोगी, निघासन में अनुष्का पटेल, मोहम्मदी में नन्दिनी गुप्ता, मितौली में खुशबू राठौर ने सांकेतिक रूप से एसडीएम की भूमिका अदा की। जौनपुर के डीएम दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि इंटर में जिले की टॉपर सजल गुप्ता ने डीएम की कुर्सी संभाली। उन्होंने 87 मामलों की सुनवाई कर 14 मामलों का निस्तारण किया। मीरजापुर की डीएम प्रियंका निरंजन ने बताया कि मेधावी छात्रा शिवांशी द्विवेदी को डीएम और लक्ष्मी रतन मौर्य को सीडीओ बनाया गया। बेटियों ने महिला संबंधी मामलों के निस्तारण में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये। गाजीपुर डीएम आर्यका अखौरी ने बताया कि हाईस्कूल की मेधावी छात्रा प्रियंका कुशवाहा को एक दिन का डीएम बनाया गया। उन्होंने जनता दर्शन में समस्याएं सुनकर कार्रवाई के निर्देश दिये। शामली डीएम अरविंद चौहान ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जिले की इंटर की टॉपर आकांक्षा को डीएम बनाया गया।

उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। सीतापुर डीएम अभिषेक आनंद ने बताया कि बेटी अर्पिता सिंह को एक दिन का डीएम, प्रतीक्षा सिंह को एसपी, संध्या मिश्रा को सीडीओ बनाया गया। बेटियों ने जनसुनवाई कर समस्या का निस्तारण किया। महराजगंज के डीएम अनुनय झा ने बताया कि अष्टमी पर हाईस्कूल की जिले की टॉपर निधि यादव को एक दिन का डीएम बनाया गया। उन्होंने 8 शिकायतें सुनीं और एक का तुरंत निस्तारण किया। जिलाधिकारी न्यायालय का दौरा कर निधि ने मुआवजे से संबंधित मामलों को देखा। एनएच हाईवे के मुआवजे को तेजी से वितरित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा बृजमनगंज ब्लॉक का भी निरीक्षण किया। महराजगंज एसपी सोमेंद्र मीना ने बताया कि गोल्डी को एक दिन का एसपी बनाया गया। एसपी गोल्डी ने 5 शिकायतें सुनकर दो का तुरंत निस्तारण किया। उन्होंने अधिकारियों को महिला संबंधी मामलों में लापरवाही न करने के निर्देश दिये। इसके अलावा वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया।

श्रावस्ती डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि कक्षा-12 की रश्मि कसौधन को एक दिन का डीएम, प्राची तिवारी को एडीएम और रीना को एसडीएम बनाया गया। डीएम रश्मि ने डाक फाइलों पर हस्ताक्षर किये और जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना। एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि कक्षा-11 की मेधावी छात्रा सरिता कुमारी को एक दिन का एसपी बनाया गया। इसी विद्यालय की लक्ष्मी को एएसपी बनाया गया। एसपी सरिता ने भवानीनगर थाना को एक मामले में इंस्पेक्टर को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इस पर एफआईआर दर्ज की गयी। ललितपुर डीएम अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि कक्षा-9 की बेटी शिवानी राजपूत को डीएम बनाया गया। तहसील की बेटियों को एसडीएम बनाकर जनसमस्याओं का निस्तारण कराया गया। बेटियों ने 114 जनसमस्याएं सुनीं और 27 का मौके पर निस्तारण किया।

झांसी डीएम अविनाश कुमार ने बताया कि छात्रा अदिति साहू को डीएम बनाया गया। वहीं रामपुर डीएम जोगिंदर सिंह ने बताया कि कक्षा 10 की मेधावी कामिनी गंगवार को एक दिन का डीएम बनाया गया। उन्होंने जनसुनवाई की। ब्लॉक का निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति जानी और अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। कासगंज डीएम मेधा रूपम ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत टॉपर भूमिका को एक दिन की डीएम बनाया गया। डीएम भूमिका ने संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील कासगंज में लोगों की समस्याएं सुनकर निस्तारण किया।

### खीरी में 1100 बेटियों का हुआ कन्या पूजन, गोंडा में एक हजार पिंक ई रिक्शा की कमान महिलाओं को सौंपी

लखीमपुर खीरी में कन्या पूजन शक्ति वंदन समारोह हुआ। इसमें परिषदीय विद्यालयों की 1100 बेटियों का कन्या पूजन किया गया। उन्हें उपहार से भरा बैग (टिफिन, बोतल, स्टील की प्लेट, दीवार घड़ी एवं एनीमिया चार्ट) भेंट किया गया। 6 माह की 11 बालिकाओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इन बेटियों को गर्म कपड़े और हाइजीन किट भी प्रदान की गई। डीएम शक्ति नागपाल ने कहा कि कन्याओं को मदद की नहीं बल्कि मौके की जरूरत है। इसी तरह गोंडा में "शक्ति सारथी" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत 1000 पिंक कलर के ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इनका उपयोग 90% से अधिक महिलाओं द्वारा किया जाएगा। डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में 108 कन्याओं का पूजन और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 9 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# तपोस्थली चित्रकूट में होंगे वृहद कार्यक्रम

## धूमधाम से महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाएगी योगी सरकार

» यूपी के सभी जनपदों, श्रीराम व हनुमान मंदिरों में होंगे आयोजन

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार 17 अक्टूबर को धूमधाम से वाल्मीकि जयंती मनाएगी। इस दौरान अनेक भव्य कार्यक्रम होंगे। इस दिन मंदिरों में श्रीराम चरित मानस पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, कीर्तन आदि कराए जाएंगे।



महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योगी सरकार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय कलाकारों को आध्यात्मिक मंच देगी।

योगी सरकार के निर्देशानुसार 17 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में वाल्मीकि जयंती मनाई जाएगी। महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों-मंदिरों आदि पर दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान के साथ-साथ रामायण पाठ कराए जाएंगे। यह कार्यक्रम जनपद, तहसील व विकास खंड स्तर पर होंगे। सीएम योगी ने हर आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, ध्वनि, प्रकाश व सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था कराने का निर्देश दिया है। योगी सरकार महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर चित्रकूट में वृहद आयोजन कराएगी।

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव को कार्यक्रम का नोडल बनाया गया है। श्रीवास्तव ने बताया कि लालापुर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ सुबह11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। भगवती जागरण मंच और दयाराम रैकवाड़ व टीम की तरफ से आध्यात्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस दौरान पूजन-हवन, भजन, वाल्मीकि रामायण पाठ, लवकुश प्रसंग आदि के भी कार्यक्रम होंगे। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी और जनसहभागिता भी रहेगी। जनपदों में स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर, हनुमान मंदिरों व रामायण से संबंधित मंदिरों में कार्यक्रम होंगे। इसमें स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध कराया जाएगा।

जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा जनपद में चयनित मंदिरों व स्थलों पर कार्यक्रम के लिए कलाकारों का चयन किया गया है। इसका समन्वय संस्कृति विभाग, सूचना-जनसंपर्क विभाग, जिला पर्यटन व संस्कृति परिषद द्वारा किया जाएगा। हर जनपद में आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। योगी सरकार ने कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ जनसहभागिता पर भी जोर दिया है।

### बहराइच की घटना के लिए प्रदेश सरकार जिम्मेदार : सुनील

**लखनऊ।** बहराइच की हिंसक घटना पर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने घटना के लिए पूरी तरह से प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को कायम रखने में विफल रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया कि वे इस मुद्दे पर सीधे हस्तक्षेप करें और जनता के साथ हुए अन्याय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। बहराइच जैसी घटनाएं उत्तर प्रदेश में कई बार हो चुकी हैं यह समय है कि सरकार हिंदू-मुस्लिम की राजनीति से ऊपर उठकर मानवता के संदेश के साथ काम करे। लोकदल के कार्यकर्ता बहराइच की जनता के साथ खड़ी है और उनके साथ हुए अन्याय के खिलाफ पूरी तरह से संघर्ष करेगी।



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने शिष्टाचार भेंट की।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान

» उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को अपने कैम्प कार्यालय -7 कालीदास मार्ग पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया।

उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना।



उप मुख्यमंत्री ने फरियादियों समस्या सुनीं।

### माटीकला बोर्ड : नि:शुल्क प्रशिक्षण और मानदेय के साथ आवेदन आमंत्रित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रशिक्षण मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, डालीगंज, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान दैनिक उपयोग की वस्तुएं, सजावटी वस्तुएं, खिलौने, मूर्तियां और मिट्टी के उत्पादों पर कटिंग-चित्रकारी, नक़्क़ाशी आदि विद्याओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्णतया आवासीय होगा, जिसमें प्रशिक्षार्थियों के रहने और भोजन की व्यवस्था निःशुल्क होगी। साथ ही, प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को 250 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय भी दिया जाएगा। जो भी परम्परागत कारीगर, मूर्तिकार या अन्य माटीकला से जुड़े कारीगर इस प्रशिक्षण में भाग लेना चाहते हैं, वे 17 अक्टूबर 2024 तक अपने आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 8 कैण्ट रोड, कैसरबाग, लखनऊ में जमा कर सकते हैं।

# मनरेगा कार्यों में तेजी लाने को राज्य स्तर से जिलों को भेजी जा रही धनराशि

» निर्माण सामग्री हेतु 1240 .90 करोड़ की धनराशि जनपदों के खातों में पहुंच रही

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता/ एजेंसियों व कुशल/अर्ध कुशल श्रमिकों के लिए त्योहारों से पहले एक अच्छी खबर है। इन लोगों के बकाये का जल्द ही भुगतान होगा। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर इस हेतु 1240.90 करोड़ की धनराशि स्टेट से जिलों को भेजी जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नियमानुसार इसका व्यय/ देयों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के साथ-साथ निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मों के हितों की रक्षा के लिए भी लगातार काम कर रही है। श्रमिकों की मजदूरी हो या निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता एजेंसी सभी भी योजनांतर्गत ससमय भुगतान किया जाए, यह सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

राज्य स्तर से जनपदों को धनराशि निर्गत करने की कार्यवाही भी शुरू की जा चुकी है। जल्द ही निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता एजेंसियों के बकाये का भुगतान किया जाएगा। यह धनराशि 15,16,17 एवं 18 अक्टूबर को जनपदों को अवमुक्त की जाएगी, जिसकी कार्यवाही शुरू भी जा चुकी है और दिनांक 15 अक्टूबर 2024 को करीब 15 जनपदों (निर्धारित रोस्टर के हिसाब से) के खातों में सामग्री मद हेतु धनराशि अवमुक्त की गई।

प्रत्येक जनपद हेतु धनराशि के आहरण के लिए तिथि एवं समय का निर्धारण कर तालिका भी साझा की गई है। पत्र जारी कर बताया गया कि उक्त व्यवस्था में बिना किसी तकनीकी समस्या के निर्धारित समयावधि में जनपद तालिका के अनुसार निर्धारित धनराशि का आहरण कर सकेंगे। समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को धनराशि आहरण हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपलब्ध रहने के निर्देश दिये गये हैं। पत्र द्वारा यह भी बताया गया कि इस धनराशि से कुशल, अर्धकुशल एवं सामग्री मद का भुगतान किया जा सकता है। सामग्री मद के भुगतान में One Work -One FTO एवं FIFO के सिद्धांत का पालन भी अनिवार्य रूप से करने के निर्देश निर्गत किये गये हैं।



आयुक्त, ग्राम्य विकास श्री जी0एस0 प्रियदर्शी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा अवमुक्त कुल धनराशि के सापेक्ष 1240.90 करोड़ रुपये की धनराशि सामग्री मद के भुगतान हेतु राज्य स्तर से समस्त जनपदों को अवमुक्त की जा रही है। समस्त जनपदों में निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता एजेंसियों को भुगतान कर उनकी बकायेदारी को उतारा जाएगा। राज्य स्तर से पूरी पारदर्शिता के साथ जनपदों को धनराशि अवमुक्त करने की कार्यवाही की जा रही है। जनपद सामग्री मद की निर्गत की जा रही धनराशि को बिना किसी समस्या के आहरित कर पाएं, इसके लिये प्रत्येक जनपद हेतु धनराशि के आहरण के लिए तिथि एवं समय का निर्धारण कर दिया गया है, जिसके अनुसार राज्य स्तर से धनराशि अवमुक्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

# पीएम पोषण योजना में अब तक 80 प्रतिशत धनराशि का हुआ व्यय

» 12 अक्टूबर 2024 तक कुल उपलब्ध 686 करोड़ में से 540 करोड़ से ज्यादा धनराशि का हुआ उपयोग

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में छात्र एवं छात्राओं को मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के लिए संचालित पीएम पोषण योजना के अंतर्गत योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक कुल उपलब्ध राशि का 80 प्रतिशत उपयोग करने में सफलता प्राप्त की है।

पीएम पोषण योजना के तहत केंद्रांश और राज्यांश को मिलाकर कुल 686 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष योगी सरकार ने समस्त जनपदों को 12 अक्टूबर तक कुल 667 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि आवंटित की। इसमें 12 अक्तूबर तक 540.66 करोड़ रुपए का व्यय किया गया, जो कुल उपलब्ध राशि का 78.82 प्रतिशत है। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने के लिए'प्रधानमंत्री पोषण योजना' को मंज़ूरी दी है। यह योजना स्कूलों में मिड-डे मील योजना के मौजूदा राष्ट्रीय कार्यक्रम का स्थान लेगी। इसे पांच वर्ष (2021-22 से 2025-26) की शुरुआती अवधि के लिए लॉन्च किया गया है। इसके तहत हाल ही में मुख्य सचिव की अगुवाई में हुई समीक्षा बैठक में योजना से आच्छादित विद्यालयों में अध्ययनरत समस्त छात्रों को अतिरिक्त सप्लीमेन्ट्री न्यूट्रीशन दिए जाने का भी निर्णय लिया गया है। 2024-25 में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत खाद्यान्न लागत, परिवर्तन लागत, रसोईयां मानदेय, परिवहन लागत और एमएमई जैसे मदों के लिए पेमेंट अप्रूवल बोर्ड (पीएबी) द्वारा 2198.27 करोड़ रुपए की राशि का अनुमोदन किया गया है।

### डॉ. उज्ज्वल कुमार ने विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की

**लखनऊ।** आज खादी भवन के सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने मुख्यालय के अधिकारियों, परिक्षेत्रीय और जनपदीय अधिकारियों, मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्रों के प्राचार्यों तथा कंबल कारखानों के प्रभारियों के साथ विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग योजना के तहत आवंटित धनराशि का शीघ्र उपयोग करने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में द्वितीय ऋण हेतु प्रति जनपद दो आवेदन पत्र शीघ्र भेजने के निर्देश दिए गए। मंडल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनियों में सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के निर्देश परिक्षेत्रीय अधिकारियों को दिए गए। बैठक में माटीकला बोर्ड और खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।

# निजी क्षेत्र के आईटीआई संस्थानों का भी हो नियमित निरीक्षण : कपिल

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधानसभा कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में आईटीआई संस्थानों की प्रगति और कौशल विकास मिशन की योजनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

मंत्री ने आईटीआई संस्थानों की शिक्षा गुणवत्ता को उन्नत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को नवीनतम तकनीक और ट्रेंड्स के आधार पर प्रशिक्षित किया जाए ताकि उन्हें बेहतर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने नए ट्रेड्स के संचालन पर जोर दिया और निर्देश दिए कि जिन ट्रेड्स में छात्रों का नामांकन नहीं हो रहा है, उन्हें बंद किया जाए या अन्य कोर्स में समायोजित किया जाए। इसके साथ ही, आईटीआई में छात्रों को प्रेरित करने हेतु प्रचार-प्रसार अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। मंत्री ने प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत छात्रों की रुचि के अनुसार कौशलपरक कोर्स संचालित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को कम उम्र से ही कौशल विकास की ओर प्रेरित करना है।



» आईटीआई संस्थानों की प्रगति और कौशल विकास मिशन की योजनाओं पर चर्चा हुई

# कृषि क्षेत्र में मंत्री ने इजरायल के राजदूत से की चर्चा

» सेन्टर फॉर एक्सीलेंस में छोटे किसानों की सहभागिता बढ़ाने पर हुई बातचीत

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जी द्वारा मंगलवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर इजरायल के राजदूत रीयूवेन अजर, नोआ अम्सलेम वाटर अटैच, एंबेसी ऑफ इजरायल, बह्मा देव प्रोजेक्ट आफीसर मशेवए इजरायल एंबेसी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कृषि क्षेत्र में भारत और इजरायल के साथ तकनीकी रूप से साझेदारी को और अधिक विस्तार देने, कन्नौज एवं बस्ती में इजरायल के तकनीकी सहयोग से स्थापित सेन्टर फॉर एक्सीलेंस से छोटे किसानों को जोड़ने के विषय में चर्चा की।

कृषि मंत्री ने इजरायली प्रतिनिधि मंडल को बताया कि उद्यान की फसलों, सब्जियों, खाद्यान्न उत्पादन तथा तिलहन के उत्पादन में उ0प्र0 तेजी से आगे बढ़ रहा है और आगे बेहतर तकनीकी का प्रयोग के लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कन्नौज एवं बस्ती में सेंटर फॉर एक्सीलेन्स बनकर तैयार है, इससे किसानों को जोड़ा जाये, बड़े किसानों को भी क्लस्टर अप्रोच पर फूड प्रोसेसिंग, एक्पोर्ट, पैकेजिंग के लिये बेहर तकनीकी रूप से संबल बनाये जाने पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कन्नौज और बस्ती में सेन्टर फॉर एक्सीलेन्स अच्छे से चल रहा है, यहाँ पर किसानों का भ्रमण कराने एवं एक्सटेंशन एक्टीविटी के बारे में तथा कौशाम्बी और चन्दौली में वन सेंटर फॉर एक्सीलेंस को जल्दी से जल्दी क्रियाशील करने के संबंध में विस्तार से चर्चा हुयी।

इस अवसर पर इजरायल के राजदूत द्वारा कृषि मंत्री एवं उनकी टीम को 2025 में आयोजित हो रहे एग्रीटेक एग्जीवेशन में प्रतिभाग करने के लिये आग्रह भी किया गया। राजकीय प्रक्षेत्रों पर भी टेक्नोलॉजी का प्रयोग करके इजरायल की कम्पनियों के साथ पी0पी0पी0 मोड पर भी कार्य करने की सम्भावनाओं पर भी चर्चा की गयी।



**तैयारी** | महाकुंभ में सुगम यातायात के लिये स्मार्ट ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर रही है योगी सरकार

# महाकुंभ के पहले 39 ट्रैफिक जंक्शन का हो रहा है निर्माण

» स्वचालित मोड पर कार्य करने वाले ट्रैफिक जंक्शन सुगम यातायात और खूबसूरती का होंगे संगम

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में दिव्य ,भव्य और सुव्यवस्थित महाकुंभ के आयोजन के लिए योगी सरकार द्वारा की जा रही तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। सरकार महाकुंभ पहुंचने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के अनुभव स्मरणीय बनाने के लिए कई अभिनव प्रयास कर रही है। सड़क यातायात सुगम बनाना इसी का एक हिस्सा है जिसे लेकर एक बड़ा प्रोजेक्ट कुंभ नगरी में धरातल में उतारा जा रहा है।

**39 ट्रैफिक जंक्शन का हो रहा है निर्माण :** सड़क मार्ग से प्रयागराज की पहुंच को सरल बनाने के साथ-साथ शहर में यातायात व्यवस्था को नया स्वरूप देने के लिए पहली बार शहर में 39 ट्रैफिक जंक्शन का निर्माण किया जा रहा है। अपर कुंभ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी बताते हैं कि महाकुंभ के पूर्व शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित स्वरूप देने के लिए 39 ट्रैफिक जंक्शन बनाए जा रहे हैं। तकरीबन 50 करोड़ के बजट से इनका निर्माण हो रहा है। इसके टेंडर जारी हो चुके हैं। महाकुंभ के आगंतुकों के लिए ये सुगम यातायात और सौंदर्यीकरण का माध्यम बनेंगे। ट्रैफिक जंक्शन के निर्माण के पूर्व एक एजेंसी के माध्यम से उन चौराहों का सर्वे भी कराया गया है जहां आवागमन में ट्रैफिक की समस्या ज्यादा रहती है। इसके बाद इन जंक्शन का डिजाइन बनाया गया है।



**सुगम यातायात और खूबसूरत लुक का फ्यूजन होंगे जंक्शन :** शहर में यातायात व्यवस्था को स्मार्ट बनाने के लिए पहली बार बनाए जा रहे ये ट्रैफिक जंक्शन बहु उपयोगी होंगे। इन्हें उस आकार में डिजाइन किया गया है कि ये ट्रैफिक को अच्छी तरह से व्यवस्थित कर सकें। अपर कुंभ मेला अधिकारी के मुताबिक इसके लिए ट्रैफिक जंक्शन में आइलैंड तैयार किए जा रहे हैं। उसी के मुताबिक इनका आकार छोटा या बड़ा किया जायेगा। जंक्शन में स्मार्ट सिग्नल ट्रैफिक व्यवस्था होगी जो पूरी तरह स्वचालित होगी। जंक्शन को खूबसूरत लुक देने के लिए शेष बचे स्थान में स्कल्पचर और आकर्षक लाइट्स भी लगाई जाएंगी। जंक्शन के अंदर ही हरित पट्टिका भी बनेगी जिसमें छोटे आकार के सजावटी पौधे रोपित किए जाएंगे। ये ट्रैफिक जंक्शन कुंभ के स्नान पर्वों में आने वाली भीड़ के प्रबंधन में उपयोगी होंगे। कुंभ के समापन के बाद भी शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में इनकी उपयोगिता बनी रहेगी।

# स्वभाव में विनम्रता हो, लेकिन निर्णयों में कठोरता होनी चाहिए : सतीश महाना

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**लखनऊ।** लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा में समितियां मार्गदर्शक की भूमिका निभाती हैं। समिति की बैठकों में विधायकों को अपनी व्यावहारिक क्षमता दिखाने की जरूरत है।

नवगठित समितियों की बैठकों के उद्घाटन सत्र के दूसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने समितियों के महत्व और विधायकों को उनकी जिम्मेदारियों का विस्तार से बोध कराते हुए कहा कि विनम्रता का प्रदर्शन स्वभाव में हो, लेकिन निर्णयों में कठोरता होनी चाहिए। विधान भवन में आज महिला एवं बाल विकास संबन्धी संयुक्त समिति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, पंचायती राज समिति एवं अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति की उद्घाटन बैठकों में विधानसभा अध्यक्ष से समिति के सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्री महाना ने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि समितियों का लोकतंत्र में बड़ा महत्व है।

## एक नजर

### पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए मांगे आवेदन

**अंबेडकरनगर।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए पूर्णतः ऑनलाइन संचालित ओ-लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नीलिट से मान्यता प्राप्त जनपद अम्बेडकरनगर की चयनित संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभागीय वेबसाइटhttp://obccomputertraining.upsdc.gov.in पर दिये गये लिंक पर इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से निर्गत द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम की समय-सारिणी के अनुसार पिछड़े वर्गों के ऐसे शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियां जो किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न लेता हो, वार्षिक आय रू. 01 लाख तक हो, उम्र 35 वर्ष से कम हो तथा इण्टरमीडियट (10+12) उत्तीर्ण हो, द्वारा ओ-लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30.10.2024 तक आमंत्रित किया जाता है। तत्पश्चात आवेदन की प्रति डाउनलोड कर समस्त अभिलेखों सहित 02 प्रतियों में उक्त अंतिम तिथि तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कक्ष संख्या-55/37, विकास भवन, अम्बेडकरनगर में जमा करना अनिवार्य है। उक्त वेबसाइट पर विस्तृत दिशा-निर्देश/समय-सारिणी उपलब्ध है।

### नहर की पुलिया टूटने के कारण कई लोग हो चुके हैं घायल

**अंबेडकर नगर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोलपुर बाजार में स्थित नहर का पुल टूट जाने के कारण कई लोग हो चुके हैं घायल। कई लोगों को तो बाजार वासियों ने मौत के मुंह से बाहर निकाला है। आए दिन होती है यहां घटना। आखिर क्यों नहीं नजर पड़ रही उच्च अधिकारियों की। क्या बड़ी घटना का इंतजार कर विभाग। कल शाम को एक व्यक्ति डूबते डूबते मौत के मुंह से बाहर निकाला, स्थानीय लोगों की मदद से युवक को बचाया गया। कहीं ना कहीं यह लापरवाही ग्रामीणों के लिए संकट बना हुआ है जिससे लोग काफी दहशत में हैं। इसी रास्ते से हमेशा स्कूल वाहन व हजारों की तादाद में साइकिल से स्कूल जाते हैं छात्र-छात्राएं। बच्चों के माता-पिता को हमेशा डर सा बना रहता है कहीं कोई अनहोनी या घटना ना हो जाए। लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों को इससे कोई लेना-देना नहीं है। कई महीनो से टूटी पड़ी है यह नहर की पुलिया। अब देखने की बात यह है कि इस नहर की पुलिया की मरम्मत अधिकारियों द्वारा कब तक कर दिया जाता है। या किसी की जान जाने के बाद ही बनेगी नहर की पुलिया

### 35 दीदियों को डीएम ने सौंपी ई स्कूटी की चाबी



**अंबेडकर नगर।** 15 अक्टूबर 2024। जिला प्रशासन तथा एनटीपीसी व अल्ट्राटेक के सहयोग से जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 35 समूह की दीदियों/समूह सखियों/बैंक सखियों की ई स्कूटी प्रदान कर उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इससे पूर्व में भी उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच दीदियों को प्रदान की जा चुकी है ई स्कूटी। इस प्रकार अब तक कुल 40 दीदियों को ई स्कूटी देकर सम्मानित किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 51 उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों को ई स्कूटी प्रदान करने का लक्ष्य है जिसके सापेक्ष अब तक कुल 40 दीदियों को प्रेरणा श्रोत हेतु ई स्कूटी प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर एनटीपीसी एवं अल्ट्राटेक के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कटेहरी उपचुनाव बसपा की थाती है: प्रदेश अध्यक्ष



**अंबेडकरनगर।** बहुजन समाज पार्टी अपने संगठन के बल पर कटेहरी विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव सीट पर विजय हासिल करेगी क्योंकि कटेहरी विधानसभा क्षेत्र बहुजन समाज पार्टी का परंपरागत सीट है अपवाद स्वरूप दो विधानसभा के चुनाव को छोड़कर 1993 से लेकर अब तक बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी ही विजई हुआ है इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र में भाईचारा बनाते हुए केंद्र व प्रदेश की जन विरोधी सरकार की नीतियों को उजागर कर पार्टी को मजबूत बनाना होगा उक्त बातें महरुआ बाजार स्थिति नसीरपुर के बलई बाग में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कही, बसपा प्रत्याशी अमित वर्मा के समर्थन में परवरभारी, महराजीपुर, पतौना में चौपाल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी शासन सत्ता के बल पर, कर्मचारियों के ऊपर जबरदस्ती दबाव बनाकर कटेहरी उपचुनाव को धनबल बाहुबल से जीतना चाहती है, वहीं लोकसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने संविधान एवं आरक्षण के नाम पर जनता को ठगने का काम किया है, जनता दोनों दलों के कुकर्मों एवं जनता विरोधी फैसलों से आहत होकर कटेहरी विधानसभा के उपचुनाव में बसपा को विजई बनाएगी। प्रभारी अयोध्या मंडल अरविंद गौतम, जिला अध्यक्ष सुनील सावंत जिला पंचायत सदस्य राम सुभावन भारती विधानसभा प्रभारी राधेश्याम राजभर, विधानसभा उपाध्यक्ष कुलदीप तिवारी, विधानसभा महासचिव राम सजीवन धूरिया, सियाराम भारती जी, सुरजीत गौतम अंकित वर्मा, विशाल बौद्ध, सेक्टर अध्यक्ष जगदीश, श्याम लाल पाल, बुद्धिराम पाल ईश्वरदीन पाल जी, मुन्नार पाल जी, पारस पाल, रामदौर पाल कोटेदार, हरिलाल पाल, सुनील वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### तहसील परिसर बना दलालों का अड्डा

**अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील परिसर में लापरवाही और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, जहां दलालों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है। उप जिलाधिकारी इस गंभीर समस्या पर सवालों के घेरे में हैं, जबकि तहसील परिसर के अंदर सरकारी कर्मचारियों की कुर्सियों पर अनधिकृत लोग बैठे नजर आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, मिल्कीपुर तहसील परिसर में शाम के समय भी दलालों का दबदबा कायम रहता है। सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए, लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार, एसडीएम कोर्ट और माल बाबू की कुर्सियों पर प्राइवेट लोगों का कब्जा है। प्राइवेट मुंशी, जैसे कि पवन कुमार, राम तीरथ यादव, राजेंद्र यादव, राकेश तिवारी और अनुपम तिवारी, बिना किसी अधिकार के काम करवा रहे हैं। इसके अलावा, तहसील परिसर में फैली गंदगी और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी गंभीर चिंता का विषय है। परिसर में सरकारी शौचालय की अव्यवस्था के कारण जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है।अब देखने वाली बात यह है कि क्या उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर दलालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे या फिर इस मामले में लीपापोती करते रहेंगे। उच्च अधिकारियों से अनुरोध है कि इस गंभीर समस्या पर ध्यान दें और तहसील परिसर को सही तरीके से संचालित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

# सरयू आरती कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य

## मेला परिसर में भजन संध्या स्थल में भी 6 लाख दीप जलाने का प्रबंध किया गया है

विश्ववार्ता संवाददाता



दीपोत्सव मेला को लेकर बैठक करते मंडलायुक्त गौरव दयाल।

**अयोध्या।** दीपोत्सव मेला 2024 की तैयारी के दृष्टिगत मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त ने बैठक में कहा कि दीपोत्सव मेला 2024 को भव्य और विश्व स्तरीय बनाने के लिए सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों को समय पर पूरा करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अयोध्या दीपोत्सव 2024 में 25 लाख दीयों को प्रज्वलित कर नया कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्व से की जाएं।दीप प्रज्वलन हेतु डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने जानकारी दी कि लगभग 55 घाटों की मैपिंग हो चुकी है और 30 हजार वालंटियर्स तैनात किए गए हैं। मेला परिसर में भजन संध्या स्थल में भी 6 लाख दीप जलाने का प्रबंध किया गया है। मंडलायुक्त ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 1100 लोगों के द्वारा एक साथ सरयू आरती कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीपोत्सव में होने वाली गतिविधियों के लिए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं। जिलाधिकारी ने राजकीय निर्माण निगम द्वारा घाटों के सौंदर्यीकरण कार्यों को तत्काल पूरा करने और दीपोत्सव हेतु अन्य घाटों की साफ-सफाई की निर्देश दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और मीडिया के लिए पार्किंग स्थलों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में दीपोत्सव के कार्यक्रमों के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति भी रही।

## भाकियू ने तहसील परिसर में किसान पंचायत का किया आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) तहसील इकाई सोहावल द्वारा तहसील परिसर में एक किसान पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें उप जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी ने किसानों की समस्याओं को बिंदुवार सुनकर समाधान का आश्वासन दिया।

पंचायत में यह निर्णय लिया गया कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो 25 अक्टूबर 2024 को जिला मुख्यालय पर किसान महापंचायत में भारी संख्या में पहुंचा जाएगा।पंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू की राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि गरीब महिलाओं को वृद्धा, विधवा और विकलांग पेंशन नहीं मिल पा रही है। आवास विहीन लोगों को आवास नहीं मिल रहा है, और किसानों को डीएपी खाद भी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार वायदे के अनुसार बिजली नहीं दे रही है और स्मार्ट मीटर लगाने की योजना बना रही है।कोल्ड स्टोरेज मालिकों द्वारा मनमानी किराया वसूलने का भी आरोप लगाया गया, जबकि जिला प्रशासन इस पर अंकुश लगाने में विफल है। घनश्याम वर्मा ने कहा कि नाली, चकमार्गों और सरकारी भूमि पर भू माफिया का कब्जा है और तहसील प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने किसानों से 25 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर होने वाली महापंचायत में भाग लेने की अपील की।

जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने किसानों की समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को पूरे वर्दी में लाठी-डंडा लेकर प्रदर्शन में भाग लेने के लिए कहा।पंचायत में अन्य नेताओं ने भी अपनी बात रखी, जिनमें विकास वर्मा (जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा), दशरथ सिंह, प्रेम शंकर वर्मा, राम अवतार चौहान, जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, डॉ. आर. एस. सरोज, मंसाराम यादव, लल्लू राम वर्मा, लीलादेवी, बबलू सिंह, मीरा देवी, और कमला देवी शामिल थे।

### बच्चों के लिए नन्हीं किरन नामक नर्सरी प्ले स्कूल का हुआ शुभारंभ

**अयोध्या।** वरिष्ठ अधीक्षक जिला कारागार ने बताया कि 15 अक्टूबर 2024 को जिंगल बेल नर्सरी स्कूल सोसाइटी अयोध्या के डायरेक्टर मंजुला झुनझुनवाला एवं एडवाइजर अंजली द्वारा जिला कारागार अयोध्या के महिला कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों के साथ रहने वाले 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए नन्हीं किरन नामक नर्सरी प्ले स्कूल का शुभारंभ किया गया है। यह प्ले स्कूल महिला कारागार में स्थित 18 बाई 18 के कमरे में स्थापित किया गया है, जहां महिला बंदियों के चार बच्चों को शिक्षाध्यापिका शालिनी सिंह द्वारा शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक उदय प्रताप मिश्र, कारापाल जितेन्द्र कुमार यादव, सुरेश बहादुर सिंह, उप कारापाल माया सिंह एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार ने पाकिस्तानी आतंकियों के हाथ में थमाया कटोरा : राठौर

विश्ववार्ता संवाददाता



**मिल्कीपुर, अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी ने मिल्कीपुर पेट्रोल पंप तिराहे पर सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सहकारिता विभाग जेपी एस राठौर रहे। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बचत से बड़ी पूंजी तैयार करना ही सहकारिता का मुख्य उद्देश्य है। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार सहकारिता को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।

कुछ साल पहले तक सहकारी बैंकों की स्थिति दयनीय थी। प्रदेश के करीब 50 सहकारी बैंकों में से विभिन्न जिलों के 16 सहकारी बैंक बंद हो गए थे। सहकारी बैंक होने से जिन किसानों के उसमें पैसे जमा थे, वे परेशान थे। मुख्यमंत्री ने बंद पड़े सभी सहकारी बैंकों क वित्तीय सहायता दिलाकर चालू कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने किसानों के लिए जितनी योजनाएं बनाई है उतना कभी सोचा नहीं था। वर्ष 2014 में किसानों का जो बजट था 21000 करोड़ था। लेकिन मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 31000 करोड़ कर दिया है। इसमें यूरिया डीएपी की सब्सिडी अलग है किसान सम्मान निधि भी अलग है। प्रधानमंत्री किसानों की आए दोगुनी करने के लिए तमाम कार्यक्रम चला रहे हैं ताकि किसानों की आय दो गुनी हो सके।वे मंगलवार को मिल्कीपुर विधानसभा के मिल्कीपुर पेट्रोल पंप स्थित मैदान में सहकारिता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री ने कहा कि बंद पड़े सहकारी बैंकों को वित्तीय सहायता दिलाकर किसानों के जमा धन को वापस कराने के साथ ही लेनदेन की प्रक्रिया शुरू कराई गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सहकारी समितियों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से शत प्रतिशत बैंकों को कंप्यूटरीकृत किया जा रहा है। किसानों को किसी प्रकार की समस्या ना हो सरकार इसके लिए सजग है और योजनाएं किसानों के लिए ला रहे है।उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में पाकिस्तान भारत में आतंकी हमला करवाता था, लेकिन आज मोदी सरकार ने जिन देशों से पाकिस्तान को फंडिंग होती थी, उसी पर रोक लगवा दी। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई। जिन आतंकियों के हाथों में एके-47 हुआ करती थी मोदी सरकार की देन है कि उनके हाथों मे आज कटोरा है खाने के लिए एक- एक रोटी की भीख के साथ अपने जान की भीख मांग रहे हैं।

इस मौके पर अयोध्या अम्बेडकर नगर कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा,राम मोहन भारती, जनार्दन मौर्या, सहकारिता विभाग के उप निबंधक विकास कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सुभाष चंद्र चौरसिया, सहायक विकास अधिकारी संजय सिंह, अमित सिंह, शैलेंद्र तिवारी, अवधेश वर्मा, लल्लन खान, शाहिद व सहकारिता विभाग के सचिवों के साथ भाजपा मीडिया प्रभारी डा रजनीश,शंभू सिंह,सरोज मिश्रा, अर्जुन सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय रावत, चन्द्रभान पासवान, शांति पासी समेत बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र केशवपुर का किया लोकार्पण

विश्ववार्ता संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने नवनिर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र केशवपुर विकास खंड टांडा का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजकुमार भी उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य उप केंद्र केशवपुर के संचालन से यहां पर ग्रामीण मरीजों को विभिन्न बीमारियों के उपचार की अच्छी व्यवस्था उपलब्ध होगी।

यहां पर टीवी, डेंगू, मलेरिया, ब्लड प्रेशर, शुगर आदि जैसी 14 प्रकार की जांच सेवाओं के साथ ही सर्दी-जुकाम, खांसी, टीवी आदि बीमारियों की दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध रहेगी, एएनएम और सीएचओ द्वारा टीकाकरण और अन्य चिकित्सा सेवाएं एवं परामर्श प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित एएनएम, सीएचओ एवं संबंधित को उपकेंद्र पर बेहतर से बेहतर सेवाएं सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। लोकार्पण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों से वहां उपलब्ध होने वाली चिकित्सीय सेवाओं की जानकारी भी दी गई तथा मौके उपस्थित एक वृद्ध व्यक्ति से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई तथा संबंधित को स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी टांडा भी उपस्थित रहे।

### प्रेस क्लब अध्यक्ष से समाजसेवी बरकत अली ने रक्तदान कैंप लगवाने का किया आग्रह

**अंबेडकरनगर।** समाजसेवी बरकत अली ने प्रेस क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी से प्रेस क्लब कैंपस में रक्तदान शिविर का आयोजन करने आग्रह किया समाजसेवी बरकत अली सोशल मीडिया के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को रक्तदान करवाकर मदद करते रहते हैं इसी कड़ी में आज प्रेस क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी से मिलकर रक्तदान कैंप लगवाने का आग्रह किया ताकि यदि प्रेस क्लब के सदस्यों को रक्त की जरूरत पड़े तो प्रेस क्लब के अध्यक्ष के द्वारा कार्ड उपलब्ध कराकर उनकी मदद किया जा सके यह कार्य प्रत्येक वर्ष निरंतर रूप से चला रहे इसकी पहल समाजसेवी बरकत अली ने प्रेस क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी से किया है प्रेस क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी ने समाजसेवी बरकत अली को यह आश्वासन दिया है कि जल्द ही विचार करके कैंप लगवाने की व्यवस्था कराई जाएगी।

## सरयू नदी के तट पर चलित परियोजनाओं का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने सरयू नदी के तट पर चलित परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरयू नदी के गोंडा पुल से लेकर लक्ष्मण किला तक की परियोजनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बाउंड्रीवाल में दो गेटों का प्रावधान करने का निर्देश दिया और दीपोत्सव से पूर्व सभी कार्यों को पूर्ण कर साफ-सफाई करने की बात कही। उन्होंने जनपद अयोध्या में राम की पैड़ी पर दीपोत्सव एवं अन्य मेलों के लिए दर्शक दीर्घा परियोजना का भी निरीक्षण किया।इस दौरान जिलाधिकारी ने बाउंड्रीवाल की ऊँचाई ड्राइंग से दो फीट अधिक करने और कार्य को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण में उपजिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहायक परियोजना प्रबंधक, अवर अभियंता और संबंधित फर्म के इंजीनियर भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने राम की पैड़ी के निरीक्षण के बाद हनुमान गुफा से लेकर दीन बंधु चिकित्सालय तक चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों और श्रीराम नेत्रालय के पास पंचकोसी परिक्रमा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें जगह-जगह गंदा पानी भरा हुआ मिला और कार्य की प्रगति धीमी पाई गई, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को परिक्रमा मार्ग से जल निकासी के निर्देश दिए। इसके अलावा, कांशीराम कालोनी के पास चल रहे रोड के धीमे कार्य की गति पर भी उन्होंने एक हफ्ते के भीतर कार्य पूर्ण करने का आदेश दिया।

## दुर्गा पूजा महोत्सव में धूमधाम से हुआ प्रतिमा विसर्जन

विश्ववार्ता संवाददाता

**गोसाईगंज, अयोध्या।** 3 अक्टूबर से शुरू हुए दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन सोमवार शाम को दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के साथ हुआ। इस अवसर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

विसर्जन स्थल सीताराम घाट और महादेवा घाट पर स्वास्थ्य महकमे ने चिकित्सीय कैंप स्थापित किया था, जो नगर पंचायत की सभासद श्रीमती आरती जायसवाल की पहल पर लगाया गया।इस वर्ष विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या पिछले आयोजनों से अधिक थी। शोभायात्रा रामगंज, ठंडी सड़क, तेलियागढ़, सरस्वती नगर, मेनरोड, भीटी चौराहा, कटरा, बस स्टॉप, कॉलेज नबीन मार्केट होते हुए बिसर्जन स्थल पहुंची। इस दौरान प्रशासन द्वारा छोटे और बड़े वाहनों का रूट डाइवर्जन नहीं किया गया, जिसके चलते जाम की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसमें बसपा प्रदेश अध्यक्ष की गाड़ी भी फंसी रही।चौकी इंचार्ज विवेक कुमार राय ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान उनकी टीम पूरे समय मुस्तैद रही और यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में मदद की।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उत्कर्ष शेखर जायसवाल ने बताया कि गोताखोरों की तैनाती के साथ ही मेले में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया।प्रतिमा विसर्जन के दौरान विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समस्त कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए और नगर में उल्लास का माहौल बना रहा।

# लावारिस लाशों का अम्बेडकरनगर बना ठिकाना

## लावारिस लाशों के गुनाहगारों को सजा का इंतजार

विश्ववार्ता संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** आए दिन लावारिस लाशों के मिलने का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। वहीं दूसरी ओर सवाल पूछा जा रहा है कि लावारिस लाशों के गुनाहगारों को कब सजा मिलेगी।

ऐसे अनेक केस हैं जिनमें गुनाहगारों को सजा तो दूर अभी केस का खुलासा तक नहीं हो सका है। अंबेडकरनगर की बात करें तो यह शहर लावारिस लाशों का डंपिंग ग्राउंड बनता जा रहा है।दरअसल हो यह रहा है कि दूसरे शहरों में हत्या जैसी जघन्य वारदातों को अंजाम देने के बाद जिनको मारा जाता है उनकी लाश ठिकाने लगाने के लिए अम्बेडकरनगर ही ठिकाना बना हुआ है। लावारिस लाशों की यदि बात की जाए तो इसकी फेरिस्त बहुत लंबी है। अज्ञात लाशों के बारे में जहां तक बात है तो ज्यादातर में पुलिस दिलचस्पी दिखाने के टालमटोल करती नजर आती है। लावारिस लाशों की शिनाख्त कराना और वारदात के गुनाहगारों तक पहुंचना कोई आसान काम नहीं होता। सबसे बड़ी मुसीबत व ऊबाऊ भर तो अज्ञात शवों की शिनाख्त करना होता है। इसके लिए सालों गुजर जाते हैं। जब तक शिनाख्त होती है तब तक थाने में काफी कुछ बदल चुका होता है। फाइल पर धूल चढ़ जाती है।

अंबेडकर नगर जनपद की सीमाओं से सटे अन्य जनपदों से जिससे जनपद क्षेत्र में लाश फेकने का बदमाशों को लाभ मिल जाता है। परिणाम यह होता है कि पुलिस सीमा को लेकर आपस में ही उलझ जाते हैं।पुलिस के पास काम का बोझ अधिक होने या फिर बिना किसी दबाव के अधिकारी या जांच अधिकारी कोई जिम्मेदारी नहीं लेता।

लावारिश लाशों वाले केस में अमूमन तहकीकात करने पर पता चलता है कि वारदात को कहीं दूसरी जगह पर अंजाम दिया जाता है। लाश कहीं दूसरी जगह फेंकी जाती है। इतना ही नहीं अगर लाश की शिनाख्त हो गई, तो उसकी भी जगह बदली होती है। इतना सब कुछ होने के बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट कहीं दूसरे थाने में दर्ज होती है। परिणाम यह होता है कि कानूनी बारिकियां और जटिलताओं के कारण केस अपने आप ही कमजोर हो जाता है। बांकी रही सही कसर पुलिस की जांच पूरी कर देती है। जिससे लावारिश लाश को पूरा न्याय नहीं मिल पाता।

### संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन को प्रदेश प्रभारी और प्रदेश महासचिव ने सम्बोधित किया

# अन्याय और अत्याचार के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे और इंडिया गठबंधन को जितायेंगे अजय राय

विश्ववार्ता संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** पूरे देश में विगत १० वर्षों से अघोषित आपातकाल है उक्त बातें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कटेहरी विधानसभा के संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा देश को आजाद कराने के लिए शहादत देने वाले शहीदों ने जाति और धर्म न देखकर देश को आजाद कराने का कार्य किया। देश में भीषण रूप से महगाई है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा आज हम उत्तर प्रदेश मे ७ वां संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन कर रहे है यह सम्मेलन देश के संविधान की रक्षा के लिए किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश की महान जनता ने ४०० पार के नारे को रोकने का कार्य किया है। इंडिया गठबंधन प्रदेश मे होने वाले उपचुनाव में १० सीटों पर मिलकर जीत हासिल करेंगी।

उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश मे जगह जगह बच्चियों से बलात्कार हो रहा जो दुर्भाग्यपूर्ण है अभी कुछ दिन पूर्व राम मंदिर में कार्य कर रही बच्ची के साथ बलात्कार किया गया। आज लखनऊ में १ वर्षीय बच्ची के साथ सामुहिक बलात्कार किया गया

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सत्य नारायण पटेल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष केशवचंद यादव, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अवधेश सिंह, जयकरन वर्मा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अनिल यादव, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कैलाश चौहान, अनिल भारती, दिलीप निषाद ने कहा संविधान की रक्षा और बुलडोजर प्रथा को रोकने के लिए राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा की।अन्याय और अत्याचार को रोकने के कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता सदैव तत्पर है। इंडिया गठबंधन प्रदेश मे होने वाले उपचुनाव में १० सीटों पर मिलकर जीत हासिल करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील मिश्र ने उपस्थित कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा हम कार्यक्रम में उपस्थित प्रत्येक कांग्रेसजन के आभारी हैं। प्रत्येक कांग्रेसजन के



सुख दुख में सदैव साथ रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया आज अम्बेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा के कटेहरी बाजार के रामलीला मैदान में संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन का आयोजन हुआ, सर्वप्रथम राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष ने डा भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाया और उसके बाद जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में ५१ किलो की माला पहनाकर माल्यार्पण किया। अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष डा आर पी कौशल ने राष्ट्रीय महासचिव को संविधान सौपा। पूर्व प्रत्याशी अमित जायसवाल और श्रीकांत वर्मा ने डा भीमराव अम्बेडकर का चित्र सौपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के सुनील मिश्र ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री राजबहादुर, पूर्व सांसद कमांडर कौशल किशोर, उत्तर प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ जियाराम वर्मा, पूर्व प्रत्याशी लोकसभा अशोक सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह कप्तान, प्रदेश सचिव मो अनीश खान, पूर्व प्रदेश सचिव अमित जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार पाण्डेय कक्कू, कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, गुलाम रसूल छोटू,रवीश शुक्ला, डा विजय शंकर तिवारी, द्विजेन्द्र नारायण.शुक्ल,आलोक पाठक, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष डॉ आर पी कौशल, श्रीकांत वर्मा, बद्रीनारायण शुक्ला, उदयभान मिश्र राजबहादुर, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा, रामजन्म दूबे, कटेहरी ब्लाक अध्यक्ष देवमणि पाठक, भीटी ब्लाक अध्यक्ष शोभनाथ कन्नौजिया, ब्लाक अध्यक्ष टांडा रामकृपाल धावक, आशाराम यादव, आनंद अमृतराज वर्मा, सेवाराम वर्मा, नंदकुमार गुप्ता दद्दू, मो जियाउद्दीन अंसारी, कटेहरी विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस मो सोयेब अनीश खान, दीपक वर्मा, राजेश वर्मा, राजेश प्रजापति, आदित्य नारायण तिवारी बंटी, चिंताहरण पाण्डेय, वीपतराम यादव, शीतला प्रसाद श्रीवास्तव सोनू, अफरोज आलम वेग, राजेश वर्मा, वीरबहादुर सिंह, हेमंत यादव, अनुराग तिवारी, नासिर अली, दिवाकर पाण्डेय, विकल्प मिश्र, फिरोज अहमद किछौछवी, तौसीफ अहमद मोनू, राजपत पटेल, सुरेंद्र यादव, अजय पासवान, अनंतराम सिंह, प्रदीप निषाद, पन्ना लाल कन्नौजिया, अमर नाथ यादव, राजकुमार अग्रहरि, राकेश वर्मा, राजमणि निषाद, अंकुर पाण्डेय, अजय गौड समेत अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## एक नजर

### तंग गलियों में चल रहा है जुआ



**अल्हागंज।** कस्बें के इलाके की तंग गलियों में इन दिनों खुल कर जुआ खेला जा रहा है। पुलिस की नाक तले चल रहे जुए को गलियों की भूल-भुलैया भी पुलिस को अंदर नहीं आने देती। दिवाली के नजदीक आते ही कस्बे के अन्य हिस्सों की तरह दो एक वार्ड में भी जुआ खेलने व खिलाने वालों का सीजन लग गया है। कुछ वार्डो की तंग गलियों में इन दिनों जमकर जुआ खेला जा रहा है। हालांकि हाई प्रोफाइल इलाकों की तरह मोटी रकम के साथ जुआ तो नहीं खेला जाता, पर हजारों की रकम जरूर इधर से उधर हो जाती है। कुछ घरो मे हो रहे जुआं में आने वाले लोगों को ताश की गड्डियां, शराब व खाने पीने का अन्य सामान तक मुहैया करवाया जाता है। जुंए मे बसूली भी जमकर चल रही है। वही कंडीशन है आस पस क्षेत्र के खेतों में भी जुंए का गढ बना हुआ है। इस समय जुआरियो ने गली गली खेत खेत फड बिछाना शुरू कर दिया है।

### एक दिवसीय रोजगार मेला 18 को

**हमीरपुर।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि निदेशालय प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उप्र. लखनऊ के निर्देशानुसार कार्यालय द्वारा 18 अकटूबर दिन-शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राठ, हमीरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जांब फेयर में कई प्रतिष्ठित कम्पनियों/नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना तवरहंतेंदहंउ .नच .हवअ .पद आंनलाइन आवेदन करते हुये अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों व फोटो सहित उक्त तिथि व समय पर मेले में प्रतिभाग करते हुये इस अवसर का लाभ उठा सकते है। किसी कारणवश आंनलाइन न कर पाने की स्थिति में आप सीधे भी प्रतिभाग कर सकते है।

### विवाहित पुत्री को भगाने का आरोप

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने विवाहिता पुत्री को जबरिया भगाकर ले जाते समय पुत्री के बाइक से कूदकर घायल होने का मुकदमा दर्ज कराया है। कुरारा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता का आरोप है कि उसकी पुत्री बीते आठ अक्टूबर को इटरा आश्रम दर्शन करने गई थी। यहां से उसे गांव का निवासी राजकुमार पाल बहला फुसलाकर अपने साथ बाइक से लेकर जा रहा था। जब उसकी पुत्री को एहसास हुआ कि उसको भगाकर ले जा रहा है। तो वह बिवांर कस्बे के पास ब्रेकर के समीप बाइक से कूद गई। इस घटना में उसकी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई और आरोपी मौके से फरार हो गया। अब आरोपी उसके दामाद को फोन करके लगातार धमका रहा है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### मेड़ के विवाद में दो पक्ष भिड़े

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरवा बुजुर्ग में खेत की मेड़ के विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी शकीला बेगम ने बताया कि पति अनीश मोहम्मद 11 अक्टूबर को खेत गए थे। वहां जाकर देखा तो पड़ोसी हमीद ने खेत की मेड़ तोड़कर अपने खेत में मिला ली है। उलाहना देने पर हामिद एवं सरताज ने उसके पति को गाली गलौज करके लाठी डंडों से पीट कर लहूलुहान कर दिया और जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। बीच बचाव करने पहुंचे रईस को भी लाठी डंडों से पीटा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### कैंटर से बाइक टकराई, युवक की मौत

**बरेली।** टेंपो की टक्कर से रोड पर जा रही बाइक कैंटर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। बरेली के मोहल्ला गुलाबनगर निवासी शैलेश शुक्ला (25 वर्ष) सोमवार को बाइक से दोस्त से मिलने फतेहगंज पश्चिमी गए। दोस्त से मुलाकात कर वह घर लौट रहे थे। नगर पंचायत कार्यालय के सामने टेंपो ने शैलेश की बाइक में टक्कर मार दी। उनकी बाइक कैंटर की चपेट में आ गई। कैंटर से टकराकर बाइक सहित वह रोड पर गिर गए। कैंटर के पिछले टायर से शरीर रगड़ने से शैलेश शुक्ला की मौके पर मौत हो गई। घटना देखकर दुकानों पर बैठे लोग दौड़ कर मौके पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। दोस्त ने परिजनों को घटना की सूचना दी। पत्नी श्वेता पति की मौत की खबर सुनकर बेसुध हो गईं। हादसा रोड किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस ने शवपोस्टमार्टम को बरेली भेज दिया। पुलिस टेंपो व कैंटर को तलाश कर रही है।

### पेड़ से बाइक टकरायी, युवक की मौत

**बरेली।** क्योलडिया में दवाई लेकर घर जा रहे युवक की बाइक पेड़ से टकरा गई। बाइक उछलकर खाई में गिर गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव की पहचान कराने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। फरीदपुर थाना क्षेत्र के बिलऊवा गांव का बबलू पुत्र रामेश्वर उम्र 26 वर्ष सोमवार की दोपहर अपनी मां के लिए दवाई लेकर बाइक से वापस घर जा रहा था। बरखन-क्योलड़यि मार्ग पर बबूरी गांव के मोड़ पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसके बाद युवक उछल कर सड़क किनारे गिर गया। सिर में गहरी चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस को जेब में मिले आधार कार्ड मिला। उसकी बाइक के बैग में भी पुलिस को देशी शराब का एक पौव्वा मिला। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम को बरेली भेज दिया। थाना प्रभारी परमेश्वरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### कल मनायी जायेगी महर्षि वाल्मीकि जयन्ती

**बरेली।** मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश ने बताया 17 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जी की जयन्ती भव्य रूप से मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि होने का गौरव प्राप्त है जिन्होंने विश्व प्रसिद्व कालजयी कृति रामायण महाकाव्य की रचना की है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आर्दश प्रस्तुत करती है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा वर्णित स्थल जिन्हें राम जानकी मार्ग, राम वन-गमन मार्ग आदि के रूप में माना जाता है, सम्पूर्ण भारत वर्ष में लगभग 280 स्थलों के रूप में आज भी विद्यमान हैं। उत्तर प्रदेश में राम जानकी मार्ग तथा राम वन-गमन मार्ग के अन्तर्गत अनेक अनेक स्थल विद्यमान है जहॉ भारतीय संस्कृति के मूल तत्व एवं मान्यताएं सुरक्षित हैं। वाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र मूल्यों के व्यापक प्रचार व जनमानस को इससे जोड़ने के लिए महर्षि वाल्मीकि से सम्बन्धित स्थलों एवं मंदिरों आदि पर दीप प्रज्जवलन/दीप दान के साथ-साथ अनवरत 8, 12 अथवा 24 घण्टे का वाल्मीकि रामायण का पाठ किये जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके अन्तर्गत श्रीराम व श्री हनुमान तथा रामायण पाठ एवं भजन आदि के कार्यक्रम कराये जायेंगे। इन कार्यक्रमों के आयोजन हेतु स्थानीय स्तर पर विभिन्न सांस्कृतिक दलों एवं कलाकारों का चयन संस्कृति विभाग द्वारा किया जायेगा।

# पूरे परिवार का आधार होती है महिला

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आयोजित किया विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**विश्ववार्ता संवाददाता**




अपने विचार रखती अपर जिला जज

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** अंतराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस पर ब्लाक सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला जज विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गीतांजलि गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और विधिक सेवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आंगनवाड़ी व आशा बहुओं को संविधान के अधिकारों और विधिक सेवाओं का लाभ उठाने के तरीकों के बारे में जागरूक किया।

अपर जिला जज ने कहा कि एक महिला पूरे परिवार का आधार होती है।महिला तभी सशक्त होती है जब दूसरी महिला उसके साथ खड़ी होती है। कार्यक्रम को चीफ लीगल एड.डिफेंस काउंसिल आनंद सक्सेना,सहायक लीगल एड.डिफेंस काउंसिल सत्यम एडवोकेट,पैनल एडवोकेट मुनीन्द्र शिवा अधिवक्ताओं ने भी विचार रखे और नागरिकों को निशुल्क विधिक सहायता, न्यायिक प्रक्रियाओं, संविधानिक अधिकारों के महत्व के बारे में जानकारी दी। उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोग बिना किसी वित्तीय बाधा के कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को शारीरिक,मानसिक व शैक्षिक रूप से सशक्त होना जरूरी है।

कार्यक्रम में एडीओ पंचायत सुरेश कुमार,एपीओ मनरेगा विकास चन्द्र,सुपरवाइजर कामिनी पाल,शशि कला सहित आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ता मौजूद रही। संचालन मुनीर खान ने किया।

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध जन जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखा किया रवाना

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति अभियान की रोकथाम हेतु दिलाई शपथ

**बरेली।** अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ0 देवेन्द्र शर्मा ने ''एक युद्ध नशे के विरूद्ध'' अभियान के अन्तर्गत जनपद में ''एक युद्ध नशे के विरूद्ध'' जन जागरूकता रैली को गांधी उद्यान से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में लगभग 8000 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें मुख्य रूप से 10वीं एवं 12वीं की छात्र-छात्राएं, एन.सी.सी. के कैडेट, एन0एस0एस0 के छात्र-छात्रायें, आगंनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहुयें, स्वैच्छिक संगठनों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त रैली गांधी उद्यान से होकर सर्किट हाउस तक आयोजित हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने ''एक युद्ध नशे के विरूद्ध'' अभियान के अन्तर्गत जनपद वासियों से अपील किया कि दीपावली के शुभ अवसर पर एक दिया नशे को मुक्त करने के लिए अवश्य जलायें। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नशा मुक्त समाज को बनाने में सहयोग करने हेतु आग्रह किया और कहा कि आओ सब मिलकर अपने समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लें, अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने छात्र/छात्राओं को नशा मुक्ति अभियान की रोकथाम हेतु शपथ दिलाई और कहा कि आज हम एक जुट होकर ''एक युद्ध नशे के विरूद्ध'' अभियान के तहत एक प्रतिज्ञा लेते हैं कि न केवल हमारे समुदाय, परिवार, दोस्त बल्कि खुद को नशा मुक्त बनायेंगे क्योंकि परिवर्तन भीतर से शुरू होता है।

# बरेली सेंट्रल जेल से फरार हत्या के कैदी को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बरेली।** सेंट्रल जेल से फरार हत्यारे हरपाल को इज्जतनगर पुलिस ने मुठभेड़ में सोमवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया। हत्यारे को पकड़ने पहुंची टीम पर हरपाल ने अदलखिया जंगल से फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें उसे गोली लगी।

मूलरूप से फतेहगंज पूर्वी के खनी नवादा गांव का रहने वाले हरपाल को पिछले वर्ष आजीवन कारावास की सजा हुई थी। इसके बाद उसे 2023 में दो जुलाई को सेंट्रल जेल भेजा गया था।

हरपाल ने वर्ष 2017 में लिंटर डालने पर हुए एक विवाद में अपने साथियों गिरीश व रघुवर के साथ मिलकर सोनपाल की गोली मारकर हत्या की थी। जेल पहुंचने के बाद उससे कृषि कार्य कराया जाने लगा। हर दिन की तरह 10 अक्टूबर को उसे कृषि कार्य के लिए जेल से बाहर लाया गया। मौका देखकर शाम करीब चार बजे वह फरार हो गया। इज्जतनगर थाने में हरपाल समेत जेल वार्डर अजय कुमार प्रथम, कृषि सुपरवाइजर अनिल कुमार व फार्म लिपिक धर्मेंद्र कुमार के विरुद्ध भी प्राथमिकी लिखी गई। क्योंकि जिस दिन वह फरार हुआ उस दिन ड्यूटी पर इन्हीं लोगों की जिम्मेदारी थी।

पुलिस जब उसे गिरफ्तार करने पहुंची तो हरपाल ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

## 46 करोड़ की लागत से बनेंगी मॉडल टाउन की सड़कें

**बरेली।** सीएम ग्रिड योजना के तहत 46 करोड़ की लागत से मॉडल टाउन की सड़कों का नवीनीकरण व चौड़ीकरण होगा। इसमें दो चरणों में 3400 मीटर की चार सड़कें डाली जाएंगी। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि एफडीआर और वर्क-ऑर्डर जारी करने के बाद दो से तीन दिन में काम शुरू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (सीएम ग्रिड) योजना के तहत मॉडल टाउन की सड़कों को मॉडल रोड के तौर पर विकसित किया जाएगा। इस योजना में सात एजेंसियों ने टेंडर के लिए निविदाएं डाली थीं। सोमवार को लखनऊ में खुलने वाली फाइनेंशियल ग्रिड में दो फर्मों ने क्वालीफाई किया और बाकी पांच फेल हो गईं। इसके बाद अनमोल कंस्ट्रक्शन फर्म को सीएम ग्रिड योजना के पहले चरण की 3400 मीटर सड़क का 46 करोड़ का टेंडर जारी कर दिया गया।

# पत्योरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण

» सप्लाई होने वाले पेयजल में किसी भी दशा में हैवी मेटल, आर्सेनिक अथवा अन्य अशुद्धियां नहीं होनी चाहिए।

**विश्ववार्ता संवाददाता**



पाइप पेयजल योजना का निरीक्षण करते डीएम

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पत्योरा डांडा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का औचक रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम यमुना नदी पर बने इंटेक पंप हाउस का निरीक्षण किया तथा कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत बातचीत की तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने प्रोजेक्ट के अंतर्गत निर्मित अन्य इकाइयों का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत निर्मित इस पाइप पेयजल योजना के अंतर्गत सप्लाई होने वाले पेयजल में किसी भी दशा में हैवी मेटल, आर्सेनिक अथवा अन्य अशुद्धियां नहीं होनी चाहिए। इसके लिए नियमित रूप से पेयजल का लैब टेस्ट कराया जाए। परियोजना के अंतर्गत कवर किए जाने वाले सभी ग्रामों में टेल तक पानी पहुंचाया जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट के लैब में जाकर अपने सामने पानी की गुणवत्ता का लैब टेस्ट कराया। जोकि सही पाया गया। ज्ञात हो कि इस परियोजना के अंतर्गत कुल 131 गांव कवर किए जाने हैं। वर्तमान में लगभग 112 गांव में पेयजल सप्लाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने अवशेष गांवो में भी शीघ्रता से पेयजल आपूर्ति चालू करने के निर्देश दिए।

## पत्नी से विवाद के बाद लगाई फांसी

**बरेली।** क्योलड़िया थाना क्षेत्र के नकटी नारायणपुर गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह उसका शव गांव के पास पेड़ से लटकता हुआ मिला। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद हुआ था। जिसके बाद युवक ने फांसी लगा ली। युवक के एक व दो साल के दो मासूम बच्चे हीं, जिन्हें अपने पीछे बिलखता छोड़ गया।

जानकारी के मुताबिक नकटी नारायणपुर गांव निवासी 28 वर्षीय सूरजपाल पुत्र पप्पू लाल रुद्रपुर में रहकर मजदूरी करता था। फिलहाल अपने गांव आया हुआ था। मंगलवार सुबह उसका पत्नी के साथ विवाद हुआ जिसके बाद वह घर से निकल गया। उसका शव गांव के नजदीक ही एक पेड़ से लटका ग्रामीणों ने देखा तो परिजनों को सूचना दी। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे।

# सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट डॉक्टरों ने दिया ज्ञापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» भाजपा सरकार रोजी-रोटी देने के बजाय गरीब डॉक्टर को परेशान कर रही है

**शाहजहाँपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में महानगर के खिरनीबाग जीआईसी मैदान के पास दर्जनों रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट डॉक्टर एकत्रित हुए। और जुलूस के रूप में सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के साथ कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे उसके बाद कलेक्ट्रेट में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंदर सिंह को सौंपा।

इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट डॉक्टर के साथ उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार नाइंसाफी कर रही है उन्होंने कहा कोरोना कल में इन्हीं डॉक्टर ने अपनी जान को जोखिम में डालकर कोरोना मरीजों को घर-घर जाकर देख कर मरीजों को अपनी सेवाएं दी थी।

उन्होंने कहा भाजपा सरकार रोजी-रोटी देने के बजाय आज इन गरीब डॉक्टर को परेशान कर रही है और उनकी रोजी-रोटी से खिलवाड़ कर रही है। जिसको समाजवादी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी और इनको इंसाफ दिलाने की लड़ाई हर तरह से लड़ेगी।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान 31 तक

**हमीरपुर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं समुचित उपचार किया जाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतः शासन के निर्देशानुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। जिससे दिमागी बुखार एवं मियादी बुखार के प्रभाव से बचा सकें। घरों एवं खेतों में पाये जाने वाले चूहा एवं छछून्दर को भी वाहक के रूप में जिम्मेदार पाया गया है। जिसके नियत्रण के लिये कृषि विभाग द्वारा अपने समस्त क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से चूहा एवं छछून्दर से जनित रोग स्क्रब टाईफस एवं लेप्टोस्पायिरोसिस से बचाव की जानकारी कृषक भाईयों को दी जा रही है। इसके लिये निम्न प्रभावी तरीके अपनाये जिससे आपके आसपास संचारी रोगों पर नियंत्रण किया जा सके।

# आवारा सांड़ का आतंक, बंडा में एक की मौत, आधा दर्जन घायल

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बंडा।** थाना क्षेत्र बंडा के गांव पिपरा जब्ती में एक आवारा सांड ने आतंक मचा रखा है। इस सांड ने ओम प्रकाश को मौत के घाट उतार दिया, जबकि रामचंद्र श्रीवास्तव को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके अलावा गांव के आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिनमें सुरेंद्र सिंह चौहान भी शामिल हैं। घायलों ने बताया कि आवारा सांड का गांव में आतंक बना हुआ है। वन विभाग से बात करने पर उन्होंने बताया कि आवारा पशु वन जीव में नहीं आते हैं। इस मामले में अब प्रशासन और पुलिस की जांच चल रही है। मृतक के परिजनों को संवेदनाएं देते हुए जब इस बारे में एसडीम पुंवाया कोई जानकारी दी तो तुरंत एसडीम पुंवाया मोके पर पहुंच कर ग्रामीणों ने आवारा पशुओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले की जांच के लिए पुलिस और प्रशासन की टीम गांव में पहुंची है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।गांव के लोगों ने बताया कि आवारा सांड कई दिनों से गांव में घूम रहा था और कई लोगों को घायल कर चुका था। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस समस्या का समाधान करने के लिए जल्द कार्रवाई करनी चाहिए एसडीम पुवाया ने कहाँ इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है और आवारा पशुओं की समस्या का समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# बारिश से हुए नुकसान के आकलन के लिए एसडीएम ने कराई क्रॉप कटिंग

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» किसानों से अपने खेतो में पराली न जलाने की भी अपील की

**शाहजहांपुर।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संजय कुमार पाण्डेय की देखरेख में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़ों के संकलन को लेकर विकासखण्ड भावलखेड़ा के ग्रामपंचायत बिजलापुर में धान की फसल कटाई की स्थिति का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बिजलापुर के कृषक श्री कन्हई लाल, राकेश कुमार के धान के खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 10×10×10 मीटर का समबाहु त्रिभुज का प्लॉट बनावाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से फसल की क्रॉप कटिंग कराई।

इसके बाद उन्होंने धान की पिटाई कराकर उसकी तौल भी कराई, जिसमें 21.06 किलो ग्राम की फसल प्राप्त हुई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने क्षेत्र के बिजलापुर गांव में क्रॉप कटिंग के निरीक्षण के दौरान फसल नपाई, कटाई, सीसीई एग्री ऐप पर ऑनलाइन फीडिंग आदि बिंदुओं की जानकारी जिला सांख्यिकी अधिकारी, अजय विक्रम सिंह से ली व बीमा कम्पनी इफको टोकियो के जिला प्रबंधक शमी आलम से किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए साथ ही किसान बन्धुओं से आग्रह किया कि वे अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराए व अपने-अपने खेतो में पराली न जलाने की भी अपील की।

## एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन

**हमीरपुर।** आज विधान से समाधान के अन्तर्गत महिलाओं विधिक जानकारी के हितार्थ एक शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर गीतांजलि गर्ग द्वारा अपने वक्तव्य में बताया कि उक्त विधिक जागरूकता कार्यकम विधान से समाधान के अन्तर्गत महिलाओं की शिकायतों के समाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती है। यदि किसी प्रकार महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन होता है। तो वह अपने शिकायती प्रार्थना-पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर एवं सम्बन्धित थाना में निःसंकोच केस दर्ज करा सकती है। महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, दहेज उत्पीडन, एवं यौन उत्पीडन के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ आप जब ले सकते है।

# जॉन नेव स्कूल के बच्चों को समझाए गए सफलता सूत्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**



बच्चों को जीवन की सफलता के सूत्र बताते डॉ. विकास खुराना।

**शाहजहांपुर।** एसएसपीजी कॉलेज के इतिहास विभाग के अध्यक्ष डा. विकास खुराना ने लोदीपुर स्थित जॉन नेव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को जीवन की सफलता के सूत्र बताए। कार्यक्रम का आयोजन सीनियर और छोटे बच्चों के लिए पृथक पृथक सेशन में किया गया था। डा. विकास खुराना ने जहां छोटे बच्चों को पंचतंत्र की कहानियां सुनाकर उनमें नैतिक गुणों का समावेश कराना सुनिश्चित किया गया। वही सीनियर क्लास के बच्चो को विश्व के प्रमुख लेखकों दार्शनिकों एवं सफल व्यक्तियों के जीवन के वृतांत सुनाते हुए सफलता के अचूक मंत्र दिए गए।

डा खुराना ने बच्चो को बताया कि पूरे संसार में एक ही शक्ति है जिसे विवेक के रूप में जाना जाता है।धर्म शास्त्र इसका अस्तित्व संसार की उत्पत्ति से भी पहले का बताते है।बाइबल में उल्लेखित राजा सोलोमन की किताब बुक आफ दी विजडम से इसके बारे में महत्ती जानकारी मिलती है।

» संसार में एक ही शक्ति है जिसे विवेक के रूप में जाना जाता है

यह विवेक शक्ति विश्व की लगभग सभी धर्म किताबों में यत्र तत्र मिलती है और एक समान है। इसके अध्ययन से जीवन में न केवल नैतिक गुणों का समावेश होता है अपितु इसके अनुसरण करने मात्र से यश तथा कीर्ति चारों दिशाओं में फैलती जाती है।उन्होंने कहा पूरे विश्व की लगभग समस्त सभ्यताओ में सही और गलत की व्याख्या एक जैसी है।जो नैतिक है वह देश काल धर्म में सब जगह सही है और जो अनैतिक है वह प्रत्येक दृष्टि से गलत है।सारे संसार की विद्वता कलम और कागज के माध्यम से विश्व की महान पुस्तकों में निहित है।

## आज आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्या

**हमीरपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट हमीरपुर में पूनम द्विवेदी सदस्य उप्र. राज्य महिला आयोग लखनऊ द्वारा कल 16 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से जागरूकता शिविर/महिला जनसुनवाई एवं महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की जानी है। 16 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे जागरूकता शिविर में उपस्थित होकर महिला उत्पीड़न के सम्बन्ध में पूनम द्विवेदी, सदस्य उप्र. राज्य महिला आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं।

**रंगमंच** एसआरएमएस रिद्धिमा के प्रेक्षागृह में फोर्थ थिएटर फेस्टिवल रंग महोत्सव इंद्रधनुष के तीसरे दिन हुआ नाटक का मंचन

# 'किस्मत पैलेस' में हत्या और सस्पेंस

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** एसआरएमएस रिद्धिमा के प्रेक्षागृह में फोर्थ थिएटर फेस्टिवल रंग महोत्सव इंद्रधनुष के तीसरे दिन मंगलवार की शाम एकलव्य थिएटर देहरादून ने अखिलेश नारायण के निर्देशन में नाटक 'किस्मत पैलेस' का मंचन हुआ।

नाटक की शुरुआत फिल्म निर्माता और निर्देशक जय सिंह ऐडनवाला से होती है, जो नशे में गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटना का शिकार हो जाता है। उसे एक युवक सुभाष कुमार मौत से बचा लेता है और उसे घर छोड़ने जाता है। बंगले पर पहुंचने के बाद जय सिंह सुभाष को धन्यवाद देने के लिए अंदर बुलाते हैं। अपनी पत्नी मल्लिका से मिलवाते हैं और उसे अपना ड्राइवर बना लेते हैं। लेकिन मल्लिका इस फैसले को पसंद नहीं करती और चोरी के आरोप में फंसाकर सुभाष को घर से निकालने की कोशिश करती है। हालांकि सुभाष की बुद्धिमत्ता के चलते वह सफल नहीं होती। कर्ज में डूबे जय सिंह को मारकर मल्लिका उसके लाइफ इंश्योरेंस का 24 करोड़ रुपये हासिल करना चाहती है। ऐसे में जय सिंह सुभाष और मल्लिका को बुलाता है और सुभाष को एक पत्र देता है और मल्लिका को अपनी बीमा पॉलिसी में किए गए एक छोटे से बदलाव के बारे में बताता है। पॉलिसी की शर्तों के अनुसार, बीमा राशि का दावा केवल तभी किया जा सकता था, जब ऐडनवाला की हत्या हो जाए और वह खुद को मार न ले। ऐडनवाला कहता है कि उसे पता है कि मल्लिका उसकी आत्महत्या को हत्या दिखाने की कोशिश करेगी। यह कहते हुए, वह खुद को गोली मार लेता है। मल्लिका पुलिस को बुलाने के लिए दौड़ती है, लेकिन सुभाष उसे समझाता है कि वे दोनों मिलकर उसकी आत्महत्या को हत्या साबित कर सकते हैं। सुभाष इस शर्त पर उसके साथ सहयोग करने की पेशकश करता है कि वे बीमा राशि को आधा-आधा बांट लेंगे।

मल्लिका शुरू में झिझकती है लेकिन अंततः सुभाष की पेशकश स्वीकार कर लेती है जब वह उस पत्र का खुलासा करता है जिसे उसे लीगल एडवाइजर एडवोकेट मर्चेंट को देने के लिए कहा गया था, जिसमें दावा किया गया है कि ऐडनवाला ने मर्चेंट से मल्लिका को जेल से रिहा करने के लिए कहा था यदि वह उसकी मौत को हत्या साबित करने में सफल हो जाती है, और फिर बीमा कंपनी को पत्र दे देना ताकि वो उसे पैसे न दें।

» नाटक की शुरुआत फिल्म निर्माता और निर्देशक जय सिंह ऐडनवाला से होती है, जो नशे में गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटना का शिकार हो जाता है

फिर वे जय ऐडनवाला के शव को फ्रीजर में छिपाते हैं और घर से ऐडनवाला की मौत के सारे सबूत मिटाते हैं। दोनों ऐडनवाला के बीमार होने का दिखावा करते हैं। आत्महत्या को हत्या में बदलने के लिए दोनों प्लान बनाते हैं। जिसके मुताबिक सुभाष खुद को ऐडनवाला के रूप में अपना चेहरा छिपाते हुए नर्सिंग होम जाने के लिए मल्लिका के साथ घर से निकलता है। वह मल्लिका को कार में बांध देता है और बाहर निकल जाता है, ताकि ऐसा लगे कि गुंडों ने उसे फंसाया है और ऐडनवाला का अपहरण कर लिया है। सीबीआई एसीपी गोखले एडवोकेट मर्चेंट को ऐडनवाला के घर बुलाते हैं और गायब होने की रात के बारे में पूछताछ करते हैं। मर्चेंट गोखले को बताता है कि ऐडनवाला ने कोई वसीयत नहीं बनाई है। मर्चेंट तब सुभाष को बताता है कि ऐडनवाला ने एक वसीयत बनाई थी और अपनी जान बचाने के लिए उसे सुभाष को सौंप दी थी। इस जानकारी के बाद सुभाष शक के दायरे में आ जाता है। मर्चेंट को सुभाष सच सच बताता है और दावा करता है कि मल्लिका ने पूरी योजना बनाई थी। मर्चेंट फायदा उठाने का फैसला करता है और सुभाष से पावर ऑफ अटॉर्नी पर हस्ताक्षर करवाने का प्रयास करता है,जिससे मर्चेंट बीमा राशि और वसीयत दोनों को हासिल कर सके। सुभाष इससे मना कर देता है, तो मर्चेंट स्वाति को बंदूक की नोक पर ले जाता है, लेकिन तभी एसीपी गोखले के साथ पुलिस आ जाती है। सुभाष, ऐडनवाला की मौत के लिए मर्चेंट को दोषी ठहराता है। मर्चेंट अपने आप को फंसता देख सुभाष पर गोली चलाता है लेकिन तब तक गोखले मर्चेंट पर गोली चल देता है, जिससे मर्चेंट की मौत हो जाती है और किस्मत पैलेस का नया मालिक सुभाष बन जाता है ।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**हमीरपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की नवम बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा. नागेंद्रनाथ यादव ने कहा कि स्कूलों में बच्चों के लिए चलने वाले वाहनों/बसों आदि का फिटनेस परीक्षण कर लिया जाए, स्कूलों में अनफिट वाहन किसी भी दशा में ना चले।

कहा कि स्कूलों में छात्र छात्राओं को लाने-ले जाने वाले विद्यालय द्वारा अनुबंधित वाहन नियमानुसार पूर्णतया फिट होना चाहिए तथा उसमे सभी वैध प्रपत्र होने चाहिए। अनफिट/गैर मानक वाले वाहन किसी भी दशा में सड़को पर नहीं चलने चाहिए। सड़कों पर गोवंशों के बैठने से दुर्घटनाए होती है। अतः पुलिस, राजस्व एवं पशुपालन विभाग की टीम द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में कोई भी गोवंश सड़क पर नहीं बैठना चाहिए।

## एक नजर

### 42वीं वाहिनी पीएसी की स्थापना दिवस पर हुआ शस्त्र पूजन

**नैनी।** 42वीं वाहिनी पीएसी की स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया। सेनानायक राजेश कुमार श्रीबास्तव की उपस्थिति में शस्त्र पूजन किया गया। अधिकारियों ने परिसर में पौधारोपण किया। वाहिनी खेल ग्राउंड में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वाहिनी के जवानों ने बढ़-चढ़कर का हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपसेनानायक डा. मनोज कुमार, वाहिनी. चिकित्सक डा. प्रवीण कुमार, डा. चंद्रशेखर गुप्ता, दलनायक मिथिलेश कुमार राय, दलनायक योगेंद्र द्विवेदी, उपनिरीक्षक गोपनीय संजीव सिंह, सूबेदार मेजर रविकांत, उपनिरीक्षक लेखा सुनील कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### किशोरी की हत्या कर नाले में फेंकी गई थी लाश

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के वेदो गांव में किशोरी की हत्या करके नाले में लाश फेंकी गई थी। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ तो मुंह दबाकर मारने की पुष्टि हुई। शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी मिले हैं। हालांकि हत्या किसने और क्यों की, इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस कुछ संदिग्ध युवकों को उठाकर पूछताछ कर रही है। औद्योगिक क्षेत्र के वेदो गांव निवासी दिनेश पटेल की 16 वर्षीय पुत्री महिमा शनिवार की शाम घर से अचानक लापता हो गई थी। घरवाले उसे रात भर खोजते रहे, लेकिन पता नहीं चला। रविवार को किशोरी का शव घर से कुछ दूर स्थित नाले में मिला था। मृतका के शरीर में कई जगह चोट के निशान थे। परिवार वाले और ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे थे। सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो गया कि किशोरी की मुंह दबाकर हत्या की गई थी। मामले में औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने गांव के ही कुछ संदिग्धों को थाने लगाकर कालेज पूछताछ कर रही है। डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र टरों ने यादव का कहना है कि किशोरी की मुंह दबाकर हत्या की त कर गई थी। वह घरवालों से नाराज होकर बाहर निकली थी। गंभीर फिलहाल इस मामले में कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई है। जल्द ही इसका राजफाश कर दिया जाएगा

### मुकुट पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ



**नैनी।** जन सेवा समिति रामलीला का शुभारंभ सोमवार को श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर श्रीमद्जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री नारायणाचार्य जी महाराज के द्वारा भगवान श्री राम, माता जानकी, लखन लाल एवं वीर बजरंगी के मुकुट का पूजन- अर्चन कर किया गया। मुकुट पूजन के उपरांत श्री हनुमंत रामलीला मंडल, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा नारद मोह की लीला का अत्यंत भाव पूर्ण मंचन हुआ | देवर्षि नारद के काम विजय के अहंकार का नाश करने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु एक माया जनित नगर, एक राजकुमारी, राजकुमारी का स्वयंवर की रचना करते हैं । नारद जी राजकुमारी पर मोहित हो जाते हैं और अपनी सारी मर्यादा त्याग उससे विवाह करने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु से सुंदर रूप मांगते हैं । भगवान विष्णु उन्हें वानर रूप दे देते हैं और स्वयं स्वयंवर में जाकर राजकुमारी से विवाह कर लेते हैं । नारद जी क्रोधित होकर भगवान विष्णु को नारी विरह का श्राप दे देते हैं । भगवान के द्वारा अपनी माया समेट लेने पर जब नारद जी को वास्तविकता का भान होता है तो वह भगवान विष्णु से क्षमा याचना करते हैं। रामलीला में प्रमुख रूप से पार्षद पवन यादव, हरिशंकर सिंह एडवोकेट, आर एल डी दुबे, रवि सिंह, विनय सिंह, पूर्व प्रधान बच्चा लाल यादव एवं कृष्ण गोविंद, संतोष सिंह, हरि बाबू सिंह, अनिल चौधरी, सनी केसरवानी, सत्येन्द्र सोनकर, रमेश शर्मा, दिनेश सिंह, दयाशंकर तिवारी, अनुग्रह जायसवाल आर के शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### लोक निर्माण विभाग में आज होगी जनसुनवाई

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा द्वारा 16 अक्टूबर 2024 को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह (गेस्ट हाउस) प्रतापगढ़ में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु उनकी समस्याओं को सुना जाएगा। जनसुनवाई कार्यक्रम पूर्वान्ह 11 बजे से शुरू होगा और इसमें महिलाओं को उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। उसके उपरांत महिला बंदी गृह, बालिका/महिला गृह का निरीक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### सैनिक बन्धु की बैठक 17 को

**प्रतापगढ़।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर दिनेश कुमार मिश्र (अ0प्रा0) ने बताया है कि सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन दिनांक 17 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 बजे से किया जायेगा जिसमें जिले के समस्त पूर्व सैनिक/उनकी विधवायें/आश्रित/अपनी समस्याओं के साथ उपस्थित हो सकते है।

### डॉ जयप्रकाश सीनियर खो खो टीम के चयनकर्ता नियुक्त



**प्रयागराज।** इलाहाबाद इंटर कॉलेज प्रयागराज के वरिष्ठ प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा क्रीडाअध्यक्ष डॉ जयप्रकाश शर्मा को 68 वीं उत्तर प्रदेश विद्यालीय खो-खो सीनियर वर्ग अंडर-19 तथा जूनियर वर्ग अंडर 17 बालक वर्ग का चयन कर्ता नियुक्त किया गया है। यह नियुक्त प्राचार्य हरवंस सिंह डॉ भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालय कीड़ा संस्थान स्टेडियम अयोध्या द्वारा किया गया है। 68 वीं उत्तर प्रदेश विद्यालयीय खो- खो प्रतियोगिता अयोध्या में सीनियर वर्ग जूनियर वर्ग तथा सब जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता बालक एंव बालिका वर्ग का किया जा रहा है ।दिनांक 18 से 20 अक्टूबर तक बालक वर्ग की आयोजित हो रही वही बालिका वर्ग का 20 अक्टूबर को अपराहन 1:00 बजे से 22 अक्टूबर को सायंकाल तक संपन्न होगी एक दिन पूर्व दोनों वर्गों की टीमों को अयोध्या में रिपोर्ट करनी होगी। डॉक्टर शर्मा वर्तमान ने उत्तर प्रदेश खो - खो एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर हैं और स्कूली खो-खो प्रतियोगिता मे वर्ष 1996 से लगातार चयन कर्ता रहे और वर्ष वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश स्कूली खो- खो प्रतियोगिता बस्ती मे आयोजित हुई थी जिसमें पर्यवेक्षक भी डॉक्टर शर्मा को नियुक्त किया गया था और जिला आत्या -पटिया एसोसियेशन प्रयागराज तथा जिला सेपट टकरा एसोसिएशन प्रयागराज के अध्यक्ष पद पर अवैतनिक कार्यरत है। इस अवसर पर डॉक्टर जयप्रकाश शर्मा को बधाई देने वालों में सर्वश्री बी डी त्रिपाठी विनोद कुमार शर्मा कृपाराम मिश्रा महेश कुमार श्रीवास्तव डॉक्टर अनंत कुमार गुप्ता राजेंद्र प्रताप सिंह विनोद कुमार कुशवाहा अनिरुद्ध कुमार सिंह बृजेश चंद्र श्रीवास्तव अली अहमद खॉ विजय राय प्रभात कुमार राय विनोद कुमार पटेल अमर बहादुर पटेल साधना मिश्रा डॉक्टर मार्तंड चतुर्वेदी डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा डॉ प्रमोद शुक्ला मुकेश शुक्ला पंडित राजमणि त्रिपाठी ललित राय प्रमोद त्रिपाठी अजीत कुमार राय आदि ने बधाई दी।

# जिला अधिकारी ने कृषि विभाग की नमसा योजना की समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

» भूमि संरक्षण विभाग के समस्त अधिकारियो का स्पष्टीकरण के निर्देश दिए



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग की महत्वपूर्ण नमसा योजना की समीक्षा कर प्रगति संतोषजनक न होने पर समस्त भूमि संरक्षण अधिकारियों का स्पष्टीकरण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि नमसा योजना से किसानों को मिलने वाली आय सुनिश्चित करने और टिकाऊ खेती के राष्ट्रीय मिशन के तहत राज्य सरकार की ओर से नेशनल मिशन फॉर सस्टेनिवल एग्रीकल्चर योजना (नमसा ) की शुरुआत की गई है। नेशन मिशन सस्टेनेबल एग्रीकल्चर नमसा योजना के तहत इकाई राष्ट्रीय जलागम जालौन प्रथम क्लस्टर रुदावली, इकाई राष्ट्रीय जलागम जालौन द्वितीय क्लस्टर करमुखा व पिपरीगहरवार, इकाई डी0पी0ए0पी0 क्लस्टर का चयन किया गया। जिससे जनपद के किसान जल्द ही इस योजना से लाभान्वित होकर पशुपालन सहित खेती के क्षेत्र में सतत विकास की ओर अग्रसर होंगे। उक्त योजना की प्रगति संतोष जनक न होने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्धारित कार्यमदों के सापेक्ष अभियान चलाकर लक्ष्य को पूर्ति करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उप कृषि निदेशक व कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि नमसा योजना की प्रगति प्रतिदिन अनुश्रवण कर 15 दिवस के अंदर प्रगति में सुधार लाएं। रुचि न लेने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को परम्परागत खेती के अलावा हॉर्टिकल्चर बेस्ड में बगीचा स्थापना, इसमें फसल पद्धत्ति के साथ फलदार पौधे, दलहन फसल व सब्जियां को लगाया जाएगा। गाय, भैंस, भेड़, बकरी जिसके अंतर्गत उन्नत गाय/भैस/ डेयरी के साथ मिश्रित खेती में चारा उत्पादन, ट्री बेस्ड फार्मिंग सिस्टम, लिया जाएगा। इसमें फलदार पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा सहायक गतिविधियों में वर्मी कंपोस्ट इकाई निर्माण करवाया जाएगा।

## मेजा ऊर्जा निगम में दशहरा हर्षोल्लास से मनाया



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रयागराज।** मेजर ऊर्जा निगम में विजयदशमी का पर्व बहुत ही हर्षोल्लाश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मेजा ऊर्जा नियम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री कमलेश सोनी तथा अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती अनु सोनी एवं अन्य महाप्रबंधक गणो द्वारा प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना के साथ की गई। तत्पश्चात श्री कमलेश सोनी द्वारा रावण के प्रतीक स्वरूप पुतले का दहन किया गया एवं इसके साथ-साथ कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का भी दहन किया गया। इस कार्यक्रम में रावण, कुंभकरण तथा मेघनाथ के पुतलों के दहन के अतिरिक्त शानदार आतिशबाजी का प्रदर्शन भी किया गया । विजयदशमी के इस पावन अवसर पर मेजा ऊर्जा निगम परियोजना के आवासीय परिसर में रहने वाले सभी कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य तथा सहयोगी संस्थाओं के कर्मचारी एवं परिवार के सदस्यों ने आतिशबाजी का भरपूर आनंद लिया। अपने संबोधन में श्री कमलेश सोनी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेजा ऊर्जा निगम ने सभी कर्मचारियों को एवं उनके परिवार के सदस्यों को विजयदशमी की शुभकामनाएं प्रेषित की तथा सभी से अनुरोध किया कि प्रभु श्री राम के जीवन से हमें प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना है तथा किसी भी कठिनाई से विचलित नहीं होना है।

## डीएम ने दिए वर्चुअल बैठक में सभी खंड विकास अधिकारी व ई ओ को निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु वर्चुअल बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

» 25 अक्टूबर को मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह का आयोजन नवीन मंडी कालपी रोड में किया जाएगा

उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायतों में प्राप्त आवेदन पत्रों का सत्यापन कर शीघ्र ही मुख्य विकास अधिकारी व समाज कल्याण अधिकारी को भेजें, 25 अक्टूबर को मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह का आयोजन नवीन मंडी कालपी रोड में किया जाएगा। नगर पंचायत कोटरा, नदीगांव, कदौरा द्वारा एक भी आवेदन पत्र ऑनलाईन नहीं भराया गया है, तथा अद्यतन तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों में से एक भी आवेदन पत्र को सत्यापनोपरान्त अग्रसारित नहीं किया गया है, जोकि अत्यन्त आपत्तिजनक है। जनपद में मुख्यालय पर 25.10.2024 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

## दवा खाने से किशोरी की हालत बिगड़ी मौत

**बांदा।** दवा खाने से किशोरी की हालत बिगड़ गई। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चित्रकूट जिले के रसिन गांव निवासी 12 वर्षीय प्रार्थना पुत्री अनूप तिवारी की सोमवार को अचानक हालत बिगड़ गई। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज होने से पहले उसने दम तोड़ दिया। मृतका बुआ स्टाफ नर्स शिवानी गर्ग ने बताया कि प्रार्थना की मां कांति का कहना था कि प्रार्थना बुखार से पीड़ति थी। नवरात्र में देवी दर्शन को गई थी । वह गिर पड़ी थी जिससे उसके सिर पर चोट लग गई। घरवालों ने उसका गांव के डॉक्टर से इलाज कराया डॉक्टर ने बुखार और दर्द की दवा दी थी। दवा खाने के बाद उसकी अचानक हालत बिगड़ गई।

## छात्रा काजल अहिरवार बनी एक दिन की डीएम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** प्रदेश सरकार के विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन व संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में जनपद में विभिन्न प्रकार की मिशन शक्ति जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कराया जा रहा है।

मिशन भक्ति के अन्तर्गत आज छात्रा काजल अहिरवार ने प्रतीकात्मक रुप से एक दिन के लिये जिलाधिकारी के रुप में जिले की कमान संभ्भाली।

जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठने के पश्चात छात्रा काजल अहिरवार ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुये जिलाधिकारी के पद एवं दायित्वों के निर्वहन की सीख ली। अफसर बनी छात्रा ने फरियादियों की शिकायतों को सुना एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित



एक दिन की जिलाधिकारी बनी कु0 काजेल अहिरवार समस्याएं सुनतीं हुईं।

» छात्रा कु0 काजल अहिरवार ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुये जिलाधिकारी पद एवं दायित्वों के निर्वहन की सीख ली

अधिकारियों को निर्देशित भी किया। प्रतीकात्मक रुप से एक दिन की जिलाधिकारी काजल अहिरवार ने कहा कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करके आईएएस बनना चाहती है।प्रतीकात्मक जिलाधिकारी काजल अहिरवार ने अपने मनोविचार साझा करते हुये कहा कि, ₹जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में वाहन चालकों का नेत्र व स्वास्थ परीक्षण किया

**उरई।** पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद में चल रहे दिनांक 02.10.24 से



16.10.24 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्कूल में सभी वाहन चालकों के नेत्र व स्वस्थ परीक्षण किया गया साथ में सड़क सुरक्षा संबंधी यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर आमजनमानस को फूल माला पहनाकर जागरूक किया गया।

## दो हत्याभियुक्तों को 10 वर्ष की कैद व 10 हजार जुर्माने की सजा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» शत्रुघन को धारदार हथियार से घायल कर दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी

**बांदा।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान आपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में वर्ष-2021 में धारदार हथियार से व्यक्ति की हत्या करने वाले 2 अभियुक्तों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया।

गौरतलब हो कि कस्बा बबेरु के रहने वाले समर सिंह पुत्र दिग्पाल सिंह ने 6 जून 2021 को थाना बबेरु पर सूचना दी कि कस्बे के ही रहने वाले अभियुक्त मंतोष सिंह व किस्मत सिंह ने उनके बड़े भाई शत्रुघन सिंह को धारदार हथियार (हसिया) मारकर व मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया जिसकी इलाज के लिये अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गयी। इस सम्बन्ध में थाना बबेरु पर पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना उ.नि. सुजीत कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही थी। विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना व साक्ष्य संकलन करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा 25 जुलाई 2021 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। अभियोजक सुशील कुमार तिवारी द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर महिला आरक्षी शिप्रा सचान तथा पैरोकार आरक्षी चक्रधारी के अथक प्रयासों से अभियुक्तों को न्यायालय एडीजे-1 बांदा द्वारा 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बांदा।** भांजे के बर्थडे कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे मामा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी घर वालों को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव निवासी 21 वर्षीय विनोद पुत्र जगमोहन के भांजे का सोमवार को बर्थडे था। वह बाइक से बर्थ डे में शामिल होने जसईपुर जा रहा था। तभी परसौड़ा और मिरगाहनी के बीच सामने से आ रहे। अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से मिले मोबाइल नंबर पर पुलिस ने रिश्तेदारों को सूचना दी। सूचना पाकर रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए।

## महाप्रबन्धक ने 8 रेल कर्मचारियों को दिए संरक्षा पुरस्कार

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**प्रयागराज।** सितम्बर माह के लिए महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, श्री जे.सी.एस. बोरा एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झाँसी , आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित 8 रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक महोदय के द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए।

» कमल चन्द्र यादव, ट्रैक मेन्टेनर-IV बने माह सितम्बर, 2024 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी

पुरस्कृत कर्मचारियों में 1. श्री आलोक कुमार, लोको पायलट/प्रयागराज, प्रयागराज मण्डल 2. श्री पंकज कुमार, सहायक लोको पायलट/प्रयागराज, प्रयागराज मण्डल 3. श्री विजय बहादुर यादव, लोको पायलट/प्रयागराज, प्रयागराज मण्डल 4. श्री अनुभव मोहन सिंह, सहायक लोको पायलट/प्रयागराज, प्रयागराज मण्डल 5. श्री सूर्य प्रकाश, ट्रेन मैनेजर/जीएमसी/प्रयागराज मण्डल 6. श्री इमरान अंसारी, प्वाइण्टसमैन/बबीना/झाँसी मण्डल 7. श्री कप्तान सिंह, ट्रैक मेन्टेनर/घासी नगर/ आगरा मण्डल 8. श्री कमल चन्द्र यादव, ट्रैक मेन्टेनर/मेजा रोड/प्रयागराज मण्डल शामिल हैं।

## चौबीस घंटे के अंदर हत्या का खुलासा बाइक समेत अभियुक्त गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार के कुशल नेतृत्व में एसओजी सर्विलांस टीम जालौन एवं कालपी कोतवाली पुलिस द्वारा हत्या की घटना का खुलासा महज 24 घंटे के अन्दर सफल अनावरण करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की गयी। 14 अक्टूबर 24 को वादी मुकुट सिंह पुत्र हरदास नि० ग्राम लमसार थाना कोतवाली कालपी जनपद जालौन के द्वारा थाना कालपी क्षेत्रान्तर्गत जोहल्पुर मोड हमीरपुर रोड के किनारे घटोई बाबा मन्दिर के पास एक शव मिलने के सम्बन्ध में तहरीरी सूचना दी गयी जिसके आधार पर कालपी कोतवाली में मु0अ0सं0 238 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

विवेचना के दौरान कालपी कोतवाली पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस की संयुक्त



» घटोई बाबा मन्दिर के पास एक शव मिलने के सम्बन्ध में तहरीरी सूचना दी गयी

टीम द्वारा सुरागरसी-पतारसी के दौरान मुकदमा उपरोक्त में हत्या की घटना कारित करने वाला अभियुक्त प्रकाश में आये अभियुक्त प्रशान्त उर्फ गुल्लन पुत्र अवधेश सिंह उम्र करीब 34 वर्ष निवासी ग्राम गरेंही थाना कदौरा जनपद जालौन को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त प्रशान्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद कर अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की गयी।

## नशे में युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी

**बांदा।** माता-पिता से अभद्रता करने के बाद युवक ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शव देखते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के लखमी थोक निवासी 27 वर्षीय अवधेश पुत्र कल्लू वर्मा के चचेरे भाई बच्चू वर्मा का सोमवार को बरीक्षा कार्यक्रम का काम चल रहा था। मेहमान छत पर भोजन कर रहे थे। इसी बीच अवधेश नशे में घर आया और माता-पिता को गाली गलौज करने लगा नाते रिश्तेदारों ने उसे समझा बूझाकर शांत कराया। वह कमरे के अंदर घुस गया उसने कमरे के रोशन दान में लोअर से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। रात को मेहमानों के खाना खाने के बाद पारिवारिक चाचा रामनरेश अवधेश को खाना खाने के लिए जागने गया देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था।

## दंपति ने बच्चों संग लगाई एसपी से न्याय की गुहार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के लाखीपुर गांव निवासी जंगबहादुर ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर चुराया गया सामान वापस कराने की मांग की है। उसका कहना है कि मुकामी पुलिस ने गलत-सलत मुकदमा दर्ज कर मामले की लीपा-पोती की है। चोरी गया सामान बरामद न कराकर इधर, उधर का सामान दिखाकर पहचान कराई जाती रही है। उसने आरोप लगया कि मुकामी पुलिस चोरी के अभियुक्तों से मिली हुई है।

कमासिन एसओ कहते हैं कि जहां जाना हो जाओ कुछ नहीं कर पाओगे। दूसरी तरफ चोरी के आरोपी उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। धमकाया जा रहा है कि अगर चुप न बैठे तो किसी झूठे मुकदमें में फंसाकर जेल भिजवा देंगे।



» थाने में लिखित शिकायत दी थी किन्तु पुलिस वालों ने रिपोर्ट नहीं लिखी, थाने से भगा दिया

जंगबहादुर ने बताया कि उसके घर 16 जुलाई को रात 1.30 बजे गांव के ही प्रेमचंद्र आदि लोग चोरी की नियत से घुसे थे। घर में केवल अकेले पत्नी थी वह बाहर गया हुआ था। उक्त लोगों ने प्रार्थी के घर से कान के झुमके, कान की बिजली, मंगलसूत्र, मंनचली, दो सेट पायल, एक सेट पैर की आदल, सोने की अंगूठी, चांदी की हाफ पेटी, दो नाक की कील, नाक की बेसर, पांच सेट बिछिया आदि चोरी करके भाग गए थे। मेरी पत्नी ने चोरों को पहचान लिया था।

जंगबहादुर का कहना था कि अगले दिन उसने थाने में लिखित शिकायत दी थी किन्तु पुलिस वालों ने रिपोर्ट नहीं लिखी, थाने से भगा दिया। कई बार प्रार्थना पत्र दे चुका है। उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही। मंगलवार को एसपी कार्यालय आए जंगबहादुर कहा कहना है कि वह दौड़ते-दौड़ते परेशान हो चुका है। अब वह अपने बच्चों और पत्नी समेत आत्महत्या करने को मजबूर हो गया है। यदि उसकी सुनवाई नहीं होती तो वह परिवार समेत आत्महत्या कर लेगा।

## मोहम्मद शारिक़ बने सपा राज्य कार्यकारिणी के प्रदेश सचिव

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के साथ विभिन्न प्रकोष्ठों में असम पद पर रह कर समाजवाद का झंडा बुलंद करने वाले प्रयागराज चकदोंदी नैनी के रहने वाले मोहम्मद शारिक़ को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति के बाद प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने समाजवादी पार्टी राज्य कार्यकारिणी में सचिव पद पर नामित किया। राष्ट्रीय मुख्य महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव, प्रयागराज के जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष को इस सम्बन्ध की पत्र प्रतिलिपि प्रेषित कर बधाई दी गई।

समाजवादी पार्टी महानगर प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने उक्त सम्बन्ध में बताया कि मोहम्मद शारिक़ एक जुझारू व समर्पित कार्यकर्ता के साथ विभिन्न रामलीला कमेटी व नैनी व्यापार मंडल के संरक्षक भी हैं और समाजसेवा में हमेशा अग्रणी भूमिका भी निभाते चले आ रहे हैं।

**सम्मान** प्रधानाचार्य फादर वाल्टर डी सिल्वा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया सम्मानित

# छात्रों के संचार कौशल को सुधारती है वाद विवाद प्रतियोगिता : सेठी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रयागराज।** मंगलवार को संत जोसेफ कॉलेज में श्री इंदर मोहन सेठी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह प्रतियोगिता कॉलेज के लिटरेरी संगठन एवं शिक्षिका स ए० जे० डी क्रूज़ के सफल नेतृत्व में हुई। जूनियर वर्ग में पक्ष में बोलते हुए दक्ष अभिषेक लायल ने प्रथम स्थान और ख्वाजा अहमद इब्राहिम ने रनर अप का स्थान प्राप्त किया । विपक्ष में बोलते हुए राघव मिश्रा ने प्रथम स्थान और शौर्य गोस्वामी ने रनर अप का स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में पक्ष में बोलते हुए मो० सुल्तान ने प्रथम स्थान और निष्कर्ष गुप्ता के रनर अप का स्थान प्राप्त किया । विपक्ष में बोलते हुए आदित्य मिश्रा ने प्रथम स्थान और सार्थक सिंह ने रनर अप का स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि रवि मोहन सेठी ने सभी को संबंधी करते हुए सर्वप्रथम रेव० फादर वाल्टर डी सिल्वा एवं पूर्व प्रधानाचार्य रेव० फादर थॉमस कुमार का धन्यवाद दिया । उन्होंने कहा कि वे इस विद्यालय के छात्रों के कौशल जैसे वाद विवाद, एक्सटेंपोर, आदि के विकास के अपना योगदान देना चाहते हैं । उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि वाद विवाद छात्रों के संचार कौशल को सुधारता है एवं उनकी सोचने की क्षमता को और अधिक बढ़ता है । उन्होंने फादर रीगो का वर्णन करते हुए अपने अनुभवों के बारे में बताया और कहा कि लोकप्रिय होने की कोशिश मत करो ,



बस अपने में विश्वास रखो। अंत में उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाबों को देते हुए अपनी वाणी को विराम दिया ।प्रधानाचार्य रेव० फादर वाल्टर डी सिल्वा ने संबोधित करते हुए कहा कि यहाँ पर सभी प्रतियोगी विजेता हैं क्योंकि चाहे वो जीते या ना जीते वे खाली हाथ नहीं जाएँगे। उन्होंने कहा कि अगली बार वाद विवाद का विषय अनुशासन और समय की पाबंदी होना चाहिए क्योंकि सभी के लिए यह महत्वपूर्ण हैं । अगर आपके जीवन में ये दोनों हैं तो आप जरूर सफल होंगे । अंत में उन्होंने किताबों के महत्व पर ज़ोर डालते हुए अपनी वाणी को विराम दिया।

यह प्रतियोगिता स्टेलर ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित की गई थी।कार्यक्रम के प्रारंभ में लिटरेरी संगठन के अध्यक्ष सार्थक सिंह ने मुख्य अतिथि रवि मोहन सेठी , प्रतियोगिता के जज- दिव्या राज, ए० साइमन और डॉ० (श्रीमती) पी० चैतन्य , प्रधानाचार्य रेव० फादर वाल्टर डी सिल्वा, एडिशनल ऐडमिनिस्ट्रेटर श्री ए० मगान एवं मुख्य समन्वयक ज्योति दुबे का स्वागत किया। जिसके बाद देवांश पांडेय द्वारा प्रभु वचन का पाठ एवं शयान ज़मन द्वारा प्रार्थना की गयी और प्रार्थना गीत गाया गया। रवि मोहन सेठी ने भेंट के रूप अपने विद्यालय को एक बड़ी धनराशि भी दी ।

तदोपरांत प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट किया । इसके साथ ही यह प्रतियोगिता प्रारंभ हुई जिसमें पहले जूनियर वर्ग ने अपना प्रदर्शन दिया । जूनियर वर्ग का विषय था ₹किशोरों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए इंटरनेट पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए₹ । दोनों पक्षों ने बड़ी बखूबी से अपने अपने पक्ष रखे एवं सवालों के उत्तर दिए। इसके बाद सीनियर वर्ग ने वाद विवाद किया जिनका विषय था ₹नफ़रत फैलाने वाले भाषणों से निपटने के लिए कैंसिल कल्चर एक प्रभावशाली उपकरण है₹ । इसके बाद प्रधानाचार्य रेव० फादर वाल्टर डी सिल्वा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। जिसके उपरान्त धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया गया।कार्यक्रम का अंत राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## एसएसपी उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि जनपद में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी एवं एसएसपी उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है। जनपद में किसी भी प्रकार के उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। जनपद में डीएपी, एनपीके एवं यूरिया सहित सभी प्रकार के उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही इनकी निर्धारित दरों पर विक्री की जा रही है। दिनांक 10.10.2024 को जनपद में यूरिया 17918 मै0टन, डीएपी 3577 मै0टन, एनपीके 4011 मै0टन, एमओपी 1235 मै0टन एवं एसएसपी 475 मै0टन की उपलब्धता है। वर्तमान में रबी अभियान के तहत कृषक भाईयों द्वारा दलहन, तिलहन आदि फसलों हेतु डीएपी से बेहतर विकल्प के रूप में एनपीके खाद का प्रयोग करना चाहिये, इसके साथ ही किसान भाई एसएसपी का प्रयोग अधिक से अधिक करें जिससे भूमि को अन्य तत्वों के साथ सल्फर भी मिल सके।

## संपादकीय

### रिश्तों में कड़वाहट

कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की वोट बैंक की राजनीति ने भारत के साथ कनाडा के रिश्तों को निम्नतम स्तर पर पहुंचा दिया है। कनाडा में सिखों की आबादी काफी है जिन्हें जस्टिन ट्रूडो अपने वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करते हैं। इस कारण से वह कनाडा में बसे खालिस्तान के समर्थकों पर नरम रुख अपनाते हैं। लिहाजा खालिस्तानी आतंकवादियों के मुद्दे पर भारत और कनाडा के रिश्तों में कड़वाहट लगातार बढ़ती जा रही है। कनाडा ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय राजनयिक की तरफ उंगली उठाई तो भारत ने इसे बर्दाश्त से बाहर बताते हुए अपने उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया। इसके साथ ही भारत ने कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित भी कर दिया। उसके बाद कनाडा ने पश्चिमी देशों में भारत के खिलाफ गुटबंदी की कोशिशें तेज कर दी हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस संबंध में यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से बात की है। जस्टिन ट्रूडो ने अपने विदेश मंत्री को अमेरिका और पश्चिमी देशों के उच्च पदस्थ अधिकारियों से संपर्क साधकर भारत के खिलाफ नैरेटिव सेट करने का निर्देश दिया है। भारत ने भी जस्टिन ट्रूडो के नफरती इरादों पर पानी फेरने के लिए कमर कस ली है। दरअसल, जस्टिन ट्रूडो जब 2015 में कनाडा के प्रधानमंत्री बने, तब से ही भारत के साथ कनाडा के रिश्तों में खटास आने लगी थी। जस्टिन ट्रूडो से पहले के कनाडाई प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने भारत के साथ अच्छे संबंध बना रखे थे, लेकिन ट्रूडो ने भारत के प्रति उदासीनता दिखाई। फिर भारत और कनाडा के बीच संबंध धीरे-धीरे खराब होने लगे। ट्रूडो की खालिस्तानी समर्थकों के प्रति नरम नीति और जगमीत सिंह के साथ गठबंधन से यह तनाव और बढ़ा। 2018 में ट्रूडो की विवादित भारत यात्रा के बाद से संबंधों में खटास बढ़ने लगी। 2020 में किसान आंदोलन पर ट्रूडो की टिप्पणी ने भी तनाव को और बढ़ाया। 2023 में हरदीप निज्जर की हत्या और ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों ने दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों को बुरी तरह से प्रभावित किया। 2018 में भारत के साथ संबंध सुधारने के उद्देश्य से ट्रूडो ने भारत की यात्रा की, लेकिन यात्रा विवादास्पद रही क्योंकि खालिस्तानी आतंकवादी जसपाल अटवाल को कनाडा के एक राजनयिक कार्यक्रम में निमंत्रण दिया गया था। यह निमंत्रण रद्द कर दिया गया, लेकिन इस घटना ने भारत में नाराजगी पैदा की। भारत और कनाडा ने आतंकवाद विरोधी सहयोग पर एक समझौता किया जिसमें पहली बार खालिस्तानी आतंकवाद का उल्लेख किया गया। लेकिन कनाडा की सरकार पर खालिस्तानी समूहों के दबाव के कारण अगले साल इस रिपोर्ट से खालिस्तानी चरमपंथ का जिक्र हटा दिया गया। 2021 में ट्रूडो की पार्टी ने जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ गठबंधन किया जो खालिस्तानी समर्थक माने जाते हैं। सिंह के भारत विरोधी रुख के कारण तनाव और बढ़ गया। सितंबर 2023 में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया कि हरदीप निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों का हाथ है। यह एक चौंकाने वाला बयान था और इससे राजनयिक तनाव अपने चरम पर पहुंच गया। भारत ने इन आरोपों को सख्ती से नकार दिया और दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित कर दिया। कनाडा अपने आरोपों को लेकर ठोस सबूत देने में असफल रहा तो यह तनाव और गहरा गया। भारत ने कनाडा पर खालिस्तानी अलगाववाद का समर्थन करने का आरोप लगाया। 2023 के अंत में कनाडा ने भारतीय राजनयिकों पर खालिस्तानी समर्थकों पर हमलों में शामिल होने का आरोप लगाया और जांच शुरू की। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत ने कई राजनयिकों को वापस बुला लिया और कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया। व्यापार और आव्रजन से संबंधित सभी वार्ताएं बंद हो गईं और दोनों देशों के बीच संबंध गंभीर रूप से खराब हो गए। दोनों देशों के बीच संबंध अब लगभग पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। ट्रूडो ने पश्चिमी नेताओं से समर्थन मांगा जबकि भारत ने अपनी स्थिति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मजबूत करने की कोशिश की है। यह साफ है कि अगर कनाडा को भारत के साथ सम्बंध पटरी पर लाने हैं तो उसे खालिस्तानी आतंकवादियों के प्रति नरम रुख अपनाने से निश्चित तौर पर परहेज करना होगा।

## कटाक्ष

हसन जैदी




# करोड़ों टन खाने की बर्बादी बनाम भूख से मुठभेड़


अरविंद जयतिलक

यह कितना विडंबनापूर्ण है कि हर वर्ष करोड़ों टन खाने की बर्बादी हो रही है वहीं दुनिया में दाने-दाने के लिए मोहताज लोगों की तादाद बढ़ रही है। अभी गत वर्ष ही सयुक्त राष्ट्र की 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2022' रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ कि दुनिया के 73.5 लोग भुखमरी के शिकार हैं जबकि 2019 में यह संख्या 61.8 करोड़ थी। यानी गौर करें तो महज तीन साल के दौरान ही 12.2 करोड़ लोग बढ़ गए जिन्हें एक वक्त का खाना नसीब नहीं हुआ। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में दुनिया की 11.3 फीसदी अर्थात 90 करोड़ लोगों को भरपेट खाना नहीं मिला।

दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की 2022 की ही रिपोर्ट पर गौर करें तो दुनिया भर में अनुमानित रुप से 93.10 करोड़ टन खाना बर्बाद हुआ जो वैश्विक स्तर पर कुल भोजन का 17 फीसदी है। रिपोर्ट के मुताबिक इसका 61 फीसदी हिस्सा घरों से, 26 फीसदी खाद्य सेवाओं व 13 फीसदी हिस्सा खुदरा जगहों से बर्बाद हुआ। यानी इस तरह दुनिया में सालाना प्रति व्यक्ति 121 किलो खाना बर्बाद हुआ। बर्बाद होने वाले खाने को तौलें तो यह 40-40 टन वाले 2.3 करोड़ ट्रकों में समाएगा जो कि पूरी पृथ्वी का सात बार चक्कर लगाने के लिए पर्याप्त है।

**विश्व खाद्य दिवस पर विशेष**

खाने की बर्बादी के मामले में पहला स्थान चीन का है जहां हर साल 9.6 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। दूसरे स्थान पर भारत है जहां हर साल 6.87 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। यह प्रति व्यक्ति के हिसाब से 50 किलो ठहरता है। खाने की यह बर्बादी इस अर्थ में ज्यादा चिंतनीय है कि एक ओर जहां दुनिया भर के 73.5 करोड़ लोग भुखमरी के शिकार हैं और 300 करोड़ लोगों को सेतहमंद भोजन नहीं मिल पाता है वहीं करोड़ों टन खाना बर्बाद हो रहा है। याद होगा गत वर्ष पहले एसोचैम और एमआरएसएस इंडिया की एक रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में हर वर्ष 440 अरब डॉलर के दूध, फल और सब्जियां बर्बाद होते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक विश्व के एक बड़े उत्पादक देश होने के बावजूद भी भारत में कुल उत्पादन का करीब 40 से 50 फीसदी भाग जिसका मूल्य लगभग 440 अरब डॉलर के बराबर है, बर्बाद हो जाता है।

एक आंकड़े के मुताबिक देश में हर साल उतना भोजन बर्बाद होता है जितना ब्रिटेन उपभोग करता है। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में 2015-16 में कुल अनाज उत्पादन 25.22 करोड़ टन था। यानी यह 1950-51 के पांच करोड़ टन से पांच गुना ज्यादा है। लेकिन इसके बावजूद यह अन्न लोगों की भूख नहीं मिटा पा रहा है। ऐसा नहीं है कि यह उत्पादित देश की आबादी के लिए कम है। लेकिन अन्न की बर्बादी के कारण करोड़ों लोगों को भूखे पेट रहना पड़ रहा है। भोजन की कमी से हुई बीमारियों से देश में सालाना हजारों बच्चों की जान जाती है। वैश्विक भूख सूचकांक-2023 के मुताबिक ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत दुनिया के 125 देशों में 111 वें स्थान पर था जो 2024 में 127 देशों में 105 वें स्थान पर है। भारत को इस सूचकांक में गंभीर श्रेणी में रखा गया है। भारत का स्कोर 27.3 है जो पिछले साल से थोड़ा बेहतर है। यहां ध्यान देना होगा कि बर्बाद भोजन को पैदा करने में 25 प्रतिशत स्वच्छ जल का इस्तेमाल होता है और साथ ही कृषि के लिए जंगलों को भी नष्ट किया जाता है। इसके अलावा बर्बाद हो रहे भोजन को उगाने में 30 करोड़ बैरल तेल की भी खपत होती है। बर्बाद हो रहे भोजन से जलवायु प्रदूषण का खतरा भी बढ़ रहा है। उसी का नतीजा है कि खाद्यान्नों में प्रोटीन और आयरन की मात्रा लगातार कम हो रही है। खाद्य वैज्ञानिकों का कहना है कि कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन की अधिकता से भोजन से पोषक तत्व नष्ट हो रहे हैं जिसके कारण चावल, गेहूं, जौ जैसे प्रमुख खाद्यान में प्रोटीन की कमी होने लगी है। आंकड़ों के मुताबिक चावल में 7.6 प्रतिशत, जौ में 14.1 प्रतिशत, गेहूं में 7.8 प्रतिशत और आलू में 6.4 प्रतिशत प्रोटीन की कमी दर्ज की गयी है। अगर कार्बन उत्सर्जन की यही स्थिति रही तो 2050 तक दुनिया भर में 15 करोड़ लोग इस नई वजह के चलते प्रोटीन की कमी का शिकार हो जाएंगे। यह दावा हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने अपनी ताजा रिपोर्ट में किया है। यह शोध एनवायरमेंटल हेल्थ पर्सपेक्टिव जर्नल में प्रकाशित हुआ। एक अनुमान के मुताबिक 2050 तक भारतीयों के प्रमुख खुराक से 5.3 प्रतिशत प्रोटीन गायब हो जाएगा। इस कारण 5.3 करोड़ भारतीय प्रोटीन की कमी से जूझेंगे। गौरतलब है कि प्रोटीन की कमी होने पर शरीर की कोशिकाएं ऊतकों से उर्जा प्रदान करने लगती हैं। चूंकि कोशिकाओं में प्रोटीन भी नहीं बनता है लिहाजा इससे ऊतक नष्ट होने लगते हैं। इसके परिणामस्वरूप व्यक्ति धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है और उसका शरीर बीमारियों का घर बन जाता है।

अगर भोज्य पदार्थों में प्रोटीन की मात्रा में कमी आयी तो भारत के अलावा उप सहारा अफ्रीका के देशों के लिए भी यह स्थिति भयावह होगी। इसलिए और भी कि यहां लोग पहले से ही प्रोटीन की कमी और कुपोषण से जूझ रहे हैं। बढ़ते कार्बन डाई आक्साइड के प्रभाव से सिर्फ प्रोटीन ही नहीं आयरन कमी की समस्या भी बढ़ेगी। दक्षिण एशिया एवं उत्तर अफ्रीका समेत दुनिया भर में पांच वर्ष से कम उम्र के 35.4 करोड़ बच्चों और 1.06 महिलाओं के इस खतरे से ग्रस्त होने की संभावनाएं हैं। इसके कारण उनके भोजन में 3.8 प्रतिशत आयरन कम हो जाएगा। फिर एनीमिया से पीड़ति होने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। प्रोटीन की कमी से कई तरह की बीमारियों का खतरा उत्पन हो गया है।

अभी गत वर्ष ही इफको की रिपोर्ट में कहा गया कि कुपोषण की वजह से देश के लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। कुछ इसी तरह की चिंता ग्लोबर हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट में भी जताया गया है। हालांकि यूनाइटेड नेशन के फूड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के कारण अब भारत में पिछले एक दशक में भूखमरी की समस्या में तेजी से कमी हुई है जिससे कुपोषण का संकट घटा है। यहां ध्यान देना होगा कि दुनिया भर में सालाना जितने अन्न की वैश्विक बर्बादी हो रही है, उसकी कीमत तकरीबन 1000 अरब डॉलर है।

दुनिया भर में अन्न की बर्बादी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यदि कुल बर्बाद भोजन को 20 घनमीटर आयतन वाले किसी कंटेनर में एक के बाद एक करके रखें और ऊंचाई में बढ़ाते जाएं तो 1.6 अरब टन भोजन से चांद तक जाकर आया जा सकता है। आंकड़ों के मुताबिक विकसित देशों में अन्न की बर्बादी के कारण 680 अरब डॉलर और विकासशील देशों में 310 अबर डॉलर का नुकसान हो रहा है। ध्यान देने वाली बात यह कि अमीर देश भोजन के सदुपयोग के मामले में सबसे ज्यादा संवेदनहीन और लापरवाह हैं। इन देशों में सालाना 22 करोड़ टन अन्न बर्बाद होता है जबकि उप सहारा अफ्रीका में सालाना कुल 23 करोड़ टन अनाज पैदा किया जाता है।

दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका की ही बात करें तो यहां जितना अन्न खाया जाता है, उससे कहीं अधिक बर्बाद होता है। आंकड़ों के मुताबिक केवल खुदरा कारोबारियों और उपभोक्ताओं के स्तर पर अमेरिका में हर साल 6 करोड़ टन अन्न बर्बाद होता है। अगर भारत की बात करें तो देश में 2014 में किराना व्यापार 500 अरब डॉलर का था जो 2023 तक बढ़कर 950 अरब डॉलर होने की संभावना है। ऐसे में आवश्यक है कि इस उद्योग में खाद्य पदार्थों को एकत्र करने, स्टोर करने और एक से दूसरी जगह भेजने के लिए नई तकनीकों का इस्तेमाल हो। अगर ऐसा हुआ तो निःसंदेह खाने की बर्बादी रुकेगी और भूख से तड़पते लोगों की तादाद घटेगी। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# जाटों का जाल बनाकर खुद उसमें फंस गए हुड्डा


क्रांति कुमार पाठक

हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम ने एक बार फिर एग्जिट पोल को झूठा साबित कर दिया। यहां भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में कामयाब रही है। वहीं हरियाणा को लेकर जारी हुए एग्जिट पोल को लेकर खुशी मनाते कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए हरियाणा के चुनावी नतीजे कांग्रेस के लिए बेहद ही मायूस करने वाले साबित हुए। दरअसल, हरियाणा में भाजपा ने जाति-आधारित रणनीतियों, कुशल नेतृत्व और बिखरे हुए विपक्ष का लाभ उठाकर लगातार तीसरी जीत हासिल की। सत्ता विरोधी लहर के बावजूद पार्टी ने विविध मतदाता समूहों को आकर्षित करने और स्थानीय और राष्ट्रीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर अपनी बढ़त बनाए रखी।

वहीं कांग्रेस की आंतरिक कलह उसकी हार का प्रमुख कारण रही। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर अत्यधिक निर्भरता दिखाई और प्रमुख दलित चेहरा कुमारी शैलजा को नजरंदाज कर दिया। इससे दलित मतदाता कांग्रेस से दूर हो गए और उनमें यह धारणा बनी कि सत्ता में आने पर भी उन्हें सत्ता में साझेदारी नहीं मिलेगी। जबकि हरियाणा में कांग्रेस की हार के पीछे तमाम राजनीतिक विश्लेषकों ने जो निष्कर्ष निकाले हैं, उसका लब्बोलुआब यह है कि कांग्रेस नेता व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके सांसद पुत्र दीपेंद्र हुड्डा की राज्य कांग्रेस पर मोनोपोली ने पार्टी को धूल चटा दिया। हो सकता है कि यह तर्क कुछ हद तक सही हो। पर यह भी सही है कि हरियाणा में कांग्रेस को जो 37 सीटें मिली हैं उसके पीछे भी हुड्डा पिता-पुत्र की मेहनत और उनकी रणनीति ही है। पर भौतिक विज्ञान में काम की जो परिभाषा है उसके अनुसार जिस दिशा में बल लगाया गया और उस दिशा में अगर विस्थापन नहीं हुआ तो माना जाता है कि कार्य हुआ ही नहीं। वही हाल है कांग्रेस की सफलता का भी। चूंकि राज्य में कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाई इसलिए चाहे भाजपा के बराबर वोट प्रतिशत हो या 37 सीटें हो, कोई मायने नहीं रखता है। इसलिए हुड्डा पिता-पुत्र की सारी मेहनत पर पानी फिर गया है। दरअसल, बड़ी पार्टियों में जीत का श्रेय केंद्रीय नेतृत्व को जाता है और हार होने पर स्थानीय नेतृत्व को को जिम्मेदार ठहराया जाता है। यह लगातार साबित करने की कोशिश हो रही है कि हुड्डा पिता-पुत्रों ने अगर पार्टी पर कब्जा नहीं जमाया होता और दूसरे नेताओं को भी महत्व दिया गया होता तो पार्टी को जीत के बदले हार का मुंह नहीं देखना पड़ता। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भूपेंद्र सिंह हुड्डा की राजनीतिक पारी का अंत समझा जाए। अब हरियाणा कांग्रेस का पूरा भविष्य क्या भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राजनीतिक भविष्य पर टिका हुआ है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा की आयु अब 77 साल हो चुकी है। अगले विधानसभा चुनावों तक उनकी उम्र 82 साल हो चुकी होगी। वैसे भी वे हरियाणा विधानसभा में हार की हैट-ट्रिक तो कायम कर चुके। इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब उनकी राजनीति का अवसान हो चुका है। हालांकि वे अभी खुद को जवान ही मानते हैं। पर पार्टी में जिस तरह उनके खिलाफ लगातार लोग बोल रहे हैं उससे यही लगता है कि अब उनकी राजनीतिक ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। उन पर आरोप लग रहे हैं कि पार्टी को जाटलैंड तक में वोट इसलिए नहीं मिला क्योंकि उन्होंने जानबूझकर कुछ जगहों से कांग्रेस के बागी उम्मीदवारों को खड़ा करवाया था, ताकि पार्टी पूर्ण बहुमत से बहुत अधिक सीट न पा जाए क्योंकि ऐसी स्थिति में पार्टी किसी दूसरे को भी मुख्यमंत्री बना सकती है। इसलिए भूपेन्द्र हुड्डा कांग्रेस की कई सीटों को हरवाने की रणनीति भी साथ लेकर चल रहे थे। हुड्डा ने इसलिए ही आम आदमी पार्टी के साथ हरियाणा में कांग्रेस का गठबंधन होने नहीं दिया। क्योंकि वो चाहते थे कि हरियाणा में एक छत्र उनका ही साम्राज्य कायम रहे। चूंकि हुड्डा का मुख्य फोकस जाटों पर था। इसलिए भाजपा को दलितों को एंटी जाट बताने का बहाना मिल गया। भाजपा नेताओं ने उनके कार्यकाल में हुए मिर्चपुर कांड और गोहाना कांड को खूब प्रचारित किया। भाजपा ने लोगों को समझाया कि अगर भूपेन्द्र सिंह हुड्डा सरकार प्रदेश में बनती है तो एक बार फिर हरियाणा में जाटों का राज होगा। दलितों पर उत्पीड़न की मिर्चपुर और गोहाना कांड जैसी कहांनियां फिर शुरू होंगी। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कई समर्थकों ने प्रचार के दौरान ये बातें कहीं कि हुड्डा सरकार बनते ही वो अपने इलाके से बड़ी संख्या में युवकों को सरकारी नौकरियों में भर्ती कराएंगे जैसे कि हुड्डा सरकार में हो रहे थे। ऐसे में तमाम एंटी जाट वोटर्स को लगा कि अगर भाजपा सत्ता से बाहर हुई तो एक बार फिर केवल जाटों की ही नौकरियां लगेंगी।

जाहिर है कि इतनी शिकायतों के बाद अब शायद ही उनको एक बार फिर हरियाणा में कांग्रेस के चुनाव अभियान की कमान मिल सके। कांग्रेस को अगर हरियाणा में दूसरी जातियों का वोट पाना है तो भूपेन्द्र सिंह हुड्डा परिवार से अलग एक दूसरा नेतृत्व सामने लाना ही होगा। वह भी ऐन चुनावों के मौके पर नहीं क्योंकि एक दिन, एक महीने या एक साल में कांग्रेस पर जाट पार्टी का लगा धब्बा धुलने वाला नहीं है। उम्मीद की जाती है कि पार्टी बहुत जल्द ही हरियाणा में नया नेतृत्व लाने की कोशिश करेगी जो 36 बिरादरियों का वास्तविक नेतृत्व रखता हो। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पुत्र दीपेंद्र हुड्डा रोहतक से सांसद हैं। उनकी आवाज संसद में भी कई बार ऐसी गूंजी है जब पूरे देश ने उनको सुना है। संसद में दी गई उनकी एक स्पीच बहुत वायरल हुई थी। तब कहा गया था कि दीपेंद्र हुड्डा राजनीति में बहुत लंबी पारी खेलने वाले नेता हैं। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती है कि कांग्रेस के लिए दीपेंद्र हुड्डा ने भी जी जान लगाकर कैंपनिंग की है। पिछले कई सालों से लगातार भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने पुत्र दीपेंद्र हुड्डा को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की जमीन तैयार कर रहे थे। दीपेंद्र हुड्डा की कई रैलियों में एक लाख से अधिक लोग इकट्ठे हुए। चुनाव के कुछ दिनों पहले दीपेंद्र ने पूरे प्रदेश में यात्रा भी निकाली। जिस प्रदेश में पार्टी का जिलाध्यक्ष और बूथ कमेटी तक पिछले 8 साल से न हो उस प्रदेश में पार्टी का सारा काम हुड्डा परिवार के संसाधनों के भरोसे ही हो रहा था। इसलिए ऐसी उम्मीद नहीं की जानी चाहिए कि हुड्डा परिवार को कांग्रेस हाशिए पर रखे जाने की हिम्मत दिखा सकती है। पर दीपेंद्र हुड्डा को अगर हरियाणा की राजनीति में अपने पिता की उपलब्धि को हासिल करना है तो उन्हें समय के हिसाब से अपने में बदलाव करना होगा। कांग्रेस शुरू से सभी जाति और बिरादरी की पार्टी रही है। उसे केवल जाटों की पार्टी बनाकर हुड्डा परिवार राज्य में कांग्रेस की वापसी नहीं कर सकती है। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

## कविता


राजीव मोहन शादाब

### कहां-कहां बरसूं

तू ही बता ये सफ़र है
के सफ़र का जुनूं।
तमाम उम्र चलूं!
तेरी राहगुज़र में रहूं।।
खुला तो यूं खुला आख़िर
भरम अदालत का।
ये फ़ैसला हुआ,
मैं आप अपना क़ातिल हूं।।
मुझे ये ख़ौफ़ नहीं
भीड़ में कुचल जाऊं।
मगर ये ग़म है कहीं
भीड़ से अलग न चलूं।।
जहां-जहां भी भटकते हैं
लोग अंधेरों में।
वहां-वहां मेरे दिल में है,
कहकशां कर दूं।।
मुझे ख़याल है लोगों
तुम्हारी नींदों का।
वगर्ना किस्सा-ए-ग़म
एक चीख़ में कह दूं।।
हज़ारों तश्ना-ए-उल्फ़त
नज़र में हैं 'शादाब'।
मैं किसके हाल पे रोऊं,
कहां-कहां बरसूं।।

# अपराधी सिर्फ अपराधी, उसका कोई धर्म नहीं


डॉ. नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी

अपने देश में अपराधियों के मौत के बाद उसके लोगों के द्वारा मातम व जुलूस निकालना आम बात हो गया है। कुछ महीने पूर्व उत्तरप्रदेश के पूर्वांचल के एक अपराधी की मौत हृदयाघात से हो गई। एक उम्र के बाद इस तरह की मौत एक आम घटना है जो किसी के साथ घट सकती है लेकिन एक अपराधी जो अपराध के कई मामलों में सजा काट रहा था, उसकी मौत जेल में हो गई। अब ये साधारण सी घटना है लेकिन भारत के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने उसे ऐसा हाईलाइट किया जैसे समाज के किसी विशिष्ट व्यक्ति का देहांत हो गया हो। ये भारतीय मीडिया के गिरते हुए स्तर को रेखांकित करता है। मृतक राजनीतिक तुष्टिकरण के कारण उपजा हुआ अपराधी था। जिस समय मृतक अपराधी अपराध की दुनिया में दाखिल हुआ, उस समय देश की राजनीति में धर्म तुष्टिकरण अपनी पराकाष्ठा पर था। तब की सरकार अपने वोट बैंक के ध्रुवीकरण के लिए एक धर्म संप्रदाय के अपराधियों पर हाथ डालने से डरते थे। इसलिये आप देखेंगे कि पूर्व में लगभग सभी दुर्दान्त अपराधी एक ही वर्ग से आते थे क्योंकि इनको राजनीतिक संरक्षण आसानी से प्राप्त हो जाता था। जब से केन्द्र व राज्यों में एक ही पार्टी की सरकार आई, तब से इन अपराधियों पर लगाम लग गयी है लेकिन आपको याद होगा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी तो वहाँ पुनः ये वर्ग अपराध में लिप्त हो गया। योगी आदित्यनाथ की सरकार जब से उत्तर प्रदेश में सत्ता में आई, तब से अपराधियों पर एक अंकुश सा लग गया है। वहाँ के अपराधी जेल में अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। उत्तर प्रदेश में जहाँ बात बात पर दंगे हुआ करते थे, अब वहां दंगे का नामोनिशान मिट गया है।

समाजवादी पार्टी या बीएसपी के शासनकाल में कभी उत्तर प्रदेश शांत नही रहा। वहाँ अपराधियों की ही चला करती थी। विकास सिर्फ एक वर्ग विशेष का ही हुआ करता था। एक अन्य अपराधी ने अपने राजनीतिक रसूख के दम पर करोड़ों की जमीन लोगों से हथिया ली थी। आज स्थिति ये है कि वह जेल की हवा खा रहा है। उत्तर प्रदेश एक समय अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा था जो आज केरल और बंगाल की स्थिति है। लगभग सभी पार्टियां हर तरह से तुष्टिकरण की राजनीति करती आई हैं। कुछ राजनीतिक पार्टियां आज भी अपराधियों की मौत पर मातम मना रही हैं। और वही नहीं, सभी राजनीतिक दल एक संप्रदाय के वोटों के लिए अपराधियों की मौत पर मातम मनाते रहे हैं। वैसे ये दल बहुत गलतफहमी में हैं कि इससे उनको वोटों का फायदा होगा क्योंकि आज के सभी वोटर भी जागरूक हो चुके हैं। वे अब आँख मूंद कर पहले की तरह वोट देने वाले नहीं हैं लेकिन ऐसा करने से तमाम विपक्षी दलों को हिंदुओं का वोट जरूर खोना पड़ सकता है। वोट बैंक की इसी राजनीति ने इस तरह के माफियाओं को जन्म देने का काम किया है। शुक्र मनाईये कि केन्द्र व राज्य में एक ही पार्टी के सत्ता में आने के बाद इस तरह के माफियाओं पर कुछ हद तक लगाम लग चुकी है लेकिन जिन राज्यों में एनडीए की सरकार नहीं है, वहां अभी सन्देशखाली जैसी घटनाएं होना आम बात है। आज जरूरत है कि देश के सभी राज्यों में केन्द्र की जैसी सरकार हो और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा हो, तभी इस तरह के गुंडों पर लगाम लग सकती है।

वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति देश के एकता के लिए बहुत खतरनाक है। लेकिन आज भी सभी राजनीतिक दल मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति पर ही निर्भर हैं। सभी राजनीतिक दल ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम वोट पाने के कवायद में लगे हुए हैं। इस देश का दुर्भाग्य देखिए कि धर्म के नाम पर एक अपराधी के जनाजे में भारी भीड़ जुट जाती है। इसके अलावा धर्म के नाम पर जेल में रहते हुए अपराधी चुनाव जीत जाते है। दरअसल ये देश के लिए चिंता का विषय है कि धर्म के नाम आम जनता दुर्दान्त अपराधियों के समर्थन में खड़ी होती दिखाई देती हैं। कश्मीर में भी आतंकवादियों के जनाजे में भारी संख्या में भीड़ जमा होते हुए देखी गई है। लोग ये भूल जाते हैं कि अपराधी सिर्फ अपराधी होता है और उसका कोई धर्म नही होता लेकिन इस देश में शुरू से जो अपराधी एक समुदाय से हुए, उनके प्रति उस समुदाय का जन समर्थन हमेशा से रहा और इसकी वजह से उंनको एक कवच प्रदान होता रहा। इन समुदाय के अपराधियों पर पुलिस हाथ डालने से कतराते रही। मृतक अपराधी के केस में एक डीएसपी रैंक के अधिकारी को अपने पद से इस्तीफा तक देना पड़ा था क्योंकि उसने एफआईआर बदलने से इंकार कर दिया था। उस समय की सरकार उस वक्त मृतक के समर्थन में खड़ी थी। दरअसल, उत्तर प्रदेश में अपराधी राजनीतिक पार्टी के कारण ही फलते फूलते रहे। इतने लंबे अरसे तक अपराध की दुनिया में आप तभी कायम रह सकते हैं जब आपके ऊपर राजनीतिक संरक्षण कायम हो वरना कोई भी अपराधी एक थानेदार की सख़्ती से अपराध को तौबा कर ले। मृतक के जनाजे में जितनी भीड़ जुटी, वह ये दर्शाता है कि कैसे अपराधियों का महिमामंडन होता है।

आज देश को इस विषय में गहराई से सोचना होगा। अब केंद्र सरकार को कुछ ऐसी एजेंसी बनानी चाहिए जो किसी भी राज्य में अपराधियों पर सीधे कार्यवाही कर सके जब राज्य सरकार ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने में आनाकानी करे। केवल राज्य के भरोसे अपराधियों को छोड़ा नहीं जा सकता है। एक ऐसी एजेंसी जो केंद्र सरकार के अधीन हो और वह दुर्दान्त अपराधियों के विरुद्ध सीधे कार्यवाही कर सके, उसे राज्य सरकार की किसी इजाजत की जरूरत नहीं हो। दरअसल, देश की सुरक्षा से बड़ी और कोई चीज नहीं होनी चाहिए। देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार के हाथ में अधिक से अधिक शक्ति होनी चाहिए। राज्य सरकारों पर आप पूरी व्यवस्था नही सौंप सकते क्योंकि जब राज्य सरकारें केरल और पश्चिम बंगाल की तर्ज पर देश विरोधी कार्यों में लिप्त हो जाएं, तब ऐसे सरकारों पर आप पूरी की पूरी पुलिस व्यवस्था नहीं सौंप सकते हैं। सन्देशखाली का शेख मोहम्मद इसका ताजा उदाहरण है जो राजनीतिक संरक्षण में अपने अपराधों को अंजाम देता आ रहा था। उसने ईडी के अधिकारियों पर हमला करवा दिया था। जितने अपराधी अपराध की दुनिया में लंबे समय तक वर्चस्व कायम रखते हैं, उनके पीछे निश्चित तौर पर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त रहता है।

इसके अलावा प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारियों का भी हाथ रहता है। अगर सिर्फ थानेदार ईमानदार हो जाये तो अपराधियों का पनपना मुश्किल हो जाये क्योंकि हर अपराधी छोटे स्तर पर अपना गुनाह शुरू करता है लेकिन अगर वहीं लगाम लग जाये तो वह आगे नही बढ़ पायेगा लेकिन लगाम नहीं लगने की स्थिति में उसका गुनाह बढ़ता चला जाता है। राजनीतिक पार्टियां भी बड़े बड़े अपराधियों को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करती रहती हैं। कितने ऐसे दल हैं जो इन अपराधियों को अपने दल के टिकट पर चुनाव लड़वाते रहे हैं। अपराधी जेल में रहकर चुनाव जीतता रहा है। आने वाले समय में इन सब अपराधियों पर अंकुश लगाने का समुचित प्रबंध होना चाहिए। इसके लिए एक केंद्रीय अपराध नियंत्रण एजेंसी बनाने की जरूरत है जो सीबीआई या ईडी के तर्ज पर हो। जो सीधे गृह मंत्रालय के अधीन हो। सभी राजनीतिक पार्टियों को अपराध पर कोई समझौता नहीं करना चाहिए, तभी देश के हालात में बदलाव आएगा।

**(लेखक के अपने विचार हैं)**

# चंद्रमा बरसाता है अमृत !


डॉ. श्रीगोपाल नारसन



आश्विन माह के पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 16 अक्टूबर को रात्रि 08 बजकर 40 मिनट पर होगी जिसका समापन अगले दिन 17 अक्टूबर को शाम को 04 बजकर 55 मिनट पर होगा। इस दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से पूर्ण होकर रातभर अपनी किरणों से अमृत वर्षा करता है।

देश के कई राज्यों में इसे फसल उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन खीर बनाने की प्रथा है। खीर को रातभर चंद्रमा की चांदनी में रखा जाता है। मान्यता है कि इस दिन रातभर खीर को चंद्रमा की चांदनी में रखने से खीर अमृत के समान हो जाती है और इस खीर का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है।

शरद पूर्णिमा को शाम 7:18 बजे से रेवती नक्षत्र का प्रारंभ है। रेवती नक्षत्र को शुभ माना गया है। शरद पूर्णिमा की खीर शाम को 7:18 बजे के बाद चांदनी में रख सकते हैं। शरद पूर्णिमा की रात जब चंद्रमा पूर्ण रूप से दिखाई देने लगे और उसकी किरणें आप तक पहुंचने लगें, तब खीर बनाकर उसे खुले में रखने से फायदेमंद होता है।

**शरद पूर्णिमा पर विशेष**

इस साल की शरद पूर्णिमा 2024 पर 3 शुभ संयोग बन रहे हैं। इससे इसका महत्व बढ़ गया है। इस पूर्णिमा को रास पूर्णिमा, कमला पूर्णिमा नाम से भी जाना जाता है। इस दिन शरद पूर्णिमा व्रत और लक्ष्मीजी की पूजा करने वालों के लिए चंद्रमा की पूजा अनिवार्य है। शरद पूर्णिमा के निर्धारण के लिए इसका निशीथ व्यापिनी होना जरूरी है। इस दिन चंद्रोदय शाम 5.02 बजे होगा। इस दिन रेवती नक्षत्र, रवि और ध्रुव योग का विशेष संयोग भी बन रहा है। पहली मान्यता यह है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने गोपियों के साथ महा रास का आयोजन किया था जिसके कारण इसे रास पूर्णिमा कहा जाता है। दूसरी मान्यता यह है शरद पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करने के लिए आती है। शरद पूर्णिमा के दिन खुले आसमान के नीचे चांद की रौशनी में खीर रखने का विधान है। शरद पूर्णिमा के रात चंद्रमा की रौशनी बहुत ही महतवपूर्ण माना जाती है। इस दिन चंद्रमा सोलह कला से सुसज्जित होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चंद्रमा को मन का कारक माना गया है। चंद्रमा का प्रकाश हमारे शारीर को शीतलता प्रदान करता है। साथ ही शरीर में भरपूर ऊर्जा प्रदान करता है। शरद पूर्णिमा की रात के चंद्रमा की किरणें अमृत समान होती हैं। इसलिए शरद पूर्णिमा की रात में चावल की खीर बनाकर बर्तन में रखकर रात्रि में खुले आसमान के नीचे रखकर जालीदार कपड़े से ढककर रखें। अगले दिन ब्रह्म मुहूर्त में भगवान विष्णु को खीर का भोग लगाकर प्रसाद के रूप में पूरे परिवार को खिलाएं। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।

**(लेखक के अपने विचार हैं)**

## एक नजर

### विभागीय पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का करें समयबद्ध निस्तारण: डीएम



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर आधारित शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रमों व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग के पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को निर्धारित समय–सीमा में अवश्य निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापरक निस्तारण पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। उन्होने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लायें। जिलाधिकारी ने शासन की विकास प्राथमिकताओं, राजस्व, भूमि विवाद, निर्माण कार्य, बिक्री कर, आबकारी, स्वास्थ्य, विद्युत, उद्योग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के लम्बित प्रकरणों पर गहनता से समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि लम्बित आवेदनों का निस्तारण ससमय किया जाये।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सीतापुर।** राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा लगाये गए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में डॉक्टरों ने सैकड़ो ग्रामीणों की नि:शुल्क आंख का रोगों का परीक्षण व परामर्श किया और जांच के साथ भरपूर दवाएं वितरित की। आज नगर के लक्ष्य नेत्रालय में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी के द्वारा शिविर में सेवा देने के लिए डॉ. कुलदीप दीक्षित व उनके सहयोगी अरुण मिश्रा, विजय मिश्रा, आनंद मिश्रा, को सम्मानित किया गया। इस दौरान नेत्र चिकित्सक डॉ. संदीप शर्मा उपस्थित रहे।

### भाकियू ने आवारा पशु व खाद समस्या पर दिया ज्ञापन

**सीतापुर।** आवारा पशु व खाद की समस्या को लेकर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। तहसील अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन प्रताप वर्मा, जिला सचिव हरीशंकर वर्मा, जिला प्रभारी राजेंद्र वर्मा, महेश पांडेय सहित दर्जनभर कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को एसडीएम शिखा शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। साधन सहकारी समितियों में कोई खाद उपलब्ध न होने, डीएपी, यूरिया समेत अन्य खाद व बीज अविलंब उपलब्ध करवाए जाने, नवीन गल्ला मंडी में किसानों से फसल खरीदने के बाद एक रुपए प्रति हजार रुपए गिनाई का लेने जैसी समस्याओं के निस्तारण के लिए किसान यूनियन द्वारा मांग की गई।

### कोल्ड स्टोरेज में जमा आलू बाज़ार में पहुंचायें किसान,मिलेगा उचित मूल्य

**सीतापुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद में संचालित निजी शीतगृहों से आलू की निकासी कम होने एवं जनपद के आलू भण्डारण कर्ताओं को वर्तमान में उचित आलू मूल्य प्राप्त करने हेतु प्रेरित करने के दृष्टिगत जनपद के किसान भाइयों से अनुरोध किया गया है कि वे अपना शीतगृह में भण्डारित आलू की अधिक से अधिक निकासी करें जिससे भविष्य में आलू बाजार भाव में गिरावट होने पर नुकसान से बचा जा सके तथा अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में भंडारित आलू की निकासी समस्त शीतगृहों से शतप्रतिशत हो सके।

### सात वारंटी व वांछित पुलिस ने किए गिरफ्तार

**सीतापुर।** जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने सात वांछित व वारंटियों को पकड़कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की है। रामपुरकलां पुलिस ने वारंटी अखिलेश कुमार पुत्र शिवचरन निवासी ग्राम सरॉय मजरा खेतमनी थाना रामपुरकलां को गिरफ्तार कर लिया। लहरपुर पुलिस ने वारंटी राजकुमार पुत्र रामदत्त लोध निवासी ग्राम शेखनापुर कोतवाली लहरपुर व सकरन पुलिस ने टीम ने वारंटी डल्ला उर्फ श्रीपाल पुत्र बिसेसुर नि. महाराजनगर थाना सकरन को गिरफ्तार किया है। पिसावां पुलिस ने वांछित विशाल कश्यप पुत्र रामचन्द्र निवासी निरहन थाना पिसावां को गिरफ्तार किया है। तालगांव पुलिस ने वारंटी अयोध्या प्रसाद पुत्र दुजई निवासी झारियापुरवा थाना तालगांव को गिरफ्तार कर लिया। मानपुर पुलिस ने वारंटी सर्वेश पुत्र बृजमोहन सुरेंद्र पुत्र लालजी निवासीगण मैजूद्दीनपुर थाना मानपुर को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

### संचारी रोगों से बचाव के लिए रैली



**लहरपुर सीतापुर।** क्षेत्र के ग्राम मोहिउद्दीनपुर में मंगलवार को संचारी रोगों से बचाव हेतु चलाए जा रहे दस्तक अभियान के प्रति जन समुदाय को जागरूक करने के लिए रैली का किया गया आयोजन जिसमें आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों एवं नन्हे मुन्नों ने प्रतिभाग किया। रैली में शामिल ग्रामवासियों और बच्चों ने गांव में भ्रमण कर ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव, साफ सफाई आदि के लिए जागरूक किया तथा दिमागी बुखार, चिकनगुनिया, डेंगू ,मलेरिया आदि से बचाव के लिए विस्तार से जानकारी दी । रैली के उपरांत आशा बहू कमला देवी ने इस मौके पर मौजूद ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि, संचारी रोगों से बचाव के लिए साफ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान रखा जाए, गांव में गंदा पानी न जमा होने दे तथा परिवार में किसी सदस्य को कोई भी समस्या होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें। प्रधानाध्यापक गिरीश चन्द्र वर्मा ने बताया कि संचारी रोगों से बचाव के लिए व्यक्तिगत साफ–सफाई रखें तथा ताजा भोजन एवं संतुलित आहार का सेवन करें। इस मौके पर प्रमुख रूप से अध्यापक शफीक अंसारी, आसिफ , पुष्पा देवी आंगनवाड़ी ग्रामीण व बच्चे मौजूद थे।

### पराली जलाने से होने वाले नुकसान को लेकर बैठक

**लहरपुर सीतापुर।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर में कृषि विभाग द्वारा पराली जलाने से होने वाले नुकसानों को लेकर आयोजित की गई एक जागरूकता बैठक। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर पंचायत भवन में मंगलवार को कृषि विभाग के द्वारा पराली जलाने के होने वाले नुकसानों के को लेकर किसानों की एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया, बैठक को संबोधित करते हुए सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा ने कहा कि, पराली जलाने से वातावरण को नुकसान होता है एवं भूमि में पाए जाने वाले कृषि के लिए लाभदायक जीव जंतु मर जाते हैं जिससे फसल का उत्पादन प्रभावित होता है।

# आठ वर्षीय बच्ची संग दुराचार, केस दर्ज

## मेला दिखाने के बहाने गांव के युवक ने किया दुष्कृत्य, परिजनों ने किया पुलिस के हवाले

विश्ववार्ता संवाददाता

**मिश्रिख (सीतापुर)।** एक गांव में मेला दिखाने के बहाने आठ वर्षीय बच्ची के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया। बच्ची की तलाश कर रहे परिजनों ने आरोपी को मौके से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाही की गयी। गांव से लेकर मेले तक की सुरक्षा बढ़ाते हुये प्रधान को सीसीटीवी कैमरे लगाने की हिदायत दी गयी।



शर्मनाक

पीड़िहता बच्ची के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का ही युवक विशाल कश्यप पुत्र रामचन्द्र कश्यप सोमवार शाम सात बजे उसकी आठ वर्षीय बच्ची को मेला दिखाने के बहाने बुलाकर गांव में ही स्थित प्राथमिक विद्यालय के पीछे ले जाकर उसके साथ दुराचार कर रहा था। काफी देर बाद भी बच्ची के घर वापस ना आने पर तलाश कर रहे परिजन उसको रंगे हाथों पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक साउथ प्रवीण रंजन, सीओ महोली आलोक प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर मय फोर्स मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। बुधवार से होने वाले मेले से लेकर गांव तक की सुरक्षा बढ़ाते हुये प्रधान को सीसीटीवी कैमरे लगवाने को कहा। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पीड़ति बच्ची को डॉक्टरी परीक्षण हेतु जिला अस्पताल भेजते हुये संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेजने की कार्यवाही की है। उन्होंने बताया मेले से लेकर गांव तक की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त फोर्स लगाया गया है। मेला आयोजक व प्रधान से मेले व आवागमन के रास्तों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने को कहा गया है।



घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी

# कोटेदारों ने वितरण पर कमीशन बढ़ाने को उठाई आवाज

विश्ववार्ता संवाददाता



» मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**सीतापुर।** कोटेदारों को वितरण पर कमीशन बढ़ाए जाने व निर्धारित मानदेय दिए जाने को लेकर उत्तर प्रदेश फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की महमूदाबाद इकाई ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अनिल कुमार को सौंपा।

कोटेदारों ने ज्ञापन में बताया कि उनके द्वारा शासन की मंशानुरूप कोरोना काल में प्रधानमंत्री अन्न योजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्रों को दिया जाने वाले राशन का निःशुल्क वितरण महज 90 रुपए प्रति कुंतल लाभांश पर ई-पास मशीनों से जीवन को संकट में डालने का जोखिम उठाते हुए किया। भारत सरकार द्वारा प्रदेश सरकार को राशन वितरण के उत्कृष्ठ कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। वर्तमान में भी इसी लाभांश पर कोटेदार काम कर रहे हैं। कोटेदारों ने मांग की कि राशन वितरण के लिए हरियाणा, गोवा, केरल में दो-दो सौ रुपए प्रति कुंतल तथा गुजरात में न्यूनतम आय गांरटी के तहत 20 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। मांग पत्र में लालता प्रसाद, राजकपूर, महेंद्र, अब्दुल कय्यूम, शांती देवी, अशोक कुमार, राम नरेश, राजकुमार, त्रिभुवन वर्मा, सुरेंद्र कुमार, रामकुमार सहित 22 कोटेदारों द्वारा प्रदेश में भी कोटेदारों को वितरण लाभांस बढ़ाकर दिए जाने व नियमित मानदेय दिए जाने की मांग की गई।

# आग का गोला बनी मारुति कार

» दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

विश्ववार्ता संवाददाता

**लहरपुर (सीतापुर)।** तम्बौर मार्ग पर शारदा नहर रेगुलेटर के निकट मंगलवार सुबह कार धुंए के गुबार के बीच धू-धू कर जल उठी। कार सवार प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि ने समय रहते कार से उतर कर जान बचाई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग की लपटों पर पानी की बौछारों से काबू पा सके।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दरियापुर प्रधान राम लखन वर्मा अपने मित्र प्रधान प्रतिनिधि जग्गन अंसारी निवासी ग्राम सुल्तानपुर शाहपुर के साथ ब्लॉक आ रहे थे। वैगनआर कार को जग्गन अंसारी ड्राइव कर रहे थे, तभी शारदा नहर रेगुलेटर के निकट स्थित एचपी पेट्रोल



पंप के आगे कार में धूंआ महसूस होने पर कार रोककर राम लखन वर्मा ने कार का बोनट खोल कर देखा, लेकिन सब कुछ ठीक-ठाक पाए जाने पर उनके द्वारा जब पुनः कार को स्टार्ट किया गया तो कार धुएं से भर गई। कार में सवार दोनों लोग नीचे उतर कर बाहर खड़े हो गए। इसी बीच अचानक कार में आग लग गई और देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी। आग लगने की सूचना पर अग्निशमन विभाग को दी गई, जिस पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पानी डालकर आग पर काबू पा सके। हालांकि तब तक कार बुरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी।

### सीतापुर आये थे महात्मा गांधी उनकी स्मृतियों में होगा कार्यक्रम

**सीतापुर।** भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के संघर्षो व आन्दोलनों के समय जनपद में भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गाँधीजी “बापू“ का दिनॉक 17 व 18 अक्टूबर 1925 को प्रथम आगमन के दो दिवसीय प्रवास की पावन स्मृतियों के सम्बन्ध में 99वीं वर्षगांठ के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

जिनमें 17 अक्टूबर दिन वृस्पतिवार को नगर पालिका परिषद के मुख्य द्वार के पास स्थित प्राचीन कुंआ परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा तथा दूसरे दिन 18 अक्टूबर दिन शुक्रवार को वार्ड गॉधीनगर/तामसेनगंज में स्थित शहीद पार्क/लालबाग में तथा गॉधी पडाव स्थल के गॉधी स्मृति चबूतरा स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

# रेउसा थाने में लगी हिस्ट्रीशीटरों की पाठशाला

## एसओ ने अपराध से तौबा करने व हर पखवारे हाजिरी देने को कहा

विश्ववार्ता संवाददाता

**रेउसा (सीतापुर)।** रेउसा थाने में एक माह के अंदर दूसरी बार क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की पाठशाला लगाई गयी। हिस्ट्रीशीटरों को थानाध्यक्ष ने अपराध न करने की हिदायत तो दी है साथ ही हर पखवारे में निश्चित तिथि पर थाने पर हाजिरी लगाने का फरमान भी जारी किया।

थानाध्यक्ष रेउसा हनुमंत लाल तिवारी ने मंगलवार को दो दर्जन से अधिक हिस्ट्रीशीटरों को तलब किया। पुलिस के इस प्रयास से अपराधों पर लगाम लगेगी, हालांकि रेउसा पुलिस अपराध पर लगाम लगाने के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रही है। थानाध्यक्ष ने हिस्ट्रीशीटरों से कहा कि हर पखवारे में नियत तिथि पर रेउसा थाने में आकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं एवं पुलिस के क्षेत्र भ्रमण के



रेउसा थाने में हिस्ट्रीशीटरों को हिदायत देते थानाध्यक्ष

दौरान चेक करने पर अपने घरों पर मिलने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी को बाहर गैर प्रांत में मजदूरी करने हेतु जाना है तो सबसे पहले जिस जगह पर मजदूरी करने जाना है वहां के मालिक का नाम पता देना होगा। हर सप्ताह में वहां से व्हाट्सप्प ग्रुप के जरिये लोकेशन साझा करनी होगी। थानाध्यक्ष ने मौजूद हिस्ट्रीशीटरों से कहा कि समाज में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना पुलिस को दें, जिससे उन पर प्रभावी नियंत्रण की कार्यवाही अमल में लाई जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अपराधों एवं अपराधियों से उनकी संलिप्तता पायी गयी तो लोगों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# अल्टीमेटम दे भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीण

## अहिरौरी सेमरिया गांव के लोगों ने मंदिर परिसर में बुलंद की आवाज

विश्ववार्ता संवाददाता

**लहरपुर (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहिरौरी सेमरिया में शारदा नदी के कटान को रोकने के लिए तटबंध बनाने की मांग को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने मंदिर प्रांगण में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। तटबंध निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को 10 दिनों का समय दिया था। समयावधि पूरी होने पर प्रभावित गांव के लोगों ने भूख हड़ताल का सहारा लिया है।

अहिरौरी सेमरिया के बालाजी मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों द्वारा कटान रोकने के लिए शारदा नदी के किनारे तटबंध निर्माण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आज से शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि विगत 5 अक्टूबर को तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी को पत्र सौंप कर मांग की थी कि ग्राम सेमरिया, मास्टरपुरवा, खालेपुरवा, बुढनापुर व भिंटियां आदि ग्राम शारदा नदी के कटान की मुहान पर हैं।



मंदिर परिसर में तटबंध निर्माण को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीण

कटान को रोकने के लिए ग्रामीणों ने 10 दिन के अंदर तटबंध निर्माण कार्य प्रारंभ करने की मांग की थी। सोमवार तक तटबंध निर्माण हेतु कोई कार्रवाई न होने से क्षुब्ध ग्रामीणों ने मंगलवार को ग्राम के बालाजी मंदिर प्रांगण में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल प्रारंभ कर दी। इस मौके पर प्रमुख रूप से विनीत मिश्रा, राजकुमार शुक्ला, गोकरन प्रसाद, लालजी अवस्थी, रामाधार, करण बाजपेई, प्रमोद बाजपेई, करतार सिंह, त्रिलोक सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं।

### हज़रत रमज़ान अली शाह बाबा का सालाना उर्स

**लहरपुर,सीतापुर।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला गांधी नगर स्थित मशहूर खानकाह हज़रत रमज़ान अली शाह मुरली वाले बाबा का सालाना उर्स रूहानी माहौल में अकीदत और सादगी के साथ मंगलवार को मनाया गया। दरगाह कमेटी के सेक्रेटरी हाजी सोहराब अली तथा मुतवल्ली हाजी मुन्नन अली की सरपरस्ती में उर्स की सभी रस्में अदा की गई, जिसमें भारी संख्या में अकीदतमंद शरीक हुए।

सुबह मजार शरीफ पर कुरान ख्वानी का आयोजन किया गया उसके बाद रमज़ान अली शाह मुरली वाले बाबा की ख़ानक़ाह पर अकीदतमंदों ने गुलपाशी की एवं चादर पेश किया, फातिहा ख्वानी तथा दुरूद व सलाम के नज़राने पेश करके फ़ैज़ हासिल किया।इस मौके पर अकीदतमंदों को तबरुक और लंगर भी तकसीम किया गया।

# जिलाधिकारी की मौजूदगी में धरैंचा में करायी गयी धान की क्रॉप कटिंग

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को तहसील सदर के अन्तर्गत ग्राम धरैंचा में धान की क्रॉप कटिंग कराई है। इस क्राप कटिंग में जिले में अच्छे धान खरीद उत्पादन के संकेत मिल रहे है। त्रिभुजाकार आकार में एक बिस्वा खेत में 26.18 किग्रा. एवं लगभग 4.82 बीघा धान उत्पादन की क्राप कटिंग जिलाधिकारी की निगरानी में सम्पन्न हुई। संबंधित अधिकारी ने बताया कि यह क्राप कटिंग अच्छे उत्पादन का संकेत है। वैसे पूरे जिले में अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्र में क्राप कटिंग करानी है। सभी परिणाम के बाद जिले का औसत उत्पादन निकल कर आएगा। धरैंचा में हुई क्राप कटिंग में 60 कुंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन होगा जो कि पिछले साल की तुलना में बेहतर है।



जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित किसानों से अपील की कि वह अपना धान सरकारी क्रय केन्द्रों पर विक्रय करें। उन्होंने किसान भाई से धान में अब तक व्यय हुयी धनराशि की जानकारी प्राप्त की। प्रधान रामकिशोर से चकरोड, आरआरसी सेंटर, पानी की टंकी व स्कूलों के बारे में जानकारी ली।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, कानूनगो अवधेश पाण्डेय एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कोटेदारों की समस्याओं को लेकर प्रदेश महासचिव ने सौंपा ज्ञापन



विश्ववार्ता संवाददाता

**मिश्रिख (सीतापुर)**आल इंडियन फेयर प्राइस शाप डीलर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह यादव के आवाहन पर प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में आज तहसील क्षेत्र के सभी राशन डीलरों ने मुख्य मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंप कर समस्याओं का सीघ्र समांधान कराए जाने की मांग की है । इस ज्ञापन में कहा गया है । कि उत्तर प्रदेश में लग भग 80 हजार राशन डीलर है । उनको गोवा , हरियाणा , दिल्ली की तर्ज पर लाभांश 200 रुपए प्रति कुंतल दिया जाय । ताकि ईमानदारी से सभी काम कर सकें । अगर यह लाभांश समस्त राशन डीलरों को 4 दिसंबर से पहले नहीं दिया जाता है । तो उत्तर प्रदेश के समस्त राशन डीलर जवाहर भवन का घेराव करके प्रमुख सचिव खाद्य एवं खाद्य आयुक्त को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराएंगे । जिससे सभी राशन डीलरों की समस्याओं का समांधान हो सके ।

### सोशल आडिट पर ग्रामसभा की बैठक



**थानगांव सीतापुर।** थानगांव मनरेगा योजना अंतर्गत थानगांव में शोसल ऑडिट बैठक की गई जिसमे वर्ष 2023 में कराए गए मनरेगा के कार्यों को बी आर पी सर्वजीत सिंह के साथ उनकी टीम द्वारा कार्यों का अस्थली वा भौतिक सत्यापन व फाइल का मिलन ग्राम सभा के लोगों के समक्ष किया गया।

फाइलों को ग्राम सभा के लोगों को पढ़कर सुनाया गया ग्राम प्रधान सरस्वती देवी व सदस्य व ग्राम रोजगार सेवक प्रदीप कुमार दीक्षित पंचायत सहायक ग्राम के द्वारा फाइलों का पूर्णरूप से मिलान कराया गया जो बीआरपी द्वारा बताया गया किसी प्रकार की कमी नहीं पाई गई बैठक में गांव के लोग मौजूद रहे।

# 14 दिसम्बर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

## बैंक अधिकारियों के साथ की गई बैठक

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तृतीय के निर्देशानुसार, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा समस्त बैंक अधिकारियों के साथ एक बैठक आहूत की गयी, उक्त बैठक की अध्यक्षता भगीरथ वर्मा, अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा की गयी।

बैठक में अपर जिला जज/सचिव, द्वारा उपस्थित समस्त बैंक अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर में अधिक से अधिक बैंक रिकवरी वादों को निस्तारित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किये जाने पर विचार-विमर्श किया गया, साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि चिन्हांकित वादों की पत्रावालियां सूची समय से उपलब्ध



करा दी जाये। उक्त बैठक में लीड बैंक मैनेजर अनल कुमार, इण्डियन बैंक से एहसन अराफात, यूको बैंक से अंशुल अग्रवाल, आर्यावृत बैंक से सतीश कुमार, भारतीय स्टेट बैंक से धर्मेन्द्र पाल सिंह, केनरा बैंक से अंशुल पाण्डेय, बैंक ऑफ इण्डिया से अरविन्द शुक्ला, बैंक ऑफ बड़ौदा से धर्मेन्द्र कुमार, पंजाब एण्ड सिंध बैंक से मनीष सिंह, पंजाब नेशनल बैंक से संजय शुक्ला आदि बैंक अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। साथ ही पूर्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत 14 सितंबर में उत्कृष्ट निस्तारण हेतु लीड बैंक मैनेजर अनल कुमार व आर्यावृत बैंक सीतापुर (जोन सीतापुर) तथा पंजाब नेशनल बैंक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदर्शन की चेतावनी

## फोटो युक्त हाजिरी लगाने के आदेश को वापस लिए जाने की मांग

विश्ववार्ता संवाददाता

**लहरपुर सीतापुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को ए एन एम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को ज्ञापन देकर फोटो युक्त हाजिरी लगाने के आदेश को वापस लिए जाने की मांग की और चेतावनी दी यदि आदेश को समय रहते निरस्त नहीं किया गया तो सभी एएनएम बुधवार से उक्त आदेश के विरोध में कार्य बंद कर विरोध प्रदर्शन करेंगी।

ज्ञातव्य है कि शासन द्वारा सभी सब सेंटर पर तैनात महिला एएनएम को अपनी उपस्थिति की फोटो अपलोड करने के आदेश दिए गए हैं, जिसके विरोध में भारी संख्या में एएनएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर एक ज्ञापन अधीक्षक डॉ अरविंद बाजपेई को देते हुए मांग की कि, प्रतिदिन उपकेंद्र



भारी संख्या में एएनएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर दिया ज्ञापन

पर फोटो अपडेट करना किसी भी स्तर पर संभव नहीं है, क्योंकि एएनएम द्वारा क्षेत्र में टीकाकरण कार्य व अन्य गतिविधियां भी करनी होती हैं, एएनएम ने उक्त नवीन आदेश को निरस्त करने की मांग की और कहा कि, यदि उक्त आदेश निरस्त नहीं होता है तो बुधवार से काम बंद कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनीमता वाजपेई, जूली, आशा देवी, शालिनी गुप्ता, सीमा देवी सहित भारी संख्या में एएनएम उपस्थित थीं।

### भूकंपरोधी कक्ष का दरवाजे पर बना लेंटर गिरा

**लहरपुर सीतापुर।** विकासखंड परसेंडी के प्राथमिक विद्यालय राही का भूकंपरोधी कक्ष का दरवाजे पर बना लेंटर गिरा। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय राही के भूकंपरोधी कक्ष का निर्माण वर्ष 2014 में कराया गया था, दशहरा अवकाश के बाद सोमवार को विद्यालय के खुलने पर उक्त कक्ष का लेंटर टूटा हुआ पाया गया, जिसकी सूचना मिलने पर प्रधानाध्यापिका शिल्पा सिंह ने कक्ष को बंद करा दिया और उच्च अधिकारियों को घटना की सूचना दी। ज्ञातव्य है कि अवकाश होने के कारण बच्चे, शिक्षक, शिक्षिकाएं विद्यालय में नहीं थे वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी परसेंडी ऋषिकेश सिंह ने बताया कि, सूचना मिली है किसी के द्वारा अवकाश में लेंटर को तोड़ डाला गया है, भवन का मूल्यांकन करा कर कार्रवाई की जाएगी।

# मेघनाथ व कुंभकर्ण वध का जीवंत मंचन





**लहरपुर सीतापुर।** श्री रामलीला मैदान पर चल रही श्री रामलीला में वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने मेघनाथ व कुंभकरण वध का जीवंत मंचन किया गया। प्रभु श्री राम व उनकी सेना के द्वारा युद्ध में लंका के अधिकांश महावीरों के मारे जाने के बाद लक्ष्मण व मेघनाथ के मध्य हुए भीषण युद्ध का मंचन किया गया जिसमें लक्ष्मण के द्वारा युद्ध में महा बलशाली मेघनाथ के वध किए जाने का मंचन किया गया, मेघनाथ का वध होते हीं सारा क्षेत्र जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। कलाकारों ने मेघनाथ वध के उपरांत रावण के द्वारा अपने भाई कुंभकरण को ढोल नगाड़ों के साथ जगाकर श्री राम से युद्ध की बात की जानकारी देता है जिस पर कुंभकरण के द्वारा रावण को प्रभु श्री राम से युद्ध न करने की सलाह देता है परंतु अपने बड़े भाई रावण के कहने सुनने वह युद्ध के लिए तैयार हो जाता है, कुंभकरण के युद्ध के मैदान में आते ही चारों तरफ हाहाकार मच जाता है, अंत में प्रभु श्री राम कुंभकरण का वध कर देते हैं। लीला मंडल व्यास अखिल शुक्ला ने बताया कि, बुधवार को अहिरावण और रावण वध के बाद श्री रामलीला का समापन किया जाएगा। श्री रामलीला का मंचन देखने के लिए भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### शिक्षक संकुल कार्यशाला व समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सिधौली/सीतापुर।** विकास खंड क्षेत्र के सिंहपुर संकुल के प्राथमिक विद्यालय टडई खुर्द में शिक्षक संकुल की कार्यशाला व समीक्षा बैठक आयोजित की गई।जिसमें सभी संकुल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे। कार्यशाला में विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों द्वारा निपुण लक्ष्य गीत,निपुण बालक द्वारा टीएलएम का प्रस्तुतीकरण किया गया।

कार्यशाला में आदर्श पाठ योजना, गणित किट, स्विफ्ट चैट,छात्र शिक्षक के बीच आत्मीय संबंध, गतिविधि आधारित नवाचार, विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने, शिक्षक संदर्शिका के प्रयोग आदि पर विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य परियोजना सलाहकार ध्रुव प्रकाश शुक्ला व एआरपी गिरीश यादव रहे। कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक शिखा श्रीवास्तव व ज्योति मिश्रा ने किया।

## एक नजर

### दो चचेरी बहनें लापता,पुलिस से शिकायत

**गोंडा।** जिले के थाना धानेपुर क्षेत्र के एक गांव में दो चचेरी बहनें सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। परिवार वालों ने खोजबीन की,लेकिन कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार को पीड़ित परिजनों ने पुलिस से शिकायत की है। मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो चचेरे बहनें सोमवार को दोपहर बाद अचानक लापता हो गई और देर शाम तक वापस घर नहीं आई। परिवार के लोगों ने खोजबीन किया लेकिन पता नहीं चला। मंगलवार को ग्राम प्रधान के साथ आये पीड़ितों ने धानेपुर पुलिस से शिकायत की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है,विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, गिरफ्तार

**कर्नलगंज,गोण्डा।** सोशल मीडिया पर हिंदू धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की आपत्तिजनक पोस्ट करने से आक्रोशित लोगों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर धार्मिक भावना को भड़काने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला कर्नलगंज कस्बा चौकी क्षेत्र से जुड़ा है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी अरशद ने दुर्गा पूजा विसर्जन को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की,जिससे स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश फैल गया। इस पोस्ट के बाद समाज में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई और इस घटना से नाराज़ होकर दुर्गा पूजा महोत्सव कैलाश बाग कमेटी कर्नलगंज नगर के अध्यक्ष शिवा भट्ट की अगुवाई में गणेश प्रसाद वैश्य, आशीष गिरी, विनीत पाण्डेय, विपिन शुक्ला, दिलीप मिश्रा, आयुष गुप्ता, अंकित गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, सिधू मिश्रा, शिवा कौशल,दिव्यांश आदि स्थानीय लोगों व हिन्दू संगठनों ने सामूहिक रूप से कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर धार्मिक भावना को भड़काने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की,ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। मामले में पुलिस ने आश्वासन दिया कि समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने की कोशिश करने वाले लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में श्रीधर पाठक प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्नलगंज ने बताया कि आरोपी अरशद को हिरासत में ले लिया गया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### व्यापार मंडल के संजय निर्विरोध अध्यक्ष बने

**मिहींपुरवा (बहराइच)।** जिले के मिहींपुरवा में मंगलवार को व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें व्यापर मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष संजय सिंह को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। बता दें कि व्यापार मंडल के किसी भी व्यक्ति ने उनके सामने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। वहीं महामंत्री के पद पर विजय पोरवाल व कोषाध्यक्ष के पद पर नवीन अग्रवाल को चुना गया है। इस मौके पर अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि वे व्यापारियों के हितों की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। इस जीत पर कस्बे समेत उनके शुभचिंतकों में ख़ुशी की लहर व्याप्त है।

### कूड़ा उठान रुकने से नगर में पसरी पड़ी गंदगी



**कानपुर।** नगर को साफ सुथरा रखने के लिए सफाई कर्मियों द्वारा इकट्ठा किये गए कूड़े को नियमित रूप से उठाने वाली नगर निगम की कूड़ा गाड़ियों को डीजल मुहैया न होने के कारण समूचे शहर से कूड़े का उठान नहीं हो सका। नगर की गलियों से लेकर मुख्य मार्गों और कूड़ा ट्रांसफर प्लांट में यूं ही कचरा पड़ा रहा। इस समस्या की वजह है कि नगर निगम से लगभग चार महीने से अधिकृत पेट्रोल पंपों को डीजल का बकाया नहीं चुकाया गया है। पेट्रोल पम्पो का अभी तक का मिलाकर कुल बकाया 12 करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। पेट्रोल पंप संचालकों को यह उम्मीद थी कि बकाया भुगतान हो जाएगा। लेकिन भुगतान की फाइलें लंबित चली आ रही हैं।अंत में हारकर आखिरकार पंपों ने अब डीजल देने से साफ मना कर दिया है। इसका असर समूचे शहर में दिखा। नगर में न तो कूड़ा उठाने के लिए जेसीबी चली और न ही ट्रक और लोडर चल पाए। पनकी कूड़ा निस्तारण प्लांट तक कूड़ा नहीं पहुंचा इसलिए प्लांट भी नहीं चल सका। प्लांट में संग्रहित पुराने कूड़े का ही निस्तारण होता रहा। सामान्य दिनों में भी नगर का रोजाना निकलने वाला लगभग 300 टन कूड़ा पनकी प्लांट तक पहुंच ही नहीं पाता। यह कूड़ा शहर के बाहरी इलाकों का होता है जहां रोजाना गाड़ियां नहीं पहुंच पातीं। श्याम नगर, उस्मानपुर, खाड़ेपुर, दहेली सुजानपुर और चकेरी के कई इलाके इसमें शामिल हैं। डीजल की कमी के चलते कूड़े का उठान न हुआ तो प्लांट पर रोजाना बोझ बढ़ता जाएगा।

### नशे में धुत्त दबंगों ने जमकर की मारपीट

**उन्नाव।** थाना दही क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी में शराब के नशे में धुत दबंगो ने तीन युवकों पर जानलेवा हमला किया। मारपीट करने के बाद हमलावर करने वाले मौके से भाग निकले घटना में घायल हुए सभी युवकों को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और उनकी तलाश में टीम जुटी है। जानकारी के अनुसार अखिलेश्वर मंदिर के पास कचौड़ी गली में घटी। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय के अनुसार, अंकित, सनी, अभय, साहिल, दिव्यांश, आलोक और निखिल सैनी नामक युवकों ने नशे की हालत में निखिल लोध राजपूत, शुभम यादव और सचिन यादव के साथ मारपीट की। हमले के दौरान निखिल लोध राजपूत जो आवास विकास कॉलोनी का निवासी है और शुभम यादव तथा सचिन यादव जो राजेपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं को गंभीर चोटें आईं।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में से निखिल यादव ने घटना की तहरीर दी। जिसके आधार पर थाना दही में बीएनएस की धारा में अभियोग पंजीकृत किया। पुलिस ने तहरीर के बाद सभी आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं अक्सर बढ़ती जा रही हैं। खासकर रात के समय जब लोग शराब पीकर बाहर निकलते हैं। निवासियों ने सुरक्षा के उपायों को मजबूत करने की मांग की है। ताकि भविष्य में इस तरह की हिंसक घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पुलिस का कहना है कि वे इलाके में गश्त बढ़ाएंगे और इस प्रकार की गतिविधियों पर नज़र रखेंगे।

# एसपी के रडार पर आए अफवाह फैलाने वाले

## सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वाले व शेयर करने वालों पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी

» एसपी ने देर रात तक किया शहरी ग्रामीण इलाकों का भ्रमण, जाना हाल



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोंडा।** बहराइच में हुई हिंसा को लेकर जिला प्रशासन बेहद चौंकन्ना हो गया है पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल दो टूक शब्दों में कहा है कि फर्जी अफवाह फैला कर माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों को किसी भी दशा में बक्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया व्हाट्सएप फेसबुक के माध्यम से भड़काऊ पोस्ट डालने वाले व इस प्रकार की पोस्ट को शेयर करने वालों खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्थानीय अभिसूचना इकाई अन्य पुलिस अधिकारियों की शहर के प्रमुख स्थलों व मिश्रित आबादी वाले सघन गली मोहल्ले में शादी वस्त्र में तैनात कर दिया गया है जो उस स्थान की हर एक गतिविधियों पर नजरे बनाए हुए हैं। शहर का अमन चैन खराब करने वाले शरारती तत्वों को चिन्हित करने के लिए जिले की एसओजी और सर्विलांस टीम को भी मुस्तैद कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर कतई ध्यान ना दें उन्होंने कहा कि मोहल्ला आसपास किसी भी प्रकार की कोई भी घटना हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सोमवार को आयोजित भरत मिलाप कार्यक्रम को लेकर देर रात तक शहरी और ग्रामीण इलाकों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने देर रात कस्बा करनैलगंज व शहर के भरत मिलाप चौराहे का आधी रात को भ्रमण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को पूरी मुस्तैदी के साथ सभी प्रकार की गतिविधियों पर नजर जमाए रखने का निर्देश दिया इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत भी मौजूद रहे।

### आज भी बंद रहेगी इंटरनेट सेवा

**बहराइच।** महाराजगंज में हुए पथराव के वीडियो फुटेज से अब आगजनी करने वालों की तलाश की जा रही है महसी इलाके के 20 किलोमीटर के दायरे में गश्त बढ़ाई गई है तो वही प्रभावित परिवारों को आज प्रशासन ने राहत सामग्री बाटी है रामगोपाल मिश्रा के हत्या के मामले में 10 लोगों पर एफआईआर की गई थी जिसमे 6 नामजद के साथ, 4 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज हुआ था। अब्दुल हमील, सरफराज, फहीम और राजा ननकऊ का नाम के आरोपी शामिल है। एसटीएफ टीम बहराइच के हिंसाग्रस्त इलाकों में पेट्रोलिंग कर रही है आपको बता दें कि 13 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए बवाल को लेकर प्रशासन की तरफ से कड़ा रुख अपनाते हुए भारी पुलिस पर तैनात कर दिया है वहीं उपद्रव फैलाने वाले 26 लोगों को पुलिस के द्वारा बहराइच के जिला अस्पताल में मेडिकल करा कर जिला कारागार के लिए भेज दिया गया है।

### फांसी के फंदे पर झूलती मिली महिला

**पुरवा उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के अजगांव पासा खेड़ा में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार संतलाल की पत्नी रेनू (37) का शव मंगलवार सुबह दीवार की खूंटी से फंदे के सहारे लटका मिला। घर में मौजूद उनकी बेटी की चीख–पुकार सुनकर परिजन और आस पड़ोस में रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतार कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। रेनू के मायके वाले हत्या का आरोप लगा रहे हैं। निरीक्षक राकेश गुप्ता ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

### बाइकों की भिंड़त में दोनों चालक घायल, भर्ती

**शुक्लागंज उन्नाव।** पोनी रोड स्थित डॉक्टर लोहिया स्कूल के पास एक सड़क हादसे में दो बाइक सवार आपस में टकरा गए। जिसमें दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद उनके परिजनों के बीच हंगामा मच गया और स्थिति बेकाबू हो गई। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई।

पोनी रोड शुक्लागंज में दो बाइक सवार एक-दूसरे की बाइक से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों को दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने स्थिति को संभालने की बजाय हंगामा शुरू कर दिया। इसी दौरान दोनों बाइक सवार आपस में भीड़ गए और एक दूसरे को मारने पीटने लगे। सूचना पर पुलिस ने तुरंत स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया और मामला शांत कराया।

# भाजपा ब्लाक प्रमुख व प्रतिनिधि के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## कोर्ट के आदेश पर की गई कार्रवाई,कूटरचित दस्तावेजों के सहारे ब्लॉक प्रमुख बनने का आरोप





पंडरी कृपाल ब्लॉक प्रमुख प्रियंका गौतम, प्रतिनिधि बिट्टू सिंह।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोंडा।** देहात कोतवाली में न्यायालय के आदेश पर पंडरीकृपाल की भाजपा ब्लाक प्रमुख प्रियंका गौतम और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव कुमार उर्फ बिट्टू सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 319(2),318(4),338,363(3) 351(3) और 352 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

देहात कोतवाल देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे मामले की जांच उपनिरीक्षक गजेंद्र पांडे को सौंपा गया है। 10 दिन के अंदर पूरे मामले की जांच पूरी कर न्यायालय मे जांच रिपोर्ट प्रेषित किया जाना है। फरवरी कृपाल ब्लॉक के विशुनपुर बैरिया गांव की रहने वाली छोटका ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कूटरचित दस्तावेजों के सहारे प्रियंका गौतम को फर्जी तरीके से ब्लॉक प्रमुख बनने और इसी ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख मौजूदा प्रतिनिधि राजीव कुमार बिट्टू सिंह के ऊपर अवैध रूप से गलत कार्य करके अवैध संपत्ति बनाने का और कोटेदारों से जबरदस्ती गल्ला लेने सहित अन्य कई गंभीर आरोप भी लगाया था। शिकायतकर्ता अपने प्रार्थना पत्र के साथ कई दस्तावेज साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए थे जिस पर न्यायालय द्वारा पूरे मामले में मुकदमा दर्ज करके 10 दिन के अंदर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए थे जिसके तहत कोतवाली देहात में पादरी कृपाल की मौजूदा ब्लॉक प्रमुख प्रियंका गौतम और प्रतिनिधि राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के ऊपर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहनता से जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी कोतवाल ने दी।

### गहन जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

वहीं पूरे मामले को लेकर के देहात कोतवाल देवेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि छोटका नाम की महिला ने न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र दिया था न्यायालय के आदेश पर प्रियंका गौतम, राजीव कुमार उर्फ बिट्टू सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। देहात कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज करके पूरे मामले की जांच कर रही है आरोप लगाया गया है की कूटरचित दस्तावेजों के सहारे प्रियंका गौतम ब्लॉक प्रमुख बन गई है और राजीव कुमार उर्फ बिट्टू सिंह द्वारा अवैध संपत्ति बनाने के लिए गलत तरीके से कार्य किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है जांच में जो भी निकाल कर आएगा उसके आधार पर न्यायालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी। अपनाते हुए भारी पुलिस पर तैनात कर दिया है वहीं उपद्रव फैलाने वाले 26 लोगों को पुलिस के द्वारा बहराइच के जिला अस्पताल में मेडिकल करा कर जिला कारागार के लिए भेज दिया गया है।

# ब्लाक को सजाने की तैयारियां जोरों पर

## महिलाओं के लिए बना इज्जतघर अभूतपूर्व तालाबंदी का शिकार



हलधरमऊ ब्लाक कार्यालय की पुताई करने में लगा श्रमिक।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कर्नलगंज,गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा के आगामी 18 अक्टूबर के निरीक्षण कार्यक्रम को लेकर हलधरमऊ ब्लाक पर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। करीब 64 वर्ष बाद पुराने हलधरमऊ ब्लाक भवन में स्टील की फ्रेमिंग करके फाइबर सीट लगवाकर सजाया संवारा जा रहा है। ब्लाक भवन के अन्दर रंग रोगन किया जा चुका है।

ब्लाक के सामने के पार्क की घासें छिलवाकर साफ सफाई कराई जा रही है। जानकर बताते हैं कि हलधरमऊ विकास खण्ड की स्थापना करीब सन् 1960 में की गई। उसी समय विकास खण्ड मुख्यालय के भवन का निर्माण कराया गया। उसी समय से इस भवन में हलधरमऊ ब्लाक मुख्यालय संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के आगामी 18 अक्टूबर के निरीक्षण कार्यक्रम के मद्देनजर स्टील फ्रेमिंग करके फाइबर सीट लगवाकर सजाने संवारने का काम चल रहा है। स्टील फ्रेमिंग फाइबर सीट व कांच की खिड़कियां लगनी शुरू हो गई है। इस तरह से पुरानी दीवाल उसके नीचे ढक दी जायेगी और ब्लाक भवन बाहर से निखरा हुआ नया नवेला लगने लगेगा। करीब तीन दशक में ऐसा पहली बार हो रहा है।

» बीडीओ आवास में बड़ी-बड़ी उगी हुई हैं घास

### चेकिंग के दौरान पुलिस ने लुटेरे को किया गिरफ्तार

**उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के दौरान अजगैन पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। भोर पहर चेकिंग के दौरान एक शातिर लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ है। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही उसके भागे हुए साथी की तलाश में पुलिस टीम जुटी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर अजगैज कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह पुलिस टीम के साथ मंगलवार के सुबह 4:30 बजे नवाबगंज पक्षी विहार के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो फायर करना शुरू कर दिया। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी फायरिंग की।

# अवैध पटाखों से भरे लोडर को पुलिस ने सील किया, हड़कंप



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** दीपावली पर अवैध पटाखों की सप्लाई रोकने के लिए कानपुर नगर की पुलिस पूरी तरह से सक्रिय गई है, इसी कडी में सक्रिय पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाने की प्रक्रिया भी शुरु कर दी है। शहर के बाहर से आने वाले रास्तों में पुलिस की कडी नजर है।

मंगलवार को वाहन चेकिंग के दौरान अवैध पटाखों से भरे एक लोडर को कोहना पुलिस ने पकड़ लिया। भारी मात्रा में पकड़े गये अवैध पटाखों को सील कर दिया गया। इसके साथ आरोपित चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है। एडीसीपी मध्य महेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि दीपावली के त्योहार को देखते हुए अवैध पटाखों को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत कोहना पुलिस ने चेकिंग के दौरान गंगा बैराज के पास एक लोडर को पकड़ लिया और उसमें अवैध पटाखे लदे हुए थे। चालक उन्नाव निवासी आरिफ से जब दस्तावेज मांगे गये तो वह नहीं दिखा पाया। पूछताछ में पता चला कि बिना बिल और पेपर के यह लाखों रुपयों कीमत के पटाखे पुराना नवाबगंज जा रहा था।

» जांच में पता चला लोडर नवाबगंज जा रहा था

### नारद मोह, विश्व मोहनी स्वयंवर लीला का हुआ मंचन, दर्शक मुग्ध



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**नवाबगंज गोंडा ।** मंगलवार को श्री अवध रामलीला समिति कटरा शिवदयालगंज के बैनर तले आयोजित हो रही 12 दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ फीता काटकर ग्राम प्रधान राघवेंद्र प्रताप सिंह व रामकथा के सरस वक्ता आचार्य भोलानाथ तिवारी ने संयुक्त रूप से किया 1

तत्पश्चात प्रथम पूज्य भगवान गणेश की आरती वंदना अतिथियों के द्वारा हुई 1 उसके बाद नारद मोह , विश्व मोहिनी स्वयंवर लीला का मंचन किया गया कार्यक्रम में राजाशील निधि का अभिनय परमानंद गुप्ता, विष्णु का अभिनय राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, नारद मुनि का अभिनय ओमप्रकाश गुप्ता,अन्य कलाकारों में गौरी शंकर गुप्ता, रजनीश कमलापुरी, गणेश चंद्र गुप्ता , अनूप कुमार पॉपुलर , इंद्रपाल गुप्ता , बसंत लाल गुप्ता आदि की भूमिका सराहनीय रही। इस कार्यक्रम को देखने को दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोगों ने भाग लिया। इस रामलीला में कलाकारों के मंचन ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार गुप्ता ने किया । इसके अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

» 12 दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव का हुआ शुभारंभ

# स्कूल सम्बन्धी निर्माण कार्य समय से हों पूरे : डीएम

## जिलाधिकारी द्वारा की गई बेसिक शिक्षा-जिला टास्क फोर्स की समीक्षा



खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देतीं डीएम नेहा शर्मा।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा।** मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित जिला अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्माण प्रोग्रेस रिपोर्ट, मिड डे मील, विद्यालयों में विद्युतीकरण, बीआरसी की मरम्मत, पीएम श्री के तहत विद्यालयों के निर्माण की प्रगति रिपोर्ट, डीबीटी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के विभिन्न पैरामीटर पर सेचुरेशन और ऑपरेशन कायाकल्प में 19 पैरामीटर पर स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर आदि की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्कूलों के निरीक्षण में जिला टास्क फोर्स और ब्लॉक टास्क फोर्स के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों को निर्धारित निरीक्षण के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कायाकल्प योजना के तहत चाहर दिवारी, शौचालय, पेयजल आदि 19 बिंदुओं पर विद्यालयों का कायाकल्प सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों हेतु सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई निःशुल्क पुस्तकों का शतप्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाय। विद्यालय तक शत प्रतिशत पुस्तक पहुंचाई जाए यदि किसी स्तर पर लापरवाही प्रदर्शित होंगी तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही जरूर की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण भारत मिशन में जितने भी पैरामीटर हैं उनमें से सबसे कम प्रदर्शन करने वाले खंड शिक्षा अधिकारियों की सूची बनाई जाए कि वे किन-किन पैरामीटर में पीछे हैं, तभी स्पष्ट जिम्मेदारी तय हो सकेगी।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए की विद्यालयों के निर्माण को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और संबंधित को हैंडओवर किया जाए। निर्माण के दौरान गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, एडी बेसिक शिक्षा विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त बीडीओ, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी रहे।

**प्रेरक** भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

# देश के वीर सपूत थे मिसाइलमैन डा. एपीजे अब्दुल कलाम : प्रमोद

» कलाम के सिद्धांतों पर चलने की सीख ले युवा : सूरज



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोंडा।** मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन भारत रत्न डॉ ए पी जे कलाम की जंयती पर जिला कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात विचार गोष्ठी आयोजित कर डॉ कलाम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत चर्चा हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने किया।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने एक स्वर में डॉ कलाम को देश का वीर सपूत बताया और कहा की वैज्ञानिक के रुप में रक्षा अनुसंधान क्षेत्र में आप द्वारा किए गए शोधों के दम पर ही आज देश महाशक्ति बना है इसी तरह देश के राष्ट्रपति के रुप में उनका कार्यकाल हमेशा याद किया जाएगा इस अवसर पर प्रवक्ता शिवकुमार दुबे,अल्पशंख्यक अध्यक्ष सगीर खान, उपाध्यक्ष विनय त्रिपाठी रमन महासचिव अरविंद शुक्ला, सभासद शाहिद अली कुरेशी, चांद खान, वाजिद अली , हाजी अब्दुल सईद, बृजेश मिश्र, अबसार अहमद, अविनाश मिश्रा आदि ने मिसाइल मैन डा कलाम को नमन करते हुए अपने विचार व्यक्त किये।

सपा मुखिया अखिलेश यादव व जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन के निर्देश पर सपा जिला कार्यालय पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न,मिसाइल मैन, ए पी जे अब्दुल कलाम की जयन्ती पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कटरा बाजार से पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे ने श्रद्धेय कलाम के जीवन का उलेख किया उन्होंने कहा कि उनके बताए हुए रास्ते पर चलना ही सच्चे भारतीय होने की निसानी है । उन्होंने अपने जीवन मे जिस ईमानदारी के साथ राष्ट्रपति के पद का निर्वहन किया देश आज भी उनके कार्य को सलाम करता है।

समाजवादी पार्टी के सदर विधानसभा प्रत्याशी सूरज सिंह ने कहा की कलाम जी कहते थे की सपने वो नही होते जो हम सोते हुए देखते है सपने वो होते है जो हमे सोने न दे। हम को और आपको उनके सिधांतो पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष फहीम पप्पू ने किया। कार्यक्रम मे विनोद श्रीवास्तव प्रदेश सचिव, जिला अध्यक्ष युवजंन शहान अख्तर, जिला अध्यक्ष अल्प संख्यक अफजल खान, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग संजय साहू, नगर अध्यक्ष मतीन सिद्दीकी, जिला प्रवक्ता जिला सचिव जावेद मंटू, जिला उपाध्यक्ष जय चन्द्र सिंह, मजदूर सभा प्रदेश सचिव सोमनाथ तिवारी, राजेश मिश्रा, विधान सभा अध्यक्ष शिव संपत सिंह, जावेद अली, मेराज अहमद, प्रदेश सचिव, हीरा लाल सागर, अता उर रसूल, इमारन मंसूरी, आजम खान, आशुतोष शुक्ला, लाल साहब सिंह, अभिषेक तिवारी, संजय शर्मा, अकित सम्राट, इरफ़ान, ताहिर सभासद, अजय यादव कार्य लय प्रभारी बृजेश यादव सहित सैकडो पदाधिकारि उपस्थित रहे।

### समस्याओं के निदान के लिए संगठन की मजबूती पर दिया गया जोर

» भारतीय जन कल्याण महासभा की हुई बैठक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सफीपुर उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रैय्यामऊ में बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता कर रहे ग्राम अध्यक्ष सजीवन लाल यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई जिसमें ग्रामीण एवं क्षेत्र से आए कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के बीच समस्याओं को लेकर चर्चा की गई, ग्रामीण क्षेत्र की समस्याएं को सुनकर लखनऊ मंडल अध्यक्ष विमलेश कुमार को अवगत कराया गया।

अध्यक्ष विमलेश कुमार ने सभी पदाधिकारी सफीपुर ब्लॉक अध्यक्ष सहज राम यादव, उपर्युक्त ग्राम पंचायत से ग्राम अध्यक्ष मास्टर सजीवन लाल यादव, जहां पर लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष रमेश यादव एवं लखनऊ मंडल महासचिव, अनिकेत रावत तथा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार तथा उन्नाव जिलाध्यक्ष सुनील चौधरी व जिला सचिव अरविंद शास्त्री, जिला वरिष्ठ प्रवक्ता उदन सिंह, सफीपुर तहसील अध्यक्ष रविंद्र कुमार विभिन्न पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वर्तमान समय में चल रहे। हर विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ' एवं पर्यावरण शिक्षा, बिजली ? पानी इत्यादि बातों को लेकर संगठन के पदाधिकारियों ने नजदीकी ग्राम पंचायतों से आए हुए सैकड़ों लोगों के बीच में सभी समस्याओं के निदान हेतु सफलता पूर्ण संगठित रहकर संगठन को मजबूत किया है, बदलाव की नारे की परिभाषा पर चर्चा हुई एवं कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।

## एक नजर

### जयंती पर एपीजे अब्दुल कलाम को याद किया

**हथगाम, फतेहपुर।** आदर्श पब्लिक स्कूल के बच्चों ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हथगाम थानाध्यक्ष वृंदावन राय ने शिरकत कर पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर माल्यार्पण कर बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय में अनुशासन का पालन करने व पुलिस के कार्यक्षेत्रों व कर्तव्यों की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आपकी मित्र है। जब भी किसी को परेशानी में हो तब आप हमारी सहायता ले सकते हैं। महिला पुलिसकर्मी श्वेता व वैशाली ने बच्चों को अच्छे बुरे के बारे में जागरूक करते हुए बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रहने की सलाह दी। बताया कि जिस प्रकार से समाज में साइबर अपराध बढ़ रहा है उस प्रकार से बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रहना चाहिए। बच्चों को अपना मन सिर्फ पढ़ाई पर लगाना चाहिए। जिससे एक दिन वो भी एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महान वैज्ञानिक बन सकें। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने पुलिस के कार्यों की सराहना की। विद्यालय प्रबंधक चंद्र कुमार सिंह गुड्डू ने बच्चों से कहा कि विद्यालय में आने वाले मुख्य अतिथि सिर्फ आपसे मिलने नहीं आते बल्कि वह आपको सुरक्षा व प्रेरणा देने के लिए भी आते हैं। उन्होंने थाना प्रभारी के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा करते हुए बच्चों व समस्त स्टाफ को सफल कार्यक्रम की बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### किशनपुर यमुना पुल दुरुस्त न हुआ तो आंदोलन

**खागा, फतेहपुर।** किशनपुर कस्बा पहुंचे व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने व्यापारियों की बैठक में कहा कि किशनपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल शुक्ल ने जानकारी दी है कि यमुना में आई बाढ़ से पुल क्षतिग्रस्त हुआ था। जो अभी तक ठीक नहीं हुआ है। उन्होने कहा कि यदि जल्द ही पुल दुरुस्त न किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने कहा कि पुल के क्षतिग्रस्त होने से किशनपुर के व्यापारियों पर इसका असर पड़ता है क्योंकि यह पुल दोनों जनपदों के व्यापारियों को व्यापार से जोड़ता है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना भी हो सकती है। अगर आगामी पर्व दीपावली के पहले यह पुल सही नहीं होगा तो फिर व्यापार मंडल आंदोलन के लिए बाध्य होगा। किशनपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ल ने कहा कि किशनपुर के व्यापारियों व नगरवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारी आंदोलित होगा तो उसकी सारी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की होगी। इस मौके पर तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

### किसान दिवस आज

**फतेहपुर।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि चालू माह का किसान दिवस कल (आज) 12 बजे से 02 बजे अपरान्ह तक विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कराया जायेगा। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निदान हेतु बैठक में उपस्थित अधिकारियों व विषेशज्ञों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। कृषकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जायेगा।

### ई-रिक्शा पलटा, युवक घायल

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पहुर के समीप अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट जाने से 45 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के पधारा रसूलपुर गांव निवासी स्व0 राम भरोसे का पुत्र राजू सिंह मंगलवार की सुबह ई-रिक्शा में बैठकर चैडगरा किसी काम से आ रहा था। जब वह पहुर गांव के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट जाने से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### प्रधानाध्यापक ने किया शिक्षा को शर्मसार

**हथगाम, फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के टिकरी गांव के कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने नाबालिक लड़की के साथ अश्लील हरकत करते हुए पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने जमकर पीट दिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जानकारी के अनुसार स्कूल से महेज कुछ ही दूरी पर घर में अकेली लड़की देखकर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार घर में दाखिल हो गया। ग्रामीणों को पता चलने पर आक्रोशित ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और प्रधानाध्यापक को पीट दिया। इसकी सूचना पुलिस को भी दी। मौके पर पुलिस ने प्रधानाध्यापक अशोक कुमार को हिरासत में लेते हुए गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है जबकि स्कूल में पढ़ने वाले अध्यापक ही नौनिहाल बच्चियों का शोषण करते पकड़े जा रहे हैं। ऐसे मामले को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार बच्चियों व उनके परिजनों को सुरक्षित महसूस करने में नाकाम क्यों हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर देश को एक नई दिशा देने वाले अध्यापक ही बच्चियों का शोषण कर रहे हैं तो ऐसे में हम अपने बच्चों को किसके भरोसे स्कूल भेजें। घोष थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह त्रिपाठी ने बताया कि अशोक कुमार के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थियों में मौत

**मड़िहान (मिर्जापुर)।** जिले में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह पति के साथ दिन में मायके से आई थी, जिसके बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद भी हुआ था। वहीं घटना के बाद पति मौके से फरार हो गया। जिले के थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी विवाहिता की सोमवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद पति मौके से फरार हो गया।गांव निवासी तौलन की शादी 10 वर्ष पूर्व घोरावल थाना क्षेत्र की रेखा (30) के साथ शादी हुई थी। तौलन अपने ससुराल से पत्नी की विदाई कराकर सोमवार को घर आया था। बताया जा रहा है कि घर पहुंचने के बाद किसी बात को लेकर दंपती के बीच विवाद हुआ था।

### राम वन गमन पर रोई अयोध्या, दर्शक भाव-विभोर

**फतेहपुर।** मलवां ब्लाक के रेवाड़ी बुजुर्ग गांव में नव युवक जागरण रामलीला कमेटी के तत्वाधान में 23 वर्षों से चली आ रही लीला का आयोजन शुरू हुआ। प्रथम दिन मुख्य अतिथि मलवां ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमनजीत सिंह ने भगवान राम व लखन की आरती कर लीला का शुभारंभ किया। रामलीला में कलाकारों ने राम वनगमन की लीला का मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। राम को वन जाते देखकर दशरथ के साथ मानों पूरी अयोध्या नगरी रो पड़ी हो। लीला में दिखाया गया कि चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ ने चारों पुत्रों के विवाह के पश्चात राम के राज्याभिषेक की घोषणा कर दी। मंथरा के भड़काने पर कैकई ने भरत को राज दिलाने एवं राम को 14 वर्ष का वनवास का वचन राजा दशरथ से मांग लिया। इसके बाद राम, सीता व लक्ष्मण के वन गमन के लिए रवाना होने, अयोध्यावासियों द्वारा रोके जाने और केवट संवाद की लीला का भावपूर्ण मंचन देख दर्शकों की आंखे नम हो गईं। लीला मंचन में प्रमुख रूप से प्रशांत पाण्डेय, अजीत कुमार सैनी, रवि मिश्रा, महेश सोनकर, विद्याप्रकाश अग्निहोत्री, पीयूष, ऋतिक शुक्ला, अंकित अग्निहोत्री सहित कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# ठगी पीड़ितों ने जुलूस निकाल कलेक्ट्रेट में काटा हंगामा

## डीएम को ज्ञापन सौंपकर भुगतान कराए जाने की उठाई मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** डेढ़ माह से अधिक समय से नहर कालोनी स्थित धरना स्थल पर अनशन पर बैठे ठगी पीड़ति जमाकर्ता परिवार के लोगों का सब्र का बांध धीरे-धीरे टूट रहा है।

मंगलवार को ठगी पीड़तिों ने जुलूस निकालकर जमकर नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को एक पत्र सौंपकर भुगतान कराए जाने की आवाज उठाई।



जुलूस निकालकर नारेबाजी करते ठगी पीड़ित।

ठगी पीड़ति जमाकर्ता परिवार के बैनर तले निवेशक नहर कालोनी प्रांगण से जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ-साथ बैनर भी लिए थे। बड्स एक्ट कानून लागू किए जाने सहित ठगी पीड़तिों का भुगतान कराए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में जमकर हंगामा किया तत्पश्चात जिलाधिकारी को नौ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर मांग किया कि कलेक्ट्रेट कार्यालय में बड्स एक्ट 2019 के तहत भुगतान पटल खोलने व पट्टिका लगाए जाने, समझौता का लिखित निर्देश दिए जाने, जमाकर्ता के निवेश की रिसीविंग, पुलिस प्रशासन द्वारा अभिकर्ताओं का उत्पीड़न रोकने व उन्हें सुरक्षा दिए जाने, पूर्व में भुगतान के आवेदनों में हुई कार्रवाई का ब्यौरा उपलब्ध कराए जाने, धरना स्थल पर बिजली पानी साफ सफाई की व्यवस्था व मेडिकल टीम द्वारा धरना दे रहे लोगों की स्वास्थ्य की जांच एवं प्रतिदिन धरना स्थल से ज्ञापन लेने वाले अधिकारी की नियुक्ति की मांग किया। साथ ही कम्पनियों के विरुद्ध मुकदमों को बड्स एक्ट में बदलने व जनपद में अवैध निवेश कम्पनियों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की गई। इस मौके पर सूरजदीन विश्वकर्मा, अम्बिका प्रसाद, दीपक कुमार सेनी, नरेन्द्र कुमार, राम प्रकाश, गंगा प्रसाद, विजय पाल, अलीशेर, सरफराज अली, दिलशाद अहमद, अवधेश कुमार विश्वकर्मा, जगमोहन, श्याम बाबू पाल, सतीश कुमार विश्वकर्मा, लवकेश कुमार, राम प्यारे प्रभाकर, होरीलाल, आशा देवी, राम औतार भी मौजूद रहे।

### बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के धोबहा देवघटा गांव में सोमवार कि शाम बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पांच फिट के गड्ढे में गिरने से बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों की सुचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 के ईएमटी संतोष भारतीया व पायलट अरुण कुमार ने घायलो को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद तीनों कि हालत गंभीर देखकर मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। मौके पर पहुचे घायलों के परिजनों ने उपचार के लिये लेकर चले गये हलिया थाना क्षेत्र के देवघटा धुरिहा गांव निवासी 28 वर्षीय विशाल उर्फ टिंकू बाइक से अपने साथी देवघटा गांव निवासी 26 वर्षीय वीरेंद्र व रिश्तेदार प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के गोबरी गांव निवासी 25 वर्षीय संतोष के साथ बाइक से कंही जा रहे थे कि जैसे ही लालगंज थाना क्षेत्र के धोबहा देवघटा गांव में पहुचे कि बाइक कि स्पीड तेज होने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गयी। मौके पर पहचे राहगीरों ने इसकी सूचना एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर दिया मौके पर पहुचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी संतोष भारतीया व पायलट अरुण कुमार ने घायलो को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।

# अतिक्रमण हटवाने गयी पुलिस बैरंग लौटी, पुलिस से भिड़े व्यापारी

» सीओ बोले ऐसे लोगों पर होगी कड़ी कार्यवाही

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हरदोई।** त्योहारों के मद्देनजर शांति,सुरक्षा, व अतिक्रमण को लेकर सचेत करने गयी पुलिस की मुख्य चौराहे पर जमकर किरकिरी हो गयी।जब एक स्थानीय दुकानदार ने जिले के एक कद्दावर नेता का नाम लेकर थानाध्यक्ष पर दबाव बनाने का प्रयास किया।जिससे थानाध्यक्ष असहज भी नजर आए।उक्त प्रकरण की जांच कर रहे सीओ अनुज मिश्र ने बताया कि पुलिस से वाद विवाद करने वाले मंजेश गुप्ता आदि के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाएगी है। नगर के सबसे व्यस्त चार प्रमुख मार्गों पर दुकानदारों द्वारा फैलाये गए अतिक्रमण से आम जन अस्त व्यस्त है।इसी मुख्य मार्ग को नगर के 25 लोगों ने अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये पालिका प्रशासन से मांग की थी।

सोमवार की रात थानाध्यक्ष पाली पुलिस बल के साथ मार्ग का जायजा लेने निकले थे।रामलीला चौराहे से पहले थाना तिराहा पर एक जनरल स्टोर का सामान आधे से ज्यादा सड़क पर लगा था। मौके की नजाकत भांपते हुये थानाध्यक्ष को अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा।इसके बावजूद दबंग दुकानदार व अन्य लोग नेताजी की आड़ में पुलिस पर दबाव बनाते रहे।इस बीच मार्ग पर जाम लग गया।पुलिस की किरकिरी होते देख थानाध्यक्ष अतिक्रमण हटाने की बात कहते हुए मौके से खिसक लिए।खास बात तो यह रही कि दबंग दुकानदार ने पुलिस को हड़काते हुए वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया।

**प्रशासन की निष्क्रियता से लगता जाम व होता है अतिक्रमण**

उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद तीन माह से अधिक समय व्यतीत होने के बावजूद नगर के मुख्य मार्ग से अतिक्रमण न हटाया जाना प्रशासन की अकर्मण्यता साबित कर रहा है। नगर निवासी रघुवीर सिंह ने बताया कि नगर के राममोहन वाजपेयी के मकान से कृषि मंडी मार्ग तक गाटा संख्या 30 रकवा 0,6200 हेक्टेयर जो कि चक मार्ग के नाम दर्ज है।उक्त मार्ग पर उक्त लोगों ने दुकानें व्यवसायिक प्रतिष्ठान, मकान व चबूतरा आदि का निर्माण कर सरकारी मार्ग को कब्जा कर रखा है। जिसे अवमुक्त कराने के लिए उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की थी।जो 15 जुलाई को निस्तारित हो गयी।उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उपजिलाधिकारी सवायजपुर ने राजस्व टीम से पैमाइश करा उक्त मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए 3 जुलाई को ईओ को निर्देशित किया था। ईओ ने 8 जुलाई को 23 लोगों को नोटिस जारी कर पांच दिन का समय दिया था। किंतु,तय समय सीमा से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बावजूद भी अतिक्रमण नही हटवाया गया।एक सप्ताह पूर्व भी टीम तैयार हुई थी किन्तु थानाध्यक्ष ने फोर्स न होने का हवाला देकर मामले को टरका दिया जोकि उनके ही गले की फांस बन गयी।

### रेलवे ट्रैक पर अधेड़ का क्षत विक्षत शव मिलने से सनसनी

**चुनार (मिर्जापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के चुनार-जमुई मार्गपर जमुई अंडर पास पुलिया से 200 मीटर दूर पश्चिमी छोरस्थित रेलवेट्रैक पर सोमवार की देर शाम को 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का मिला क्षत-विक्षत शव मिलनेसेसनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची चुनार पुलिस शव का पहचान कराने की कोशिश मेंजुट गई है। पुलिस के अनुसार किसी ट्रेन कि चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई है।

# कॉस्मेटिक की दुकान में लगी आग से आधा दर्जन दुकानें जल कर खाक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना संतनगर अंतर्गत दीपनगर बाजार की आधा दर्जन दुकान अबूझ हाल में लगी आग से जल कर खाक हो गई। सोमवार की रात में किशन अग्रहरी सो गए। रात करीब साढ़े बारह बजे तेज धुंआ उठने के साथ आग की लपट से किशन अग्रहरी की दुकान जलने लगी दुकान में सोया किशन जब बाहर निकलना चाहा तो सिटकनी आगे और पीछे से बंद थी वह बगल के शिवमूरत योगी को फोन किया जिनके द्वारा सिटकनी खोल कर उसे बाहर निकाला। तब तक अगल बगल की दुकानों में भी आग बड़ी तेजी से फैलने लगी उस समय विद्युत सप्लाई बंद थी। दुकानदार दीपनगर विश्वजीत सिंह बंटी से जनरेटर के साथ पानी दिया तथा फायर ब्रिगेड को भी फोन किया। संतनगर थाना प्रभारी अपनी पुलिस फोर्स के साथ गश्त में निकले थे वे भी पहुंच गए।सूचना के डेढ़ घंटे बाद दो दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। तब तक आधा दर्जन दुकानें जल कर खाक हो चुकी थी। जलने वाली दुकानों में अनुपम,किशन अग्रहरी के कास्मेटिक की दुकान,फैज मुहम्मद के दुकान के दो सिलाई मशीन के साथ कपड़ा,आलम के दुकान के जूता चप्पल,मुख्तार आलम की दुकान के टेंट हाउस का सामान,कुर्सी आदिभुआल अग्रहरी के कास्मेटिक की दुकान के साथ अपाचे बाइक,विजेंदर की दुकान के इलेक्ट्रानिक सामान,शिव मूरत मौर्य योगी के बीज की दुकान के सारे सामान जल कर खाक हो गए। आग बुझाने में जहा शिवमूरत मौर्य योगी झुलस गए और रामजी सोनी को सर में किसी चद्दर से चोट आ गई तथा किशन अग्रहरी आग से दहशत जदा होकर सुध बुध खो दिया।



# डीएम ने शुरू की ग्राम्य विकास विभाग में ई फाइलिंग व्यवस्था

## ई फाइलिंग से फाइलों के निस्तारण में तेजी आएगी मंगला प्रसाद सिंह

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हरदोई।** मंगलवार को विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने ग्राम्य विकास विभाग में ई फाइलिंग का शुभारम्भ किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि ई फाइलिंग से फाइलों के निस्तारण में तेजी आएगी एवं लाल फीताशाही पर लगाम लगेगी तथा बैक डेटिंग नहीं हो सकेगी और कार्य में किसी प्रकार के अनावश्यक विलम्ब के लिए जिम्मेदार पर जवाब देही तय करने में सहूलियत होगी।

उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि जल्द ही पंचायती राज विभाग में भी ई फाइलिंग व्यवस्था शुरू की जाये।पहली ई फ़ाइल जिला अर्थ एवं संख्या विभाग की चलायी गयी। इस फ़ाइल का अग्रसारण मुख्य विकास अधिकारी को किया गया। मुख्य विकास अधिकारी की डीएससी को सिस्टम पर रजिस्टर किया गया। सम्पूर्ण तकनीकी प्रक्रिया का संचालन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट को एडिट किया जा सकता है लेकिन अनुमोदन के उपरांत इसे एडिट नहीं किया जा सकता। उक्त व्यवस्था में फ़ाइल को ऑनलाइन ही वापस भेजा जा सकता है। लंबित मामले इनबॉक्स में दिखेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी,जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### धूमधाम से किया प्रतिमा विसर्जन

**नरायनपुर (मिर्जापुर)।** सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति बस स्टैण्ड नरायनपुर की ओर सेस्थापित माँ की प्रतिमा को सोमवार की रातको निर्धारित तालाब मेविसर्जित किया गया। इसके पूर्व नरायनपुर में स्थापित अन्य पांच प्रतिमाएं शनिवार को ही विसर्जित करदी गई थी। विसर्जन के दौरान डीजेकी धुन पर लोग जयकारा लगाते, आतिशबाजी करतेहुए पूरेबाजार का चक्रमण किया। रविवार कोआयोजित डांस प्रतियोगिता मेप्रथम स्थान पवन गुप्ता,द्वितीय स्थान रवि वाराणसी, तृतीय स्थान परी वाराणसी व चतुर्थ स्थान बीके चैलेंजर भोरमार को घोषित कर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण पूर्वप्रधान दिलीप जायसवाल, प्रभाल सिंह व कमलेश यादवनेकिया। इस दौरान रविशंकर गुप्ता, आकाश जायसवाल,आशीष जायसवाल, सुरेन्द्र सिंह, संतोष चैरसिया, अशोक चैरसिया, विष्णुचैरसिया, निशांत सिह, दिनेश यादव, रविशंकर गुप्ता आदि तमाम लोग साथ चल रहे थे।

# अराजकतत्वों ने मन्दिर में घुसकर मां दुर्गा की मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**टड़ियावां, हरदोई।** थाना क्षेत्र के अहिरोरी गांव स्थित प्राचीन पंथवारी देवी के मातारानी मंदिर में लगी मां दुर्गा की मूर्ति को अराजकतत्वों ने बीती तोड़ दिया। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

मंगलवार को टड़ियावां थाना क्षेत्र के अहिरोरी निवासी पिंटू गुप्ता पुत्र मेवालाल द्वारा थानें पर सूचना दी गई कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अहिरोरी में स्थित पंथवारी देवी मन्दिर में मां दुर्गा माता की मूर्ति को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीती रात (क्षतिग्रस्त) तोड़ दिया गया है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक टड़ियावां अशोक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों से पूछताछ की, तथा मामले की जानकारी होते ही सीओ हरियावाँ संतोष सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस को अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। वहीं, अहिरोरी निवासी पिंटू की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।



# जितेन्द्र बने आदर्श अधिवक्ता संगठन के महामंत्री प्रत्याशी

» क्षत्रिय अधिवक्ता बंधुओं की बैठक में हुई घोषणा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर गहमागहमी का माहौल चल रहा है। अधिवक्ताओं के अलग-अलग संगठनों की ओर से सभी पदों पर अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा की जा रही है। मंगलवार को क्षत्रिय अधिवक्ता बंधुओं की बैठक में जितेन्द्र सिंह गौतम को आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से महामंत्री पद का प्रत्याशी घोषित किया गया। सभी ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया।

बैठक के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार सिंह ने प्रत्याशी की घोषणा की। उन्होने बताया कि इससे पहले आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से गया प्रसाद दुबे को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया गया था। अब महामंत्री/सचिव पद के प्रत्याशी अध्यक्ष के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। प्रत्याशी घोषित होने पर नरोत्तम सिंह, सुरेन्द्र प्रताप सिंह गौतम, जगदीश सिंह उर्फ जालिम सिंह, प्रमोद सिंह चैहान, अजय सिंह गौतम, आशीष गौड़, हितेन्द्र बहादुर सिंह, धनराज सिंह, इन्द्र कुमार सिंह, देवेन्द्र सिंह गौतम, रमेश सिंह भदौरिया, केके सिंह चैहान, अमर सिंह गौतम, रामराज भदौरिया, ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, अजीत सिंह राठौर, रामकरन सिंह परिहार, अभय प्रताप सिंह, सुरेन्द्र सिंह भदौरिया, अमर सिंह रैना ने घोषित प्रत्याशी जितेन्द्र सिंह गौतम का फूल-मालाओं से स्वागत किया और प्रसन्नता जाहिर की।

# दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में विरोधियों को बचा रहे विवेचक : वेदिका

## न्याय के लिए दर-दर भटकने के बावजूद नहीं हो रही उचित कार्रवाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** एक ओर जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिला सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति अभियान चला रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जिले की पुलिस ही इस मिशन को दागदार कर रही है। ससुरालीजनों की प्रताड़ना से क्षुब्ध एक महिला का कहना रहा कि उसका दहेज उत्पीड़न का मुकदमा चल रहा है।

जिसमें विवेचना अधिकारी विपक्षियों से मिलकर धाराओं को हटाने का काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं उसका तरह-तरह से उत्पीड़न किया जा रहा है। पति का परिवार की ही एक महिला से अवैध संबंध है। जिसके चलते वह उसके साथ मारपीट करते थे। न्याय के लिए वह लगातार अधिकारियों की चैखट पर चक्कर लगा रही है, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नही हो रही है।



पत्रकारों से बातचीत करती पीड़िता।

हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पड़री निवासी वेदिका शुक्ला पुत्री स्व. श्रीराम शुक्ला ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि उसका विवाह वर्ष 2021 में बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम औसेरी खेड़ा निवासी राहुल शुक्ला के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति व ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने लगे थे।

» पति का परिवार की ही महिला से अवैध संबंध, मारपीट कर किया उत्पीड़न

पीड़ति ने आरोप लगाया कि उसके पति का परिवार की ही एक महिला से अवैध संबंध है। जिसको लेकर आए दिन उसके साथ मारपीट की जाती थी। कई बार तो उसे जलाकर मारने का भी प्रयास किया गया। जिससे आजिज आकर उसने बकेवर थाने में मु.सं. 0086 धारा-154 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत भा.द.सं. 1860 धारा 498 ए, 323, 504, 506, 377 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 धारा 3/4 पंजीकृत करवाया था। जिसकी विवेचना मुसाफा चैकी के उपनिरीक्षक राकेश चन्द्र शर्मा कर रहे हैं। पीड़ति ने यह भी आरोप लगाया कि विवेचक ससुरालीजनों से मिले हुए हैं। उसने कई बार अपना पक्ष रखने के लिए विवेचक से संपर्क किया लेकिन उन्होने मोबाइल तक उठाना मुनासिब नहीं समझा।

विवेचक ने मुकदमें की कुछ धाराओं को हटा दिया साथ ही अपनी विवेचना से छह लोगों को बचा लिया। विवेचक उसके मुकदमे को कमजोर करने में लगे हुए हैं। ऐसे में उसे समुचित न्याय मिल पाना असंभव है। पीड़ति ने बताया कि उसने डीजीपी सहित कई उच्चाधिकारियों के यहां शिकायती पत्र भी भेजे लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। जिससे ससुरालीजन उस पर दबाव बना रहे हैं। पीड़ति ने डीएम व एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए मुकदमें में विवेचक को बदलने व समुचित न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

### कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार घायल

**ड्रमंडगंज (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रतेह गांव मेंमंगलवार सुबह नौ बजेके करीब कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप सेघायल हो गया। क्षेत्र के खुटहा गांव निवासी 25 वर्षीय श्रवणकुमार केशरी महोगढ़ी गांव हनुमान मंदिर पर दर्शन करने के लिए जा रहा था। जैसेही हलिया ड्रमंडगंज मार्गस्थित रतेह गांव पेट्रोलपंप पर पहुंचा। ड्रमंडगंज की ओर से तेज गति सेआए कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप सेघायल हो गया। बाइक सवार के सिर और पैर में गंभीर चोटें आ गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनआनन-फानन में निजी साधन से प्रयागराज लेकर चलेगए। वहीं कार चालक घटना के बाद कार छोड़कर मौके से भाग निकला। घटना की जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया।

**श्रद्धांजलि** मिसाइल मैन डा. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन पर डाला प्रकाश

# सपाईयों ने पूर्व राष्ट्रपति की जयंती मनाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन के नाम से विख्यात डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। सपाईयों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह यादव ने कहा कि डा. एपीजे अब्दुल कमाल ने भारत को पृथ्वी व अग्नि जैसी समृद्धशाली मिसाइल देकर देश को गौरवान्वित किया है। जिससे विश्व में भारत का नाम अग्रणी पंक्ति में शामिल हुआ। ऐसे महापुरूष को नमन करते हुए उनके बताए गए रास्ते पर चलने के लिए हम सभी समाजवादी साथी संकल्पबद्ध हैं। संचालन जिला महासचिव चैधरी मंजर यार ने किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र यादव, अरूणेश पाण्डेय, सुरिजपाल रावत, पूर्व ब्लाक प्रमुख रीता प्रजापति, नन्द किशोर पाल, अय्यूब खान, संदीप माली, अकील अहमद, कामता प्रसाद, कपिल यादव, इब्राहीम खान, बृजेन्द्र यादव, रिंकू यादव, शेरा यादव, राम बहादुर यादव, जगजीवन विश्वकर्मा, अजय चैधरी भी मौजूद रहे।



# सपा ने मनाई भारतरत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी ने भारत के 11 वें राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम की जयन्ती पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी ने कहा कि 15 अक्तूबर को डॉ. अब्दुल कलाम के जन्मदिन को छात्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है। छात्रों और शिक्षा के प्रति डॉ. कलाम के प्रयासों के कारण ही उन्हें सम्मान देने के लिए इस दिन विश्व छात्र दिवस भी मनाते हैं। कहा कि कलाम साहब दुनियाभर में मिसाइल मैन के नाम से भी मशहूर हैं। रामेश्वरम में जन्मे कलाम बचपन में पायलट बनना चाहते थे लेकिन पारिवारिक कारणों से यह संभव न हो पाया। कलाम साहब ने वैज्ञानिक बनने की ठानी। डॉ कलाम एक ऐसे वैज्ञानिक बने जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का नाम रौशन किया। मिसाइल प्रोग्राम में भारत के अग्रणी देशों में शामिल होने के पीछे उनका बड़ा योगदान रहा। जन्मदिन मनाने वालो में मुन्नी यादव, राजेश भारती, संतोष गोयल, सुभाष पटेल, झल्लू यादव, अरशद अली, मेवालाल प्रजापति, भरतलाल बिन्द, भोलानाथ यादव, धनन्जय सिंह, विजय प्रजापति, अर्जुन यादव, सत्यप्रकाश यादव, राजकुमार यादव, अहमद नवाज, विरेन्द्र यादव, दीपक मौर्या, सूरज यादव, रवि सोनकर आदि मौजूद रहे।



### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**मड़हिान (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के राजपुर गांव मेंसोमवार की रात संदिग्ध हाल मेंविवाहिता 32 वर्षीया रेखा की मौत हो गई। मृतिका की पुत्री नेअपनेही पिता पर मां को मारनेका आरोप लगाया है। मृतका के पिता बड़े लाल नेपुलिस को तहरीर देकर दामाद तौलन और उसके दोस्त पर बेटी के हत्या करनेका आरोप लगाया है। उधर पत्नी की मौत के बाद सेपति तौलन घर सेफरार हो गया है। तहरीर मिलनेके बाद मौके पर पहुंची पुलिस नेशव को पोस्टमार्टम के लिए भेंज मामलेकी जांच पड़तालमेंजुटी गई है। घटना के बारेमेंमृतका के पिता नेबताया कि घटना सेएक दिन पहलेबेटी रेखा, दामाद तौलन और उसका एकदोस्त तीनों एक ही बाइक सेससुराल शिवद्वार, सोनभद्र गए थे। ससुराल मेंही बेटी दामाद के बीच किसी बात को लेकर अनबन होगई। कुछ देर बाद तीनों एक ही बाइक सेशिवद्वार सेअपनेघर राजापुर के लिए निकले।

## एक नजर

### स्वीटी छाबड़ा का गाना 'बनारस की पान' रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री स्वीटी छाबड़ा का नया गाना बनारस की पान रिलीज हो गया है। स्वीटी छाबड़ा ने बॉलीवुड अभिनेत्री रेखा की याद दिला दी हैं। रेखा की याद दिलाने वाला स्वीटी छाबड़ा की मनमोहक अदाकारी में गाना 'बनारस की पान' रिलीज किया गया है।इस गाने को स्वीटी छाबड़ा एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने में वीडियो में स्वीटी छाबड़ा हरे रंग की कढ़ाई किया हुआ अनारकली पोशाक पहने, सिर से पाँव तक गहनों से सजी धजी नजर आ रही हैं। स्वीटी छाबड़ा प्रोडक्शंस प्रस्तुत बनारस की पाान की मेकिंग स्वीटी छाबड़ा के स्टूडियो द्वारा की गई है। इस गाने को सोनी सरगम ने गाया है। गीतकार अमर बिदेशी एवं संगीतकार शीबू देब हैं। म्यूजिक डेवलपमेंट संजय लालटन एंड सरगम टीम पटना ने किया है। डीओपी चितरंजन ढाल, कोरियोग्राफर अश्विन मास्टर, आर्ट डायरेक्टर राम विश्वकर्मा, एडिटर एवं डीआई साहिल बाबू हैं। स्वीटी छाबड़ा ने कहा, मुझे बनारस की पान गाने पर काम करने में बहुत मज़ा आया। बनारस की पान एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट है, और मुझे खुशी है कि दर्शक इसे इतना प्यार दे रहे हैं। ये गाना मेरे फैंस के लिए मेरी तरफ से एक तोहफा है, और जिस तरह से इसे लोग पसंद कर रहे हैं, उससे मैं बहुत उत्साहित हूं।

### परमसुंदरी में नजर आएगी सिद्धार्थ मल्होत्रा-जान्हवी कपूर की जोड़ी!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री जान्हवी कपूर की जोड़ी रोमांटिक–कॉमेडी फिल्म परमसुंदरी में नजर आ सकती है। बॉलीवुड में चर्चा है कि मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन ,सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर को लेकर रोमांटिक–कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा करेंगे। इस फिल्म का अस्थायी नाम 'परम सुंदरी' रखा गया है। दिनेश विजान ने सिद्धार्थ–जाह्नवी के साथ एक एक्शन थ्रिलर प्लान की थी, जिसके लिए उन्होंने तुषार को साइन किया था। हालांकि वक्त के साथ दिनेश–सिद्धार्थ को लगा कि जिस स्क्रिप्ट पर वो काम कर रहे हैं, उसमें बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म करने का बहुत कम दम है। दर्शकों अलग तरह की फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं, जिस कारण उन्होंने एक नई स्क्रिप्ट का चुनाव किया है।

### शेयर बाजार गिरकर हुआ बंद, सेंसेक्स 152 अंक टूटा

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 को शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। कारोबार के आखिर में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 152 ।93 अंक की गिरावट के साथ 81,820 ।12 अंक पर पहुंच गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 70 ।60 अंक फिसलकर 25,057 ।35 अंक पर बंद हुआ। सोमवार 14 अक्टूबर 2024 को सेंसेक्स 591 ।69 अंक उछलकर 81,973 ।05 अंक और निफ्टी 163 ।70 अंक की बढ़त के साथ 25,127 ।95 अंक पर बंद हुए थे। शेयर बाजार के कारोबार के आखिर में बीएसई सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से 21 के शेयर टूट गए। इसमें सबसे अधिक नुकसान बजाज फाइनेंस को हुआ। इसका शेयर 2 ।73% गिरकर 7013 ।10 रुपये पर बंद हुआ। इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, सनफार्मा, टीसीएस, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड, लार्सन एंड टूबो, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिर गए। वहीं, जिन कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, उनमें आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अदाणी पोर्ट्स, नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन, आईटीसी और टाइटन शामिल हैं। एशियाई बाजारों ने मिलेजुले रुख के साथ कारोबार किया। एशिया के प्रमुख बाजारों में जापान के निक्केई 225 और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, हांगकांग के हैंगसेंग और चीन के शंघाई कंपोजिट में गिरावट दर्ज की गई। यूरोपीय बाजार भी कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे हैं, जबकि अमेरिकी बाजारों में बढ़त बना हुआ है। वैश्विक तेल बाजार में ब्रेंट क्रूड 4 ।79 फीसदी गिरकर 73 ।75 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।

### पाकिस्तान क्रिकेट की हालत पर बोले वसीम अकरम



**कराची।** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल आ गया है। टेस्ट टीम से बाबर आजम और शाहीन अफरीदी जैसे खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है, जिसके बाद फैन्स और पूर्व क्रिकेटरों को इस फैसले को लेकर कमेंट किए। किसी को यह फैसला सही लगा तो किसी को यह फैसला बिल्कुल बकवास लगा है। वहीं, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने पाकिस्तान क्रिकेट के वर्तमान सिचुएशन को लेकर अपनी राय दी और कहा कि, पाकिस्तान क्रिकेट में जो उथल–पुथल हो रही है, इसका बाबर और शाहीन के फॉर्म से कोई लेना देना नहीं है। पूर्व इंग्लिश कप्तान ने सीधे तौर पर माना है कि पाकिस्तानी क्रिकेट को पीछे से चलाने वाले इसका सबसे बड़े कसूरवार हैं। नासिर हुसैन ने बात करते हुए पाकिस्तान क्रिकेट को लेकर कमेंट किया और कहा, मुद्दा बाबर आज़म, शाहीन अफ़रीदी या नसीम शाह का नहीं है।। मुद्दा पर्दे के पीछे पाकिस्तान क्रिकेट के संचालन का है।₹ वहीं पाकिस्तान के पूर्व कप्तान के बयान पर वसीम अकरम ने भी रिएक्ट किया है। वसीम अकरम ने रिएक्ट करते हुए नासिर हुसैन की बातों पर सहमती जताई है। वसीम ने कमेंट करते हुए लिखा, ₹मुझे लगता है कि नासिर हुसैन और माइकल अर्थटन कुछ सही बातें कह रहे हैं।₹ वसीम अकरम का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और फैन्स इसपर रिएक्ट भी कर रहे हैं।

# भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट में बारिश के आसार

## बेंगलुरु में मुकाबले के पांचों दिन बारिश की आशंका, भारत का ट्रेनिंग सेशन रद्द



एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 टेस्ट की सीरीज के पहले मुकाबले में बारिश विलेन बन सकती है। मंगलवार को बेंगलुरु में बारिश के कारण टीम इंडिया का ट्रेनिंग सेशन रद्द कर दिया गया। मौसम की वेबसाइट एक्यूवेदर के अनुसार, बेंगलुरु में बुधवार 16 अक्टूबर से अगले 5 दिन बारिश का अनुमान है। इनमें से चार दिन बारिश की आशंका 40% या इससे ज्यादा है।

सबसे अच्छे ड्रेनेज सिस्टम में से एक बेंगलुरु बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम का ड्रेनेज सिस्टम दुनिया के सबसे अच्छे ड्रेनेज सिस्टम में शामिल है। यहां सब-एयर ड्रेनेज सिस्टम लगा है, जो आम तौर पर गोल्फ कोर्स में लगा होता है। बारिश रुकने के बाद रिमोट कंट्रोल सिस्टम से पानी को ग्राउंड से बाहर कर दिया जाता है।

10 हजार लीटर से भी ज्यादा पानी कुछ ही मिनट के अंदर ग्राउंड से बाहर हो जाता है। बारिश आने पर यहां पिच और बॉलिंग एरिया समेत पूरे ग्राउंड को कवर्स से ढका जाता है। टीम इंडिया ने एक दिन पहले प्रैक्टिस की टीम इंडिया ने सोमवार 14 अक्टूबर को प्री-मैच प्रैक्टिस की थी। यहां विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन, ऋषभ पंत और केएल राहुल सहित कई खिलाड़ी मैदान पर पसीना बहाते नजर आए। कोहली ने नेट्स बॉलर्स को टिप्स भी दी। उन्होंने एक फैन को अपने ऑटोग्राफ वाला बैट गिफ्ट किया। कानपुर टेस्ट भी बरिश से प्रभावित रहा टीम इंडिया का पिछला टेस्ट मैच भी बारिश से प्रभावित रहा। कानपुर में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले के शुरुआती 3 दिन में बारिश बाधा बनी रही। इसके बावजूद टीम इंडिया ने आखिरी 2 दिन में मैच जीत लिया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले टेस्ट के सभी 5 दिन भारी बारिश की उम्मीद जताई गई है। मौसम पोर्टल अगले 5 दिनों के लिए घने बादल छाए रहने और लगातार बारिश की भविष्यवाणी कर रहे हैं। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज भारत अपनी स्थिति और अधिक मजबूत करना चाहता है और इसके लिए सीरीज जीतना जरूरी है। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ निराशाजनक हार के बाद इस सीरीज में वापसी करना चाहेगी।



### बेंगलुरु का मौसम पूर्वानुमान

16 अक्टूबर : बारिश की संभावना – 41 प्रतिशत
17 अक्टूबर : बारिश की संभावना – 40 प्रतिशत
18 अक्टूबर : बारिश की संभावना – 67 प्रतिशत
19 अक्टूबर : बारिश की संभावना – 25 प्रतिशत
20 अक्टूबर : बारिश की संभावना – 40 प्रतिशत

## अनफिट शमी को ऑस्ट्रेलिया नहीं ले जा सकते : रोहित शर्मा

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा नहीं होंगे। भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाज की फिटनेस पर बड़ा अपडेट दिया है। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले बेंगलुरु में कहा कि वे चोटिल शमी को ऑस्ट्रेलिया नहीं ले जा सकते हैं। 37 साल के भारतीय कप्तान ने शमी की फिटनेस पर पूछे गए सवाल पर कहा- 'ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए शमी को लेकर फैसला करना मुश्किल है। उनके घुटनों में सूजन है, जिसके कारण वे थोड़ा पिछड़ गए हैं और उन्हें दोबारा शुरू करना होगा। वे NCA में हैं। हम उस शमी को ऑस्ट्रेलिया नहीं ले जाना चाहते, जो पूरी तरह से तैयार नहीं हो। देखते हैं क्या होता है।' भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा, जिसे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के नाम से भी जाना जाता है, 22 नवंबर से शुरू हो रहा है। टीम इंडिया को इस बार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। मोहम्मद शमी पिछले साल भारत की मेजबानी में आयोजित वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दौरान चोटिल हुए थे। उन्होंने आखिरी इंटरनेशनल मैच अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। यह वर्ल्ड कप कप फाइनल मुकाबला था। वे इंडिया की ओर से 64 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। शमी के नाम 229 टेस्ट विकेट हैं।



## रिलायंस इंडस्ट्रीज के तिमाही नतीजे में 16,563 करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज (RIL) ने सितंबर तिमाही के नतीजे घोषित किया,जिसमें कंपनी का नेट प्रॉफिट तिमाही आधार पर 9.4% बढ़कर 16,563 करोड़ रुपए तक पहुंच गया. पिछली तिमाही में यह 15,138 करोड़ रुपए था, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में 17,394 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था. इस प्रकार साल-दर-साल आधार पर कंपनी के मुनाफे में 5% की गिरावट आई है, लेकिन तिमाही आधार पर इसमें वृद्धि देखने को मिली है. रिलायंस इंडस्ट्रीज के ऑयल एंड गैस बिजनेस की EBITDA (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और अमोर्टाइजेशन से पहले की आय) ग्रोथ साल-दर-साल 11% बढ़ी है।

फिस्कल ईयर 2025 की दूसरी तिमाही में यह बढ़कर 5,290 करोड़ रुपए हो गई, जबकि पिछले साल की इसी तिमाही में यह 4,766 करोड़ रुपए थी. EBITDA मार्जिन में भी सुधार हुआ और यह 85% तक पहुंच गया, जो पिछले साल की इसी तिमाही में 72% था. कंपनी के ऑयल-टू-केमिकल (O2C) सेगमेंट के रेवेन्यू में तेजी आई है. रिलायंस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, घरेलू बिक्री बढ़ने से प्रोडक्शन वॉल्यूम में भी वृद्धि हुई है. मोबाइल सर्विस के चार्ज बढ़ने से डिजिटल सर्विस डिविजन का रेवेन्यू भी बढ़ा है. हालांकि, गैस प्राइस रियलाइजेशन घटने से ऑयल एंड गैस सेगमेंट में गिरावट आई है, जिससे कंपनी की कुल वृद्धि पर असर पड़ा और रेवेन्यू में 6% की कमी दर्ज की गई।



## पूजा हेगड़े ने श्रीलंका में मनाया जन्मदिन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने श्रीलंका में अपना जन्मदिन मनाया है। पूजा हेगड़े का जन्मदिन 13 अक्टूबर को था। वह अपने खास दिन को यादगार बनाने के लिए, अपने व्यस्त शूटिंग शेड्यूल से एक अच्छी छुट्टी लेकर श्रीलंका गयी थी, जहां उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया।पूजा हेगड़े ने अपने प्रशंसकों को अपने जन्मदिन के जश्न की एक झलक दिखाई है।

पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। पूजा हेगड़े ने श्रीलंका के याला में अपने जन्मदिन का आनंद लेते देखा जा सकता है।

पूजा ने कैप्शन में लिखा,जंगल में जन्मदिन। सभी प्यार, संदेशों और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद... जितना हो सके उतने लोगों को जवाब देने की कोशिश करूंगी... अभी के लिए, मैं बस पूरी तरह से अभी रहने की कोशिश कर रही हूं। आपसे प्यार करती हूं। वर्ष 2025 पूजा हेगड़े के लिये महत्वपूर्ण वर्ष है।वह फिल्म देवा में शाहिद कपूर और सूर्या 44 में सूर्या के साथ नजर आयेंगी। इसके अलावा पूजा हेगड़े, अभिनेता थलपति विजय के साथ थलपति 69 में भी नजर आयेंगी।

## अमिताभ ने केबीसी के प्रशांत को मेडिकल मदद देने का वादा किया



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति(केबीसी) 16 के प्रतियोगी प्रशांत प्रमोद जामदाड़े को मेडिकल मदद देने का वादा किया है। केबीसी के आने वाले एपिसोड में, महाराष्ट्र के सांगली के निवासी प्रशांत प्रमोद जामदाड़े हॉटसीट पर बैठेंगे। बचपन से ही प्रशांत को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, क्योंकि उनकी पीठ पर एक गांठ है जिसकी सर्जरी किया जाना ज़रूरी है। दुर्भाग्य से, सर्जरी के दौरान, उनकी कुछ नसें पर असर पड़ा, जिस कारण से उन्हें अपने पैरों को चलाने में दिक्कत होने लगी। वह अपने हालात के लिए उचित इलाज करवाना चाहते हैं, लेकिन उनके परिवार की सीमित आय के कारण ऐसा करना मुश्किल है। अमिताभ बच्चन को उनकी परेशानी के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। उन्होंने हॉटसीट पर बैठने में गर्मजोशी से प्रशांत की मदद की, और उन्हें वह मदद दी जिसकी उन्हें ज़रूरत है। जब उनसे पूछा गया कि वह जीती गई धनराशि से क्या हासिल करना चाहते हैं, तो प्रशांत ने बताया कि वह अपनी विकलांगता का उचित इलाज करवाना चाहते हैं। फिर अमिताभ बच्चन ने पूछा कि क्या प्रशांत ने अपनी स्थिति के बारे में किसी डॉक्टर से सलाह ली है। इस पर प्रशांत ने जवाब दिया, सांगली में अच्छे अस्पताल नहीं हैं।जवाब में, अमिताभ ने आश्वासन देते हुए कहा, "मुंबई में कई बेहतरीन अस्पताल हैं जो नसों का इलाज करने में माहिर हैं। मैं आपकी मदद करने की पूरी कोशिश करूंगा। कृपया मेरे साथ अपनी समस्या से संबंधित जानकारी शेयर करें, और मैं आपकी ओर से मुंबई के अस्पतालों से संपर्क करूंगा। कौन बनेगा करोड़पति सीज़न 16 का प्रसारण सोमवार-शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर होता है।

## कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 3' के टाइटल ट्रैक का टीजर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 के टाइटल ट्रैक का टीजर रिलीज कर दिया गया है। भूषण कुमार के नेतृत्व में टी-सीरीज़, इस दीवाली के लिए पिटबुल और दिलजीत दोसांझ के साथ भुल भुलैया 3 का टाइटल ट्रैक बना रही है। इस ट्रैक का मकसद बॉलीवुड की एनर्जी को इंटरनेशनल बीट्स के साथ मिलाना है, और इसमें कुछ बड़े म्यूजिकल लेजेंड की लाइनअप भी शामिल है। कार्तिक आर्यन टाइटल ट्रैक में लीड कर रहे हैं। साउंडट्रैक तनिष्क बागची द्वारा बनाया गया है, जो अपने पॉपुलर रीमेक के लिए जाने जाते हैं। ओरिजनल म्यूजिक प्रीतम द्वारा बनाया गया है, जिनकी धुनों ने भूल भुलैया फ्रैंचाइज़ को पॉपुलर बना दिया है। पिटबुल, दिलजीत दोसांझ और 'भूल भुलैया सीरीज के स्टार नीरज श्रीधर की पावरहाउस तिकड़ी कल्चर और बीट्स का एक शानदार मेल लेकर आई है। फिल्म भुल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी नज़र आएंगी। इस फिल्म को अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है और भूषण कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। भूल भुलैया 3 इस दीवाली यानी 1 नवंबर को अपने ग्रैंड रिलीज में लिए तैयार है।



## विद्या बालन के साथ केबीसी में पहुंचे कार्तिक आर्यन

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन, अभिनेत्री विद्या बालन के साथ सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन के क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के मंच पर पहुंचे। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म 'भूल भुलैया 3' में कार्तिक आर्यन, रूह बाबा और विद्या बालन, मंजुलिका की भूमिका में नजर आएंगी। 01 नवंबर को प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म को प्रमोट करने के लिए कार्तिक और विद्या 'कौन बनेगा करोड़पति 16' पहुंचे। कार्तिक आर्यन ने इंस्टाग्राम पर विद्या बालन और अमिताभ बच्चन के साथ 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के सेट से एक फोटो पोस्ट की। कार्तिक आर्यन ने कैप्शन में लिखा, 'रूह बाबा, मंजुलिका और भूतनाथ।'

## 26 अक्टूबर से शुरू होगा इंडियन आइडल सीजन 15

सिंगिग रियालिटी शो इंडियन आइडल सीजन 15, 26 अक्टूबर से सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर शुरू होगा। इंडियन आइडल जल्द ही सोनी टीवी पर अपना 15वां सीजन शुरू करने के लिए तैयार है। इस सीजन को लोकप्रिय गायक–रैपर बादशाह, पार्श्वगायिका श्रेया घोषाल और पार्श्वगायक विशाल ददलानी जज करेगे। सोनी चैनल ने इंडियन आइडल सीजन 15 का एक नया प्रोमो शेयर किया है। प्रोमो में सोनी चैनल ने बताया है कि इंडियन आइडल सीजन 15 , 26 अक्टूबर से शुरू होगा। यह शो शनिवार–रविवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर प्रसारित होगा।

## आमिर खान की होगी सिल्वर स्क्रीन पर वापसी

### रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म का होंगे हिस्सा




आमिर खान अपनी अगली फिल्म को लेकर एक बार फिर से चर्चा में हैं। कहा जा रहा है कि एक्टर जिस अगली फिल्म की चर्चा कर रहे हैं वो एक सुपरहीरो फिल्म हो सकतीस है। इसके अलावा उनकी पिछली फिल्म 'गजनी 2' को लेकर भी बातें हो रही हैं।

आमिर खान जहां साल 2025 में 'सितारे ज़मीन पर' को लेकर चर्चा में हैं, वहीं खबर है कि अपनी अपकमिंग फिल्मों के लिए वो कई फिल्म निर्माताओं से बात कर रहे हैं। आमिर खान अपनी फिल्म 'अंदाज़ अपना अपना' के निर्देशक राजकुमार संतोषी के साथ एक कॉमिक कैपर पर विचार विमर्श कर रहे हैं। इसे फिलहाल 'चार दिन की ज़िंदगी' नाम दिया गया है। और अब खबर है कि आमिर खान निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि आमिर खान और लोकेश कनगराज एक सुपरहीरो फिल्म को लेकर चर्चा कर रहे हैं। लोकेश कनगराज और आमिर खान पिछले कुछ महीनों में कई बार मिल चुके हैं और अपनी इस फिल्म को लेकर बातचीत कर रहे हैं। मीटिंग के दौरान दोनों ने अपने-अपने कमिटमेंट्स के बारे में खुलकर बात की। सूत्र ने बताया है, 'आमिर सितारे ज़मीन पर फिल्म में व्यस्त हैं और इसके बाद वे राजकुमार संतोषी, जोया अख़्तर या अविनाश अरुण में से किसी एक के साथ 2025 में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।' वहीं लोकेश इस समय कुली की शूटिंग कर रहे हैं और फिर 2025 में 'कैथी 2' की शूटिंग शुरू करेंगे।

बता दें कि आमिर खान का भी 'कुली' में कैमियो है। वहीं अगर आमिर को स्क्रिप्ट पसंद आती है तो सुपरहीरो फिल्म साल 2026 में फ्लोर पर आ सकती है। यह प्लान अभी शुरुआती चरण में है और लोकेश भी आमिर खान के साथ चीजों को अगले लेवल पर ले जाने के लिए तैयार हैं। आमिर खान अपनी पिछली फिल्म 'गजनी' के सीक्वल को लेकर भी इस वक्त खबरों में बने हुए हैं। आमिर खान 'गजनी 2' की भी प्लानिंग कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अपनी इस अगली फिल्म के लिए वो साउथ के फिल्ममेकर अल्लू अरविंद के साथ बातचीत कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने अल्लू अरविंद और मधु मंटेना से कहा कि वो 'गजनी 2' के लिए एक असरदार सब्जेक्ट ढूंढें। कहा जा रहा है कि मधु मंटेना अपनी टीम के साथ अब इस फिल्म के आइडिया पर काम कर रहे हैं।

## एक नजर

### एएनएम कर्मियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**अमेठी।** जिले के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात म कर्मियों ने शासन के निर्देश पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की विरोध में सीएमओ कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी के अधीक्षक डॉ आलोक तिवारी को एएनएम कर्मचारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ज्ञापन सौंपा है। एएनएम कर्मियों का कहना है कि अगर हमारी उपस्थित ऑनलाइन बंद नहीं की गई ,तो हम लोग सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष मीनाक्षी सिंह और मंत्री गायत्री सिंह के साथ बड़ी संख्या में एएनएम कर्मचारी मौजूद रहे।

### सपा कार्यालय पर मनाई गई जयंती



**गौरीगंज।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी के कार्यालय में पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। प्रमुख नेताओं ने डॉ. कलाम के योगदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की। राम उदित यादव ने कहा कि डा कलाम ने गरीबी में रहकर पढ़ाई की और अपनी मेहनत और संकल्प शक्ति के बल पर देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित किया।शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में उनकी राष्ट्र सेवाएं हमेशा अविस्मरणीय रहेंगी। इस मौके पर चन्द्र शेखर यादव, अजय तिवारी, शमशाद यान, सूबेदार यादव , पंकज शुक्ला , सी.पी. यादव बहरैची गुप्ता, महेन्द्र यादव, मोनू, शैलेन्द्र दूबे, मनीष, अनिल, अमित, रिजवान, दीपू आदि मौजूद रहे ।

### कर्ज से डूबे व्यक्ति ने गढ़ी लूट की झूठी कहानी

**तिलोई।** मोहनगंज कोतवाली अन्तर्गत 200बेड के निर्माणाधीन अस्पताल के पास सोमवार को हुई कथित लूट की घटना में पुलिस का खुलासा चौंकाने वाला है। पुलिस की जांच में लूट की घटना झूठी मिली है। पुलिस को अपने साथ 3 .35लाख रु लूट की सूचना देने वाले व्यक्ति ने लोन और कर्ज से भुगतान से बचने के लिए झूठी कहानी गढ़ी थी। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने मंगलवार को घटना का खुलासा किया। सोमवार को पुलिस को बाइक सवार तीन युवकों द्वारा एक व्यक्ति का रास्ता रोककर झोले में रखे तीन लाख पैंतीस हजार रुपए लूट की सूचना मिली थी। सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन और घटना स्थल के निरीक्षण और सभी तथ्यों की जांच के बाद घटना प्रमाणित नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि सूचना कर्ता कन्हैया यादव द्वारा झूठी घटना प्लांट की गई थी। कन्हैया ने पूछताछ के दौरान इसे स्वीकार भी किया है। कन्हैया यादव का कहना है कि उसके ऊपर काफी लोन और कर्ज है।लोन लौटा नहीं पा रहा है।लोन और कर्ज के भुगतान से बचने की लिए उसने स्वयं के साथ लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी।

### मार्तण्ड अलंकरण से सम्मानित हुए प्रदीप पांथ



**मुसाफिरखाना।** प्रयागराज के हिंदुस्तानी एकेडमी की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में जगदीश साहित्य संस्थान द्वारा शिक्षक, कवि व साहित्यकार प्रदीप पांथ को साहित्य क्षेत्र में उनके योगदान के लिए साहित्य मार्तण्ड अलंकरण से सम्मानित किया। 14 अक्टूबर को प्रयागराज के हिंदुस्तानी एकेडमी में जगदीश साहित्य संस्थान द्वारा हौसले की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें पुस्तक विमोचन, कवि दरबार व सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से कवि व साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया था। अमेठी जनपद से मुसाफिरखाना के प्रदीप पांथ को भी आमंत्रण मिला था। प्रयागराज में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में अन्य मूर्धन्य कलमकारों के साथ ही प्रदीप पांथ को भी साहित्य मार्तण्ड अलंकरण से सम्मानित किया गया।

### एसडीएम से अवैध कब्जे की शिकायत

**अमेठी।** मंगलवार को विकासखंड भेंटुआ की ग्राम पंचायत थौरा गांव की एक महिला ने तहसील पहुंचकर गांव के दो व्यक्तियों पर घूर–गड्ढे की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की है। एसडीएम ने अवैध कब्जे को हटवाने भरोसा दिया है। थौरा निवासी निर्मला ने बताया कि गांव के ही दो व्यक्ति घूर गड्ढे की जमीन अवैध कब्जा किए हुए हैं। कुछ भी बोलने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। पिछले कई वर्षों से उसका घूर लगा हुआ है। 15 दिन पहले मेरे ससुर का निधन हो गया। इसके बाद से यह लोग मुझे काफी परेशान कर रहे हैं। प्रशासन से अवैध कब्जे को हटाने की मांग की है।

### व्यापारियों का शोषण नहीं होने देंगे : अतुल

**गौरीगंज।** मंगलवार को खाद बीज , दवा विक्रेताओं की समस्याओं के निदान को गठित ऑल इंडिया एग्रो इनपुट एसोसिएशन अमेठी के प्रथम अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति के रूप में विधायक राकेश प्रताप सिंह शामिल हुए। अध्यक्ष के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी का अमेठी आगमन पर स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी ने व्यापारी का शोषण नहीं होने पाएगा ये आश्वासन दिया । सुरेश वर्मा प्रांतीय मंत्री कन्नौज ने ऑनलाइन व्यापार को कृषि क्षेत्र शासन से तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की। जिला बांदा, फतेहपुर ,बाराबंकी, अंबेडकर नगर, रायबरेली ,महोबा प्रयागराज आदि जनपदों के जिला अध्यक्षों ने व्यापारियों को संबोधित किया। जिला कृषि अधिकार निदेशक सत्येंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार ,कृषि रक्षा अधिकारी हरिओम मिश्रा ने सम्मानित करने के लिए व्यापारियों का आभार जताया जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला ने सभी अतिथियों और व्यापारियों के सम्मेलन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया । जिला महामंत्री शैलेंद्र जायसवाल, जिला संगठन मंत्री अशोक मौर्य व गौरव सिंह, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शमीम, और उपाध्यक्ष भोला सिंह,राम किंकर तिवारी , मो असद अली, शिवराम कौशल, संतोष अग्रहरि, जफर भाई, रामराज जायसवाल, पुनीत जी आदि उपस्थित रहे। संरक्षक उमाशंकर शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# सीआरपीएफ जवान की मौत, शोक

## सैनिक सम्मान के साथ पैतृक गांव महसों में हुआ अंतिम संस्कार, उमड़ी भीड़

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** कोतवाली अंतर्गत महसों गांव के निवासी और छत्तीसगढ़ के सुकमा में तैनात सी आरपीएफ के एक जवान की ड्यूटी के दौरान बीमारी से मौत हो गई। बीती रात जवान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा। मंगलवार को पूरे सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में प्रशासन के लोगों के साथ अनुराग प्रजापति और अरुण प्रजापति अंतिम संस्कार में शामिल हुए।



अंतिम संस्कार के लिए शव ले जाते सीआरपीएफ जवान व मौजूद भीड़।

» छत्तीसगढ़ के सुकुमा जिले में तैनात था जवान

» पिता की चुकी है मौत पत्नी पर आया परिवार का बोझ

महसो निवासी उमाकांत यादव पुत्र स्व गया प्रसाद यादव सीआरपीएफ में छत्तीसगढ़ के सुकमा में सिपाही के पद पर तैनात थे। बीमारी के चलते उनका ड्यूटी के दौरान ही सुकमा में निधन हो गया । साथी जवान उनके पार्थिव शरीर को लेकर बीती रात गांव पहुंचे। गांव में सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के पहले सीआरपीएफ त्रिशुंडी के जवानों ने उन्हें सलामी दी। विधायक प्रतिनिधि अनुराग प्रजापति के साथ अरुण प्रजापति शहीद के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। अंतिम संस्कार के समय आसपास के पंचायत प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जवान उमाकांत यादव वर्ष 2011 में सीआरपीएफ में भर्ती हुआ था मौजूदा समय में छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में तैनात था। अपने माता-पिता की एक लौती संतान थे। माता पिता की मौत पहले हो चुकी है। पत्नी रेखा यादव बगल के गांव भुसहरी के प्राथमिक विद्यालय से सहायक अध्यापक है। सी आरपीएफ के जवान की असामयिक मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरा परिवार टूट चुका है। सुहाग छिनने के ग़म में पत्नी बेसुध है। बड़ा बेटा वेदांश उर्फ डुग्गू (07)और बेटी तानिया (03) के अनाथ होने की चिंता से पूरा गांव शोक में डूबा हुआ है। उधर गांव क्षेत्र के लोग भी समाचार मिलते ही अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े।

## ट्रक ड्राइवर के पिता ने जताई हत्या की आशंका, तालाब में मिली लाश



**सुल्तानपुर।** थाना जयसिंहपुर अंतर्गत गोपी का पुरवा गांव में मंगलवार को ट्रक ड्राइवर का संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में शव मिलने से हड़कंप मच गया मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताई है पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम में भेज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के गोपी का पुरवा की है मृतक गिट्टी लादकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाता था। सोमवार को माल उतार कर घर लौटा और बरौंसा बाजार में पेट्रोल पंप पर गाड़ी खड़ी कर जहां शाम को लगभग सात बजे खाना पीना खाकर वह घर से निकला तो दोबारा घर नहीं लौटा, काफी समय बीत जाने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन कहीं कुछ आता पता नहीं चला मंगलवार सुबह घर से डेढ़ सौ कदम की दूरी पर स्थित तालाब में उसका शव पानी में उतरता हुआ पाया गया ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी तो पुलिस को भी जानकारी भी मिली इसी बीच धीरे–धीरे बात फैलती चली गई और तालाब पर काफी भीड़ जमा होती चली गई सूचना मिलते ही कोतवाल जयसिंहपुर अनिरुद्ध सिंह व चौकी इंचार्ज बरौंसा मौके पर पहुंचे शव को तालाब से बाहर निकलवाया गया पिता ने अज्ञात पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस में तहरीर दी है पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है सीओ जयसिंहपुर रमेश ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जब से उसको मिल गई राजनीति में जगह...

## प्रकाश पर्व पर बेलखरी में हुआ कवि सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** प्रकाश पर्व के अवसर पर सोमवार की देर शाम बेलखरी में कवि सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। फर्रुखाबाद से आए कवि हेमंत सिंह राजपूत ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को सम्बोधित किया। कवि सम्मेलन के पहले बेलखरी गांव के छात्र छात्राओं ने संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के बचपन और, छात्र जीवन की घटनाओं पर आधारित सुंदर नाटक प्रदर्शित करते हुए लोगों को विपरीत परिस्थितियों में भी बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देने का संदेश दिया। नाटक के सभी दृश्य अंग्रेजी के शिक्षक कवि राम चंद्र सरस की ओर से तैयार किए गए थे।



प्रतिभा सम्मान मिलने के बाद मंच पर बैठे प्रतिभागी।

» बाबा साहब डॉ अम्बेडकर दुनिया में भारत की पहचान

मुख्य अतिथि हेमंत सिंह राजपूत के साथ वरिष्ठ कवि बृजलाल सम्भल, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, वरिष्ठ शिक्षक राम चंद्र, राजेश अकेला और आर एस चक्रवर्ती ने कार्यक्रम का भीमारम्भ किया। कार्यक्रम के संरक्षक रिटायर्ड रेल कर्मी गया प्रसाद,आयोजक श्याम लाल ने कवियों का सम्मान किया। रामचंद्र सरस ने भगवान बुद्ध और संविधान को समर्पित रचना प्रस्तुत की। कवि सागर बंधु ने रचना पढ़ी -दुनिया को मिले रहवर।

## नगर की साफ–सफाई व्यवस्था की जाएगी चुस्त–दुरुस्त : अध्यक्ष

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को और चाक चौबन्द करने के लिए पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज, सभासदगण व पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में 01 अदद् जे०सी०बी० (4X4), 01 अदद् डबल बैरल फॉगिंग मशीन एवं 25 अदद् मानव चालित रिक्शा कूड़ा गाड़ी का विधिवत लोकार्पण किया गया।



» जेसीबी मशीन, फागिंग मशीन 25 रिक्शा कूड़ा गाड़ी मिली

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान में चल रहे दुर्गापूजा मेला एवं आने वाले दीपावली छठ पर्व के दृष्टिगत पालिका द्वारा नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को और चुस्त दुरूस्त करने के लिए नई जेसीबी एवं नगर के सभी पचीसों वार्डों में प्रत्येक वार्ड को एक-एक अदद् मानव चालित रिक्शा कूड़ा गाड़ी प्रदान की गयी है। जिससे कूड़ा उठान की व्यवस्था को ठीक किया गया है। सभासद मंगरू प्रजापति, अरविन्द यादव, अजय सिंह, अरशद हबीब, दिनेश चौरसिया, अफजल अंसारी, अरूण कुमार तिवारी, आरिफ अंसारी, देवानन्द, गिरीश मिश्र, सन्दीप गुप्ता, विजय कुमार रहे।

## पोषाहार उत्पादन व वितरण का डीएम ने जाना हाल

**गौरीगंज।** मंगलवार को जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित टेक होम राशन इकाई में पोषाहार उत्पादन व वितरण को लेकर अधिकारियों तथा समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर सभी इकाइयों पर उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए।

जिसमें आस्था प्रेरणा लघु उद्योग जगदीशपुर, जागृति माइक्रो इंटरप्राइजेज गौरीगंज, संगम प्रेरणा माइक्रो एंटरप्राइजेज शुकुल बाजार तथा माइक्रो एंटरप्राइजेज द्वारा पोषाहार उत्पादन किया जा रहा है। 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए आटा बेसन हलवा, 3 वर्ष से 6 माह तक के बच्चों के लिए आटा बेसन बर्फी प्रीमिक्स, दलिया मूंग दाल खिचड़ी, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए आटा बेसन बर्फी प्रीमिक्स, दलिया मूंग दाल खिचड़ी दी जाती है।

# भस्मासुर को भस्म करने को विष्णु ने धरा नारी का रूप

## भस्मासुर के भस्म हो जाते ही तालियों के गड़गड़ाहट एवं जयकारों से गूंजा पंडाल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बल्दीराय,सुलतानपुर।** तहसील क्षेत्र बल्दीराय अंतर्गत श्री नव दुर्गा पूजा समिति तिरहुत बाज़ार के तत्वावधान में आयोजित नाटक प्रतिदिन सक्षम कलाकारों द्वारा नाटक का मंचन किया जा रहा है।

भस्मासुर के भस्म हो जाते ही तालियों के गणग़ड़ाहट एवं जयकारो से पूरा प्रागण गूंजायमान हो गया। भगवान भोलेनाथ की घोर तपस्या से जिसके सर पर हाथ रख दे वहीं भस्म हो जाएगा का वरदान पाकर भस्मासुर पूरे ब्रह्माण्ड में भीषण अत्याचार फैला दिया।



भस्मासुर व विष्णु भगवान का मंचन करते कलाकार।

तीनों लोक त्राहिमाम त्राहिमाम करने लगे। यहां तक कि भगवान शिव भी भस्मासुर के अत्याचार से तीनो लोको को बचाने के लिए भगवान विष्णू जी अर्जी लगानी पड़ी तब भगवान विष्णु ने नारी का रूप रखकर भस्मासुर को अपने मायाजाल में फंसा लिया नारी के मोह में भस्मासुर यह भूल गया कि जब वह किसी के सर पर हाथ रखेगा तो वह भस्म हो जाएगा लेकिन भगवान ने स्वंय नारी का रूप धारण करके भस्मासुर को ठुमके लगाने पर मजबूर कर दिया जैसे ही वह ठुमके लगाकर अपना हाथ अपने सर पर रखा वैसे ही भस्मासुर वही भस्म हो गया जिससे भस्मासुर का विनाश हो गया।इस अवसर पर नाटक कमेटी के शिवराम,दिनेश,रामलाल,मोतीलाल,गंगा राम,रामदरस अंकित कुमार थे।

### 51 फीट ऊंचा पंडाल

**सुल्तानपुर।** आपको बताते चलेंगे सुल्तानपुर के अहिमाने बाजार में चर्चित मां गायत्री माता पूजा समिति ने दर्शकों का किया चकित 51 फुट लंबे पंडाल को देखने के लिए जुटी हजारों की भीड़ 35 साल से लगातार अपने सजावट और मां के सिंगार को देखने के लिए आते हैं। श्री गायत्री माता पूजा समिति के अध्यक्ष वीरेंदर फौजी, व मुन्ना कैटर्स अहिमाने, नन्हे तिवारी, आदि अहिमाने बाजार के वरिष्ठ लोगों की उपस्थिति में मां गायत्री पूजा समिति को आगे बढ़ने का कार्य किया जा रहा है।

## बहराइच : खराब हुई कानून व्यवस्था पर बसपा ने उठाए सवाल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रामगंज/अमेठी।** दुर्गा पूजा के दौरान बहराइच में खराब हुई कानून व्यवस्था और दंगे जैसी घटनाओं पर बहुजन समाज पार्टी ने सवाल उठाए हैं। बसपा ने प्रदेश में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने और कानून व्यवस्था पर नियंत्रण को सरकार से कारगर कदम उठाने की मांग की है।

बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह खराब है। मुख्यमंत्री की सभी कोशिशें अपराध रोकने और जनता को सुरक्षित जीवन देने के मामले में बेकार साबित हो रही हैं। उत्तर प्रदेश की जनता बहन मायावती जी के शासनकाल की याद कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष रहे जिया लाल त्यागी ने कहा कि शासन सख्ती से चलता है, कानून की नजर में सब बराबर होने चाहिए।

» सरकार दुर्गा पूजन कार्यक्रम भी सफल नहीं करा पा रही

# सरकार के विरोध में सड़क पर उतरीं एएनएम

## आनलाइन हाजरी लगाने के फैसले को वापस लेने की मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लम्भुआ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेदो पर तैनात एएनएम द्वारा ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते हुऐ मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ में पहुंचकर आक्रोश जताया विकासखंड क्षेत्र के स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर तैनात करीब लगभग दो दर्जन से अधिक एएनएम ने ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।



सीएचसी पर प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपती एएनएम।

» नेटवर्क की समस्या आने से हो रही परेशानी

ऑनलाइन हाजिरी पर अपनी कड़ी आपत्ति जताई तथा ऑनलाइन हाजिरी के विरोध मे मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र अधीक्षक डॉक्टर अनिल सिंह को सौपा दीपशिखा श्रीवास्तव समेत दो दर्जन से अधिक ए एनएम आदि ने बताया कि शासन द्वारा केंद्र पर निर्धारित समय पर फोटो खींच कर पोर्टल पर अपलोड करना तथा समय पर ऐसा करने से विभिन्न प्रकार की तकनीकी बाधाऐ उत्पन्न होने के कारण यह अव्यावहारिक है अधिकांश सेंटर ग्रामीण आंचल दूर दराज के क्षेत्र में स्थापित है जहां पर नेटवर्क के कारण ऑनलाइन हाजिरी कर पाना संभव नहीं हो सकेगा उनका कहना है कि यह सरकार का फैसला मनमाना है। इस कारण दिक्कत है। इस अवसर पर मौजूद सुजीत यादव,नीतू निषाद, रेहाना बेगम, नीरज वर्मा, वीरांगना निगम, माधुरी कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

### संकुल बैठकों में हुई निपुण भारत मिशन की समीक्षा

**अमेठी/भादर।** मंगलवार को जिले की सभी न्याय पंचायतों में शिक्षक संकुल बैठकें आयोजित की गई। बैठकों में निपुण भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा के बाद एक महीने की कार्ययोजना तैयार की गई। बच्चों की नियमित उपस्थिति,ड्राप आउट बच्चों को स्कूल लाने के साथ इको क्लब के गठन पर जोर दिया गया।

माह अक्टूबर की शिक्षक संकुल बैठक कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में आयोजित की गयी। बैठक का संचालन नोडल शिक्षक संकुल देवांशु सिंह ने किया। इस बार प्राथमिक व जूनियर के शिक्षकों की बैठक अलग अलग एजेण्डे पर आयोजित की गयी। बैठक में फाइव प्वाइंट टूल किट, निपुण एसेसमेंट टेस्ट नेशनल एचीवमेंट सर्वे (NAS), इको क्लब गठन, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, खेलकूद प्रतियोगिता और निपुण भारत मिशन पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा की गयी।

## समिति गठन हेतु बैठक की सूचना

समिति गठन हेतु बैठक की सूचना प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि o दपसौरा विकास खण्ड अमौली जिला फतेहपुर की द्वितीय बैठक 17 /10/2024 समय 4 बजे व तृतीय बैठक 20/10/2024 समय 10 बजे गज्झा डेरा प्राथमिक विद्यालय में सम्पन्न होगी।

**बिन्दु प्रसाद** मुख्य प्रवर्तक **रामचन्द्र** बी.डी. सी

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धर्मवीर चौहान पुत्र रामविलास चौहान निवासी ग्राम रमनगरा मजरा देवरिया थाना सदरपुर तह0 महमूदाबाद जिला सीतापुर का निवासी हूं। मेरे पासपोर्ट नंबर H 1489037 बना है जिस पर धर्मवीर पुत्र रामविलास चौहान दर्ज है। वहीं सभी अभिलेखों में धर्मवीर चौहान चल रहा है। भविष्य में धर्मवीर व धर्मवीर चौहान दोनों नाम से जाना व पहचाना जाए।

**-धर्मवीर चौहान पुत्र रामविलास चौहान निवासी ग्राम रमनगरा मजरा देवरिया थाना सदरपुर तह0 महमूदाबाद जिला सीतापुर**

## सूचना

न्यायालय तहसीलदार बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर तारीख पेशी 20/09/2024वाद सं टी 202404680903548 ग्राम बहुरावां परगना इसौली सु.पुरराम प्रताप शुक्ल पुत्र काली दीन,सुखबडेरी सु.पुर बनाम शिव बक्श सिंह पुत्र अवध बिहारी सिंह ग्राम बहुरावां सु.पुर ।वजरिये बैनामा राम प्रताप शुक्ल द्वारा प्रेषित आवेदन में गाटा संख्या 1780/रकबा 0.1660 के दाखिल खारिज की मांग की है हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उक्त के संबंध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना से 30दिन के अन्दर न्यायालय में अपनी आपत्ति पेश करें।

**आज्ञा से न्यायालय तहसीलदार**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का नाम पहले SHUEB AKHTAR ANSARI था जिसे बदल कर प्रार्थी ने अपना नाम SHOEB AKHTAR रख लिया है। प्रार्थी की डीएल,वोटर,आई डी आधार कार्ड पैन कार्ड में सोहेब अख्तर दर्ज है। हाईस्कूल के अंक पत्र में सोहेब अख्तर अंसारी दर्ज था जिसे बदल कर सोहेब अख्तर रख लिया है। अब मुझे SHOEB AKHTAR के नाम से जाना पहचाना जाए।

**-सोहेब अख्तर पुत्र अब्दुर्रहमान निवासी मोहल्ला अलहदाद पुर परगना तहसील पोस्ट टाण्डा थाना आलीगंज जनपद अम्बेडकर नगर।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत ददिउरा विकास खंड भावलखेड़ा जनपद शाहजहांपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-15.10.2024

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत ददिउरा में मनरेगा निधि के तहत वित्तीय बर्ष 2024-2025 में निम्न विवरण के अनुसार कार्य किया जाना है। जिसमें सामग्री आपूर्ति हेतु रजिस्टर्ड फर्मो से टेंडर/कोटेशन आमंत्रित किये जा रहे है। इच्छुक टेंडर दाता निविदा प्रकाशन के दिन दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में सम्पर्क करें। टेंडर 16/10/24 को खोले जायेंगे।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. में) | लम्बाई |
|---|---|---|---|
| 1 | पिंटू के मकान से पक्की रोड़ तक इंटरलॉकिंग निर्माण | 397780 रु. | - |

**नोट-** सभी नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**सोनश्री** ग्राम प्रधान **प्रवीण कुमार** सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत ददिउरा विकास खंड भावलखेड़ा जनपद शाहजहांपुर

**प्रेरणा** विश्व विद्यार्थी दिवस पर डॉ. एपी जे अब्दुल कलाम के शैक्षिक विचारों की उपादेयता विषयक संगोष्ठी

# डॉ. कलाम शिक्षा को मानव की अनिवार्य आवश्यकता मानते थे : शिल्पी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप पी जी कॉलेज के एजुकेशन डिपार्टमेंट में डॉ एपीजे अब्दुल के जन्मदिन जो विश्व विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के शैक्षिक विचारों की उपादेयता रखा गया था। इस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ शिल्पी सिंह ने कहा कि डॉ कलाम का मानना था कि मानवता के अभ्युत्थान के लिए, मानवीयता के संवेदात्मक पल्लवन के लिए तथा स्वात्मा को सर्वात्मा की दिशा दिखाने के लिए समय-समय पर मनीषी अवतरित होते रहते हैं, जो प्रचलित

» परोपकार का पथ उनका अपना पथ बन जाता है

» डा. कलाम ने सामाजिक बुराइयों को बचपन से देखा

संकीर्णताओं की श्रंखला को विछिन्न कर जाति, धर्म, देश, काल आदि की सीमाओं को नकारकर अशेष विश्व के अपने हो जाते है, विराट विश्मात्मा का रूप बन जाते है। प्रत्येक प्राणी की पीड़ा उनके अपने प्राणों का स्वन्दन बन जाती है, परोपकार का पथ उनका अपना पथ बन जाता है तथा अपने देश की उन्नति अपनी उन्नति बन जाती है। डॉ० कलाम जी स्वयं अल्पसंख्यक



समाज में उत्पन्न हुए थे। उन्होंने सामाजिक बुराइयों को बचपन से देखा और महसूस किया कि भारत में आज भी बहुत ज्यादा गरीबी और भुखमरी है। इनके हृदय में यही प्रश्न बार-बार उठता है कि क्या गरीब परिवार में जन्म लेना अभिशाप है। डॉ० कलाम के जीवन की अन्तर्वेदना इस बात से उपजी थी कि भारत में एकात्म दर्शन को विस्तृत कर दिया गया है। उन्होंने भारत को विज्ञान तथा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी देशों की पंक्ति में लाने के लिए अपने जीवन का कार्य क्षेत्र चुना। डॉ० ए०पी० जे० अब्दुल कलाम का महत्व वैज्ञानिक क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान, सामाजिक उत्थान का आहह्नवान एवं सन्देश, ज्ञान की नई अवधारणा एवं उद्धारक के रूप में जाना जाता है। इस प्रकार डॉ० कलाम शिक्षा के क्षेत्र में भारत के प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करना चाहते है तथा भारत को पूर्व काल की भाँति विश्वमंच पर जगदगुरु के रूप में प्रतिष्ठित करना चाहते हैं वो ज्ञान की असीमितता में विश्वास करते हुए कहते है कि पृथ्वी पर मनुष्य ही एकमात्र ज्ञानी बुद्धिमान प्राणी है जो तीन साधनों यथामन, अनुभव और बुद्धि द्वारा जान प्राप्त करता है। डॉ० कलाम शिक्षा को मानव की अनिवार्य आवश्यकता मानते है जो मनुष्य में छिपी हुई सृजनात्मकता को बाहर निकालती है है।

शिक्षा का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जिससे भौतिकता रचनाशीलता नवीनता तथा उधमशीलता का विकास होता है। तथा प्रौधोगिकी आधारित शिक्षण के प्रमुखता दी जाये तथा जो विज्ञान, कला, विधि, साहित्य तथा राजनीति आदि विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी रहे और हमारे महान नेताओं के अनुभवो का बखान करती हो। इस संगोष्ठी में नैना वर्मा, सृष्टि सिंह, नीलाक्षी, शबनम, देवेंद्र तिवारी, जिगर अहमद ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर एजुकेशन डिपार्टमेंट के स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

## एक नजर

### उपराष्ट्रपति गुवाहाटी व शिलांग यात्रा पर जायेंगे



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को मेघालय के न्यू शिलांग में मेघालय कौशल एवं नवाचार केंद्र की आधारशिला रखेंगे और आईटी पार्क का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को यहां बताया कि श्री धनखड़ और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ 16 और 17 अक्टूबर को असम के गुवाहाटी और शिलांग की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति न्यू शिलांग के मावडियांगडियांग में मेघालय कौशल एवं नवाचार केंद्र की आधारशिला रखेंगे।

### 'शेतकरी समृद्धि' विशेष किसान ट्रेन का किया शुभारंभ

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाराष्ट्र के देवलाली से बिहार के दानापुर तक 'शेतकरी समृद्धि' विशेष किसान रेलगाड़ी का मंगलवार को शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र के देवलाली रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया गया तथा रेल मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यहां रेल भवन से जुड़े।

### हिंसा छोड़ने की अपील करेंगे मणिपुर के विधायक

**नयी दिल्ली।** मणिपुर में करीब दो वर्षों से जारी हिंसा की घटनाओं पर रोक लगाने और सामान्य स्थिति की बहाली के लिए राज्य के विधायक लोगों से हिंसा का रास्ता छोड़ने की अपील करेंगे। राज्य में कुकी-ज़ो-हमार, मैतेई और नागा समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायकों के एक समूह ने राज्य के वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को यहां गृह मंत्रालय में एक बैठक की। बैठक में सर्वसम्मति से राज्य के सभी समुदायों के लोगों से हिंसा का रास्ता छोड़ने की अपील करने का निर्णय लिया गया ताकि निर्दोष नागरिकों की कीमती जान न जाए।

### अमृतसर सीमा पर बरामद किया हेक्साकॉप्टर

**जालंधर।** एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सैनिकों ने मंगलवार को अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक बड़ा हेक्साकॉप्टर ड्रोन बरामद किया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि सीमा पर बाड़ के आगे सुबह-सुबह गश्त के दौरान, बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर के फतेहपुर गांव के पास एक कटे हुये खेत में एक संदिग्ध वस्तु पड़ी देखी। करीब से निरीक्षण करने पर वस्तु की पहचान चीन में निर्मित एक बड़े हेक्साकॉप्टर ड्रोन के रूप में हुई।

### पुस्तक मेले में साहित्य अकादमी की भागीदारी

**नयी दिल्ली।** जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में आयोजित हो रहे दुनिया के सबसे बड़े पुस्तक मेले के 75 वें संस्करण में साहित्य अकादमी भी भाग ले रही है। साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने मंगलवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि साहित्य अकादेमी ने विभिन्न भारतीय भाषाओं के लेखकों की कुछ पुस्तकों के कॉपीराइट उपलब्ध कराए हैं जिनमें बाल साहित्य भी शामिल है। यह मेला 16 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होगा।

### सांसद राशिद की जमानत 28 अक्टूबर तक बढ़ी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित तौर पर आतंकी फंडिंग मामले में शामिल जम्मू-कश्मीर से सांसद शेख अब्दुल राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद की अंतरिम जमानत अवधि मंगलवार को 28 अक्टूबर तक बढ़ा दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राशिद की ओर से उनके पिता की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में अनुरोध सुनने के बाद अंतरिम जमानत 28 अक्टूबर तक बढ़ा दी।

### इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, यात्री सुरक्षित

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर मंगलवार अपराह्न एक बजे इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। राहत की बात यह है कि फ्लाइट में सवार सभी 70 यात्री सुरक्षित हैं। यह फ्लाइट एक बजे जगदलपुर से रायपुर के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान के महज 12 मिनट बाद ही खिड़की टूटने के चलते आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट के एक हिस्से की खिड़की टूटने से यह आपात स्थिति उत्पन्न हुई।

### सहरसा से सियालदह के बीच चलेगी नई वंदे भारत ट्रेन

**समस्तीपुर।** रेल मंत्रालय ने कोसी क्षेत्र के यात्रियों को एक बड़ी सौगात देते हुए बिहार में पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल के सहरसा से सियालदह के बीच नई वंदे भारत ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अन्नया स्मृति ने मंगलवार को यहां बताया कि वंदे भारत ट्रेन को चलाने के पहले रेलवे बोर्ड एवं रेल मुख्यालय से ट्रेन मैनेजर और क्रू की ट्रेनिंग कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

### हिमाचल के कुल्लू व मंडी में भूकंप के हल्के झटके

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू व मंडी जिलों में मंगलवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई। मंगलवार दोपहर करीब 12:02 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.3 दर्ज की गई। इस दौरान किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र मंडी जिले में 3.3 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### पटाखों पर पाबंदी लगाने का आदेश सनातन विरोधी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली सरकार की ओर से दीपावली के मौके पर पटाखों पर प्रतिबंध लगाये जाने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधा है और इस कदम को सनातन धर्म के विरुद्ध बताया है।

# भारत-कनाडा के बीच राजनयिक घमासान

## दोनों देशों के बीच रिश्ते फिर बेहद खराब दौर में, भारतीय वर्कर्स और छात्र हुए परेशान

» रिश्ते खराब होने की वजह हरदीप सिंह निज्जर की हत्या

» बनाडा ने निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया है



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद गहराता जा रहा है। खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद शुरू हुआ विवाद बद से बदतर हो रहा है। भारत ने कनाडा के छह राजनयिकों को देश छोड़ने को कहा है। साथ ही साथ कनाडा में मौजूद भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा समेत अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया है। इस तनाव का असर कनाडा में रह रहे भारतीयों पर भी पड़ने वाला है जो अक्सर ही चरमपंथियों के निशाने पर रहे हैं। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के रिश्तों में पहले ही खटास पैदा हो गई थी। हालांकि अब दोनों देशों के संबंध काफी ज्यादा खराब हो चुके हैं। हालात ऐसे हैं कि दोनों देशों ने अपने-अपने राजनयिकों को वापस देश बुला लिया है।

कनाडा में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग रहते हैं। इसमें से बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जो नौकरी की तलाश में कनाडा गए हैं। लाखों की संख्या में लोगों के पास परमानेंट रेजिडेंसी भी है। ठीक इसी तरह से हर साल बड़ी संख्या में भारतीय छात्र भी कनाडा पढ़ने जाते हैं। इस वजह से अब चर्चा इस बात की भी हो रही है कि भारत और कनाडा के बीच जिस तरह से विवाद गहराता जा रहा है, क्या उसका असर वहां रह रहे भारतीयों पर भी पड़ने वाला है। कनाडा में भारतीय प्रवासी दुनिया में सबसे बड़े प्रवासी समूहों में से एक है। यहां भारतीयों की आबादी 16 लाख से ज्यादा है। कनाडा की अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक ताने-बाने में भारतीय समुदाय महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारतीय समुदाय के लोग आईटी प्रोफेशनल्स, प्रोफेसर, बिजनेसमैन के तौर पर कनाडा की अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं। वे हेल्थकेयर, टेक्नोलॉजी से लेकर अकेडमिक सेक्टर में अपना योगदान दे रहे हैं। हालांकि, ताजा विवाद की वजह से एक अनिश्चितता का माहौल पैदा हो गया है। निज्जर हत्याकांड का आरोप भारत पर लगने के बाद से भारतीय वर्कर्स के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। कनाडा ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि भारतीय एजेंट्स ने हत्या को अंजाम दिया। भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है और कनाडा को फटकार लगाई है। हालांकि, अब भारत से कनाडा जाने वाले वर्कर्स को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, जिसमें कड़ी जांच, वीजा जारी होने में देरी और तनावपूर्ण राजनीतिक माहौल की वजह से संभावित नस्लीय भेदभाव शामिल हैं।

कनाडा में अगस्त 2024 तक 4,27,000 भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे थे, जो देश में मौजूद अंतरराष्ट्रीय छात्रों का 41 फीसदी है। राजनयिक तनाव का सबसे ज्यादा असर भारतीय छात्रों पर ही पड़ने वाला है। कनाडा अपनी क्वालिटी एजुकेशन, काम के अवसरों और बेहतरीन इमिग्रेशन पॉलिसी की वजह से भारतीय छात्रों के बीच एक पॉपुलर डेस्टिनेशन रहा है। मगर रिश्ते खराब होने से स्टूडेंट वीजा मिलने, वर्क परमिट हासिल करने और कनाडा में आसानी से रहने को लेकर चिंता का माहौल है।

### विवाद का भारतीय छात्रों पर क्या होगा प्रभाव ?

हालांकि, अभी इस बात की संभावना नहीं है कि वर्तमान हालातों की वजह से छात्रों को लेकर तुरंत पॉलिसी में बदलाव किया जाएगा। मगर लगातार बढ़ रहा तनाव कनाडा में पढ़ने आने वाले भारतीयों की संख्या को कम जरूर करेगा। उदाहरण के लिए पिछले साल जब पहली बार निज्जर हत्याकांड को लेकर रिश्ते खराब हुए तो उस समय भारतीयों के एडमिशन में भी गिरावट आई। अक्टूबर से दिसंबर 2023 तक, भारतीय छात्रों को मिलने वाले स्टडी परमिट में 86% की गिरावट आई, जो 108,940 से 14,910 हो गई।

### आचार संहिता से चंद मिनट पहले दिवाली बोनस का एलान

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बड़ा एलान किया। उन्होंने निचले स्तर के सरकारी कर्मचारियों के लिए दिवाली बोनस की घोषणा की। शिंदे ने कहा कि बीएमसी (बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन) कर्मचारियों को भी 29 हजार रुपये बोनस मिलेगा। खास बात यह है कि इस साल राशि पिछली बार हुई घोषणा की तुलना में तीन हजार रुपये ज्यादा है। सरकार ने यह भी कहा है कि किंडरगार्टन (KG) कक्षा के बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों और आशा वर्कर्स को भी बोनस का लाभ मिलेगा।

गौरतलब है कि इससे पहले राज्य सरकार मदरसा शिक्षकों का वेतन बढ़ाने का एलान भी कर चुकी है। सरकार की आज की घोषणा इसलिए भी अहम है क्योंकि विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। अब किसी भी तरह के सरकारी लाभ वाले एलान पर पाबंदी रहेगी। हालांकि, कुछ अति विशिष्ट परिस्थितियों में निर्वाचन आयोग की मंजूरी के बाद सरकार पैसे जारी कर सकती है। इससे पहले बीते 11 अक्तूबर को राज्य सरकार ने मदरसा शिक्षकों का पारिश्रमिक बढ़ाने का एलान किया।

# चीन ने ताइवान को चौतरफा घेरा, उड़ाए 153 जेट

## ताइपे ने भी की युद्ध की तैयारी, तैनात कर दीं मिसाइलें

**एजेंसी**



**बीजिंग/ताइपे।** चीन की सेना ने ताइवान को समुद्र में चारों तरफ से घेर लिया है। चीनी सेना युद्धाभ्यास कर रही है और ताइवान को डराने के लिए 153 फाइटर जेट उड़ाए हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन की सेना ने फाइटर जेट, ड्रोन, युद्धपोत और कोस्ट गार्ड के युद्धपोतों की मदद से सोमवार को जोरदार अभ्यास किया। चीन के इस कदम की ताइवान ने कड़ी निंदा की है और इसे बिना कारण उकसावे की कार्रवाई करार दिया है। ताइवान ने चीन के किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए अपनी सेना को अलर्ट कर दिया है और एंटी शिप मिसाइलें भी तैनात कर दी हैं।

ताइवान ने बताया कि 25 घंटे में 153 फाइटर जेट ताइवान के आसपास देखे गए हैं। इसमें से 111 फाइटर जेट ने मेडिअन लाइन को पार किया जो दोनों को अलग करती है। चीन इस सीमा रेखा को नहीं मानता है। चीन ने प्रण किया है कि वह युद्ध के लिए तैयार है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है। चीन के कई युद्धपोत और एयरक्राफ्ट कैरियर भी ताइवान को घेरे हुए हैं। चीन का यह कदम ताइवान जलडमरूमध्य में तनावपूर्ण स्थिति को दर्शाता है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह अभ्यास ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के बीजिंग की उन मांगों को मानने से इनकार करने की प्रतिक्रिया है कि ताइवान खुद को कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के तहत चीन के हिस्से के रूप में स्वीकार करे। इन अभ्यासों से चार दिन पहले ताइवान ने अपने राष्ट्रीय दिवस पर अपनी सरकार की स्थापना का जश्न मनाया था जिसमें ताइवान के राष्ट्रपति ने कहा था कि चीन को ताइवान का प्रतिनिधित्व करने का कोई अधिकार नहीं है और उन्होंने 'कब्जे या अतिक्रमण का विरोध' करने की अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा की थी।

### कन्नूर में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने की खुदकुशी

**कन्नूर।** केरल के शहर कन्नूर के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) नवीन बाबू ने मंगलवार को पल्लीकुन्नू स्थित अपने सरकारी आवास पर कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बाबू की मौत के विरोध में विभिन्न राजनीतिक और सरकारी कर्मचारी संगठनों ने कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत कार्यालय तक मार्च निकाला।

केरल के राजस्व मंत्री के राजन ने एडीएम की मौत पर जिला कलेक्टर अरुण के विजयन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि एडीएम का ट्रैक रिकॉर्ड अच्छा है। एडीएम के रिश्तेदारों ने बताया कि वे कन्नूर से पठानमथिट्टा में उनके तबादले के बाद नवीन बाबू को लेने के लिए आज सुबह चेंगन्नूर पहुंचे तो वे मालाबार एक्सप्रेस से चेंगन्नूर रेलवे स्टेशन नहीं पहुंचे।

# कांग्रेस की नैया पार लगाएंगे अशोक गहलोत और पायलट !

**विश्ववार्ता ब्यूरो**





» कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए जिम्मेदारियों का किया बंटवारा

**नई दिल्ली।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस नेतृत्व ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने गहलोत और पायलट को महाराष्ट्र की अलग अलग विधानसभा सीटों पर सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आदेश जारी किए हैं।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत को मुंबई कोंकण विधानसभा सीट का सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है जबकि सचिन पायलट को मराठवाड़ा विधानसभा सीट पर सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। मुंबई और कोणक विधानसभा सीट पर गहलोत के सात डॉ. जी. परमेश्वरा को भी लगाया गया है जबकि मराठवाड़ा सीट पर पायलट के साथ उत्तम कुमार रेड्डी को भी सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है।

# पाकिस्तान में कदम रखते ही जयशंकर ने लगा लिया काला चश्मा



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

» सूट-बूट में देखने लायक था भारतीय विदेश मंत्री का कूल और स्टाइलिश अंदाज

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर अक्सर ही अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में छाए रहते हैं तो उनका कूल और स्टाइलिश अंदाज भी लोगों को पसंद आता है। अब उनका पाकिस्तानी दौरे का लुक सोशल मीडिया पर छाया हुआ है जहां वह पहले नॉर्मल रीडिंग चश्मे में दिखे तो प्लेन से उतरते ही काला चश्मा लगा लिया।

पाकिस्तान में 15 अक्तूबर से शंघाई सहयोग संगठन समिट की शुरुआत हो रही है जिसके लिए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान के इस्लामाबाद पहुंच गए हैं। ये पिछले 9 सालों में भारतीय विदेश मंत्री का पहला पाकिस्तानी दौरा है जिस पर सभी की नजरें बनी हुई हैं। ऐसे में जैसे ही जयशंकर ने पाकिस्तान की धरती पर कदम रखा, उनका काला चश्मा लगाकर कार की ओर बढ़ने का वीडियो वायरल हो गया। दरअसल, वह सूट-बूट पहनकर पाकिस्तान आए और साथ में अपने रीडिंग ग्लासेस लगा रखे थे। लेकिन कार की ओर बढ़ने से पहले उन्होंने अपने इस चश्मे को उतार दिया और बड़े ही स्टाइल से काला चश्मा लगाते दिखे जिसमें हर कोई उनका अंदाज देखता ही रह गया।




**कशमकश** | इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन शिखर की बैठक का आयोजन

# कश्मीर को लेकर दुविधा में फंसे पाक पीएम

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में आज से शंघाई सहयोग संगठन यानि एससीओ की शिखर बैठक होने जा रही है। इस बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर भी हिस्सा लेंगे। शहबाज सरकार ने इस्लामाबाद को जमकर सजा रखा है। इस बीच पाकिस्तान के पीएम कश्मीर को लेकर दुविधा में फंसे हुए हैं। वह भी तब जबकि चीन के पीएम ली किआंग भी इस्लामाबाद में मौजूद हैं। पाकिस्तान इस मौके का फायदा उठाते हुए जयशंकर के सामने खुद और चीन के जरिए कश्मीर का मुद्दा उठा सकता है।

वहीं भारत ने भी साफ संदेश दे दिया है कि अगर शहबाज ने कश्मीर का मुद्दा उठाया तो भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर भी इस्लामाबाद की धरती से ही करारा जवाब देंगे। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर आज पाकिस्तान की यात्रा पर जा रहे हैं। पाकिस्तान शंघाई सहयोग संगठन की मेजबानी कर रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि शहबाज शरीफ भारतीय विदेश मंत्री के सामने कश्मीर का मुद्दा उठा सकते हैं। हालांकि इसको लेकर अभी तक तस्वीर साफ नहीं है।

दरअसल, कश्मीर का मुद्दा उठाकर शहबाज शरीफ की कोशिश रहेगी कि दो फायदे उठाए जाएं। पहला- कश्मीर का मुद्दा उठाकर अपनी जनता को खुश करना चाहते हैं, वहीं दूसरा- पाकिस्तान कश्मीर का मुद्दा उठाकर आयरन ब्रदर चीन को खुश करने की कोशिश कर सकता है। वहीं कई विश्लेषकों का कहना है कि शहबाज शरीफ अपने भाई नवाज की तरह से लाहौर घोषणापत्र के ठीक बाद जैसे कारगिल घुसपैठ की गई थी, उसी तरह से एससीओ के दौरान कश्मीर को उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शहबाज शरीफ कश्मीर को न उठाकर चीन का मोहरा बनने से बच सकते हैं।

हालांकि शहबाज शरीफ का अब तक का रेकॉर्ड खराब रहा है। यही वजह है कि भारत शरीफ परिवार पर भरोसा नहीं कर रहा है। शहबाज जब से पीएम बने हैं तब से उन्होंने कई बार भारत विरोधी बयान दिए हैं। शहबाज शरीफ संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर की तुलना फलस्तीन से की थी। उन्होंने कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन का भी आरोप लगाया था। शहबाज ने मांग की थी कि भारत अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल करे। इससे पहले दिसंबर 2022 में बिलावल भुट्टो ने अपने विदेश मंत्री के कार्यकाल के दौरान पीएम मोदी को 'गुजरात का कसाई' कहा था। भारत ने इसका करारा जवाब दिया था।

बिलावल ने साल 2023 में गोवा में एससीओ सम्मेलन के दौरान कश्मीर को लेकर जहरीला बयान दिया था। बिलावल को भारतीय विदेश मंत्रालय ने करारा जवाब दिया था। विश्लेषकों का कहना है कि पाकिस्तानी सरकार कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए ऐसे बयान देती रहती है। इस बीच भारतीय विदेश मंत्री के दौरे को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में ठन गई है। सत्तारूढ़ शहबाज सरकार के कई मंत्रियों और विपक्षी नेताओं ने घरेलू राजनीतिक फायदे के लिए उनकी यात्रा को सुर्खियों में ला दिया है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसद और खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) के सूचना सलाहकार बैरिस्टर मुहम्मद अली सैफ ने जयशंकर को पीटीआई कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए आमंत्रित किया, जो देश की राजधानी में विरोध रैली कर रहे हैं। सैफ ने कहा, "एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए इस्लामाबाद आने वाले सभी विदेशी प्रतिनिधिमंडल हमारे विरोध को देखकर खुश होंगे और हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रथाओं और ताकत की सराहना करेंगे... हम जयशंकर को हमारे सरकार विरोधी प्रदर्शन को संबोधित करने के लिए भी आमंत्रित करेंगे और वह खुद देखेंगे कि पाकिस्तान का लोकतंत्र कितना मजबूत है।"

जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रोहित बाजपेयी द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- मनोरंजन सिंह*, एसोसिएट एडिटर- मलय समीर शर्मा, उत्तराखंड कार्यालय- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com